जयपुर, मंगलवार
12 अक्टूबर, 2021
मूल्य : 2 रुपए
पृष्ठ : 12
वर्ष : 24 । अंक : 319

जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी



पेज 12
www.mahanagartimes.com
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी
जयपुर, कोटा, दौसा एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

न्यूज ब्रीफ

### बाल विवाह रजिस्ट्रेशन से जुड़े बिल पर सरकार का यू-टर्न



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बाल विवाहों के रजिस्ट्रेशन से जुड़े प्रावधान वाला विवादित बिल गहलोत सरकार वापस लेने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिल वापस लेने के साफ संकेत दे दिए हैं। 17 सितंबर को ही विधानसभा में विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण संशोधन बिल पारित किया गया था, जिसमें बाल विवाहों का भी रजिस्ट्रेशन करने का प्रावधान है। विवाद के बाद इस बिल को फिलहाल राज्यपाल ने रोक रखा है। अब सीएम गहलोत ने इस बिल को राजभवन से वापस मंगवाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए वर्चुअल समारोह में कहा कि राजस्थान में एक कंट्रोवर्सी पैदा हो गई कि बाल विवाहों का रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। विधानसभा में विवाह रजिस्ट्रेशन बिल पारित हुआ है। यह प्रतिष्ठा का सवाल नहीं है। हम विधि विभाग से इसे दिखवा रहे हैं। राज्यपाल से निवेदन है कि विवाह रजिस्ट्रेशन वाला बिल सरकार को वापस भेज दें। हम इसे दिखवा लेंगे, हमने पहले भी इस पर कानूनी राय ली है। आगे कानूनी राय अगर विपरीत आएगी तो हम इसे आगे नहीं बढ़ाएंगे। गहलोत ने कहा कि यह तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला था कि हर शादी का रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी है। मुझे उम्मीद है कि जो कानूनी राय ली जा रही है और आगे भी लेंगे।

### अमिताभ अब नहीं करेंगे पान मसाले का विज्ञापन



**मुंबई (महानगर संवाददाता)।** बिग बी अमिताभ बच्चन ने सोमवार को अपने 79वें बर्थडे पर एक बड़ा फैसला किया है। उन्होंने 'कमला पसंद' पान मसाला के साथ अपना करार खत्म कर दिया है। ऑफिशियल ब्लॉग पर पोस्ट शेयर कर कहा गया है कि कमला पसंद का विज्ञापन प्रसारित होने के कुछ दिन बाद अमिताभ बच्चन ने ब्रांड से संपर्क किया और पिछले सप्ताह इस करार को खत्म करने का फैसला किया था। जब अमिताभ बच्चन इस ब्रांड से जुड़े थे, तब उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि यह सरोगेट विज्ञापन के अंतर्गत आता है। अमिताभ ने अनुबंध खत्म कर प्रमोशन फीस भी लौटा दी है।

### हाईकोर्ट को मिले 5 नए न्यायाधीश, सीजे आज लेंगे शपथ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्र सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर राजस्थान हाईकोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की है। ये न्यायाधीश जल्द ही शपथ लेकर कार्यभार संभालेंगे। वहीं त्रिपुरा हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर राजस्थान हाईकोर्ट के सीजे बने एए कुरैशी को मंगलवार दोपहर 1 बजे राज्यपाल राजभवन में शपथ दिलाएंगे। वहीं केंद्र सरकार ने एक अन्य अधिसूचना जारी कर राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा का पटना हाईकोर्ट में तबादला किया है। वे 1 जनवरी 2022 को पदभार ग्रहण करेंगे। केंद्र सरकार की अधिसूचना के तहत अधिवक्ता कोटे से सुदेश बंसल, फरजंद अली और अनूप ढंड तथा न्यायिक कोटे से विनोद कुमार भारवानी और मदन गोपाल व्यास को हाईकोर्ट जज नियुक्त किया गया है।

डीजल की दरों में बढ़ोत्तरी के कारण कोयला खरीद का भार फ्यूल सरचार्ज के रूप में वसूलने की तैयारी

# बिजली का बिल फिर मारेगा करंट

योगेश सैन

**जयपुर।** बिजलीघरों में कोयले के संकट से बिजली उपभोक्ताओं की जेब भी कटेगी। डीजल की दरों में बढ़ोत्तरी और महंगी दर पर कोयला खरीद का भार फ्यूल सरचार्ज के रूप में वसूला जाएगा।

राजस्थान समेत देश के कई राज्यों में बिजलीघरों में कोयले की कमी से तापीय बिजलीघरों में बिजली उत्पादन घट गया है। बिजली की मांग के अनुसार आपूर्ति बनाए रखने के लिए बिजली कंपनियों को सामान्य से महंगी दर पर कोयला खरीदना पड़ रहा है। साथ ही कोल ब्लॉक्स से जारी रेक को बिजली घरों तक पहुंचाना भी डीजल की दरों में बढ़ोत्तरी से महंगा पड़ रहा है। इससे बिजली कंपनियों का नुकसान बढ़ गया है। इस स्थिति में आने वाले दिनों में बिजली कंपनियां फ्यूल सरचार्ज वसूलने को लेकर बिजली नियामक आयोग में अपील करेंगी और आयोग के निर्णय के अनुसार यह राशि तय होगी। बिजली कंपनियों की याचिका मंजूर हो जाती है तो इस भार की वसूली उपभोक्ताओं से दिसंबर एवं जनवरी के बिलों में होगी।

## अभी दो माह से हो रही है फ्यूल सरचार्ज की वसूली

करीब तीन महीने पहले गहराए कोयला संकट का असर अभी भी नजर आ रहा है। पिछले महीने और इस माह बिजली के बिलों में फ्यूल चार्ज की वसूली हो रही है। बिजली कंपनियां दो महीने से 16 पैसे प्रति यूनिट की दर से फ्यूल सरचार्ज ले रही हैं। यदि किसी उपभोक्ता ने 500 यूनिट बिजली एक महीने में खर्च की है तो उसे करीब 80 रुपए प्रतिमाह यह राशि देनी पड़ रही है। उस वक्त आए अतिरिक्त भार की भरपाई कंपनियां दो माह में कर चुकी हैं। अगले महीने आने वाले बिल में इससे राहत मिलेगी, लेकिन दिसंबर से इसकी फिर से वसूली संभावित है। यह राशि कितनी होगी, इसका निर्धारण आयोग में बिजली कंपनियों की याचिका दायर होने के बाद हो पाएगा।




### 795 मेगावाट क्षमता की इकाइयों में दो दिन में उत्पादन शुरू

**जयपुर।** राज्य में पिछले दो दिनों में 795 मेगावाट विद्युत क्षमता के कालीसिंध एवं कोटा तापीय विद्युत गृहों में बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। एसीएस एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने सोमवार को एक बार फिर संदेश भेजकर केंद्रीय कोयला सचिव अनिल जैन से प्रदेश में कोल इंडिया से कोयला की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया से राजस्थान को करीब साढ़े ग्यारह रेक प्रतिदिन उपलब्ध करानी है, जबकि अभी कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई से 5 रेक ही डिस्पेच हो रही है।

### 1 साल में चार बार वसूला फ्यूल सरचार्ज

1. जनवरी में 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से फ्यूल सरचार्ज वसूला गया था। यह पिछले साल अप्रेल-जून में उत्पन्न कोयला संकट के दौरान आए भार का वसूला गया था।
2. अप्रेल में 7 पैसे प्रति यूनिट की दर से फ्यूल सरचार्ज वसूला गया। यह पिछले साल जुलाई के लिए वसूला गया था।
3. सितंबर और अक्टूबर में 16 पैसे प्रति यूनिट फ्यूल सरचार्ज जुड़कर बिल आए हैं। यह जुलाई-अगस्त के लिए वसूला जा रहा है।
4. मौजूदा संकट के लिए फ्यूल सरचार्ज की वसूली दिसंबर-जनवरी में संभावित।

### डीजल के दाम 100 रुपए लीटर के पार

अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड ऑयल की कीमतों में वृद्धि से डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। डीजल के भाव 100 रुपए प्रति लीटर को पार कर चुके हैं। स्थिति यह है कि मात्र 11 दिन में डीजल-पेट्रोल की कीमतें करीब 10 बार बढ़ी हैं। इससे ट्रांसपोर्टेशन महंगा हो गया है।

## प्रदेश में रोटेशन के आधार पर होगी बिजली कटौती

**जयपुर।** बिजली की मांग बढ़ने से थर्मल प्लांट्स में उत्पादन इकाइयों पर भी अतिरिक्त भार आ रहा है। ऐसे में इनमें तकनीकी खराबी के मामले भी बढ़ रहे हैं और इसे दूर करने के लिए शटडाउन लेना पड़ रहा है। दूसरी तरफ बिजली संकट को देखते हुए बिजली कटौती जारी है। कोटा थर्मल प्लांट की यूनिट चार के बायलर की ट्यूब में लीकेज की शिकायत के बाद सोमवार सुबह 36 घंटे का शटडाउन लेने का निर्णय लिया गया है। इस यूनिट की उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट बताई जा रही है। इससे पहले यूनिट छह में समस्या आई थी। इस यूनिट में उत्पादन बीती देर रात शुरू हुआ है। खराबी के कारण इस यूनिट में शटडाउन लिया गया था। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुबोध अग्रवाल ने अधिकारियों से बिजली की स्थिति को लेकर विचार किया। बिजली कंपनियों ने शहरी और ग्रामीण इलाकों में एक साथ बिजली कटौती नहीं करने का फैसला लिया है। कटौती रोटेशन के आधार पर होगी। डिस्कॉम एक बार में एक ही जिले, गांव और शहर की बिजली काटेगा। किस शहर की कब बिजली कटौती होगी, यह वहां की सप्लाई और डिमांड पर तय होगा।

### 3 राज्यों के 20 थर्मल पावर स्टेशन बंद

**नई दिल्ली।** देश में कोयले की कमी के कारण बिजली संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक देश में 20 थर्मल पावर स्टेशन बंद हो चुके हैं। इनमें 3 पंजाब में, चार केरल में और महाराष्ट्र के 13 थर्मल पावर स्टेशन पर काम ठप है। वहीं संभावित बिजली संकट को देखते हुए कर्नाटक और पंजाब के मुख्यमंत्रियों ने केंद्र से अपने राज्यों में कोयले की आपूर्ति बढ़ाने का अनुरोध किया है। केरल सरकार ने भी चेतावनी दी है कि उन्हें लोड-शेडिंग का सहारा लेना पड़ सकता है।

### गृह मंत्री अमित शाह ने ली मंत्रियों की मीटिंग

**नई दिल्ली।** पूरे भारत में पावर प्लांटों में कोयले की कमी की चिंताओं के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह और कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की। बैठक में नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी), पावर और कोल मिनिस्ट्री के अधिकारी भी शामिल हुए।

# कश्मीर में 5 जवान शहीद

राजौरी में एलओसी के पास हुई आतंकियों से मुठभेड़, पुंछ, बांदीपोरा और अनंतनाग में भी एनकाउंटर

महानगर संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ में सेना के एक अफसर समेत 5 जवान शहीद हो गए। जानकारी के मुताबिक पीर पंजाल रेंज में काउंटर टेररिस्ट ऑपरेशन जारी था। इसी दौरान आतंकियों ने आर्मी की पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसमें एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 4 जवान शहीद हो गए। वहीं 3 से 4 जवान घायल हुए हैं, जिन्हें आर्मी अस्पताल शिफ्ट किया गया।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि इलाके में भारी हथियारों के साथ आतंकियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने सोमवार तड़के ऑपरेशन शुरू किया था। जब आर्मी का सर्च ऑपरेशन जारी था, तभी आतंकियों ने फायरिंग की। गोली लगने से जेसीओ समेत 5 जवान गंभीर घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सुरक्षाबलों ने एनकाउंटर में एक आतंकी को मार गिराया। मारे गए दहशतगर्द की पहचान इम्तियाज अहमद डार के रूप में हुई है। वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। कश्मीर के आईजीपी विजय कुमार ने बताया कि डार बांदीपोरा के शाहगुंड में हाल में हुई नागरिकों की हत्या में शामिल था। वहीं अनंतनाग में भी सुरक्षाकर्मियों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें सुरक्षाबलों ने एक दहशतगर्द का मार गिराया है। इस दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है। कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि दोपहर तक ऑपरेशन जारी था। यहां दो आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना है।

## भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाएंगे : मोदी

महानगर संवाददाता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपी) का वर्चुअली उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया पर लिया गया फैसला हमारी प्रतिबद्धता और गंभीरता को दिखाता है। गरीबों के घरों, सड़कों, दूसरे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में सैटेलाइट से ट्रैकिंग हो या नाविक टेक्नोलॉजी ये गवर्नेंस को पारदर्शी बनाने में मदद कर रही हैं। आज अगर भारत दुनिया की टॉप डिजिटल इकोनॉमी में आगे है तो इसकी वजह है कि हमने गरीब लोगों के बीच डेटा सुलभ बनाया है। मोदी ने कहा कि भारत को इनोवेशन का नया सेंटर बनाना है। भारत उन गिने-चुने देशों में है, जिसके पास एंड टु एंड टेक्नोलॉजी है। हमने एफिशिएंसी को ब्रांड का अहम हिस्सा बनाया है। स्पेस एक्सप्लोरेशन की प्रोसेस हो या स्पेस की टेक्नोलॉजी हो, इसे हमें निरंतर एक्सप्लोर करना है।

## भारत-चीन की बातचीत बेनतीजा

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच सैन्य कमांडर स्तर पर रविवार को हुई 13वें दौर की बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। भारतीय सेना ने कहा कि हमने एलएसी से लगे इलाकों और दूसरे विवादित हिस्सों को लेकर कई रचनात्मक सुझाव दिए, लेकिन चीनी सेना इस पर सहमत नहीं हुई। इस कारण बातचीत बिना नतीजे के समाप्त हो गई। सेना ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच बातचीत पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर बने गतिरोध को खत्म करने पर केंद्रित रही।

**किल्लत:** केंद्र से पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने से राज्य में स्थितियां खराब

# सरसों-चने की बुआई शुरू, लेकिन 4 करोड़ किसानों को नहीं मिल रही डीएपी खाद

मोहनलाल शर्मा

**जयपुर।** प्रदेश में सरसों, चना सहित अन्य रबी की फसलों की बुआई का काम जारी है। डीएपी खाद की किल्लत ने खेती-किसानी पर निर्भर राजस्थान के करीब चार करोड़ से अधिक लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी हैं। डीएपी की आपूर्ति मांग से बहुत कम होने से प्रदेश में इसकी किल्लत मची हुई है। इससे सरसों, चना की बुआई पर असर पड़ने लग गया है।

किसानों को सहकारिता सोसाइटियों पर भी खाद नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार से डीएपी खाद की जो मांग की जा रही है, उससे बहुत कम मात्रा में प्रदेश को खाद की आपूर्ति हो रही है। इससे प्रदेश में खाद की मांग व आपूर्ति का सिस्टम बिगड़ गया है। राज्य सरकार ने अप्रेल से सितंबर तक केंद्र सरकार से 4.50 लाख मीट्रिक टन डीएपी खाद की मांग की है। इसमें से केंद्र सरकार ने 4.35 लाख मीट्रिक टन की मांग स्वीकृत की गई, इस स्वीकृत मात्रा में से भी केंद्र सरकार ने राजस्थान को मात्र 3.07 लाख मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति की। यह आपूर्ति केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत मात्रा की 1.28 लाख मीट्रिक टन कम है।

## केंद्रीय मंत्री आज लेंगे बैठक

### सीएम ने भी लिखा था पीएम को पत्र

**डीएपी** के लिए जूझते किसानों के लिए खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। इसके अलावा कृषि मंत्री से लेकर विभाग के आला अफसर केंद्रीय मंत्रालय से पत्राचार के साथ टेलीफोन पर वार्ता कर चुके है। अब मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री के साथ सभी प्रदेशों के कृषि मंत्रियों की बैठक होगी। इसमें भी प्रदेश में बढ़ती डीएपी की किल्लत का मुद्दा जोर-शोर से उठने की उम्मीद है।

### ऐसे समझें आपूर्ति और मांग का सिस्टम

| माह | भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मांग | भारत सरकार द्वारा महावार स्वीकृत मात्रा | आपूर्ति मात्रा | कमी/आधिक्य |
|---|---|---|---|---|
| अप्रेल | 0.4 | 0.25 | 0.14 | -0.11 |
| मई | 0.6 | 0.60 | 0.51 | -0.09 |
| जून | 0.6 | 0.60 | 0.82 | 0.22 |
| जुलाई | 0.7 | 0.70 | 0.59 | -0.11 |
| अगस्त | 1.1 | 1.10 | 0.37 | -0.73 |
| सितंबर | 1.1 | 1.10 | 0.64 | -0.46 |
| योग | 4.50 | 4.35 | 3.07 | -1.28 |
| अक्टूबर (10.10.21) | 1.50 | 0.68 | 0.33 | -0.35 |

आंकड़े लाख मीट्रिक टन में

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी कीमतें 80 फीसदी होता विदेशों से आयात

**भारत** डीएपी खाद के मामले में विदेशों पर निर्भर है। कुल मांग का मात्र 20 फीसदी डीएपी का ही देश में उत्पादन हो पाता है, बाकी 80 फीसदी का आयात विदेशों से होता है। भारत में सबसे अधिक आयात अमेरिका, सऊदी अरब, रूस से होता है। फरवरी में अंतरराष्ट्रीय बाजार में डीएपी की दर 350 से 370 डॉलर प्रति टन चल रही थी। वर्तमान में यह दर बढ़ कर 540 डॉलर तक पहुंच गई है। इस तरह कुछ ही महीनों में डीएपी के दामों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 200 डॉलर की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। इस बढ़ोत्तरी का असर देश में भी पड़ा है।



"**केंद्र** सरकार को मुख्यमंत्री ने खुद पत्र लिखकर खाद की आपूर्ति करने की मांग की है। इसके बाद भी केंद्र सरकार डीएपी खाद की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। हर बार आश्वासन ही मिल रहा है। दो बार हमारे प्रमुख शासन सचिव स्तरीय अधिकारी भी दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। मंगलवार को दिल्ली में इसी संदर्भ में मीटिंग है, जिसमें मैं यह मुद्दा उठाऊंगा।

**-लालचंद कटारिया,** कृषि मंत्री

**रीट प्रकरण** शिक्षामंत्री ने भाजपा पर हमला बोला, मामले में शामिल लोगों के खिलाफ होगी जांच

# भाजपा का चहेता बत्तीलाल खोलेगा राज: डोटासरा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शिक्षामंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने रीट को लेकर चल रहे विवाद पर भाजपा पर हमला बोला और कहा कि बत्तीलाल भाजपा का चहेता है। अब वह कानून की गिरफ्त में आ गया है, अब सारे राज सामने आ जाएंगे, जो भी इस प्रकरण के पीछे हैं, उन सबके खिलाफ जांच होगी, चाहे इसके पीछे एक हो या एक हजार।

एचसीएम रीपा में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित उन्होंने सीबीआई से रीट प्रकरण की जांच करवाने की भाजपा की मांग को लेकर कहा कि ढाई साल में भाजपा ने कुछ किया नहीं है, उन्हें राज्य की पुलिस या एजेंसी पर विश्वास नहीं। वह यह मुद्दा टालना चाहती है। सीबीआई का किस प्रकार से दुरुपयोग किया जा रहा है हमने देखा है। यह मेरा प्रस्ताव था कि रीट में गलत काम करते पाए जाने पर उसकी मान्यता हमेशा के लिए समाप्त की जाए। अधिकारी मोबाइल लेकर नहीं जाएं।

### रीट पेपर उपलब्ध करवाने वाले 3 युवक आगरा से गिरफ्तार

**एसओजी** ने रीट पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड बत्तीलाल मीणा और शिवा चकेरी को केदारनाथ से गिरफ्तार के करने के बाद अब पेपर उपलबध करवाने वाले तीन युवकों को आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। इनसे पूछताछ में कई अहम जानकारी मिलने की संभावना जताई जा रही है। एडीजी एटीएस-एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया कि मास्टरमाइंड बत्तीलाल मीणा और शिवा चकेरी को केदारनाथ (उत्तराखंड) से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया था। पूछताछ में बत्तीलाल व शिवा चकेरी से सामने आया कि उन्हें रीट 2021 की परीक्षा का पेपर पृथ्वीराज मीना, रवि पागड़ी तथा रवि जीनापुर ने उपलब्ध कराया था। इस सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर और उनकी टीम ने अथक प्रयास करते हुए रवि पागड़ी, रवि जीनापुर और पृथ्वीराज मीणा को आगरा से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में अब तक 19 आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं।



## राजस्थान में धार्मिक कार्यक्रमों से रोक हटी, 200 लोग हो सकेंगे शामिल

हाट बाजार भी सशर्त लग सकेंगे, वैक्सीन की एक डोज लगवा चुका व्यक्ति ही हो सकेगा शामिल

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश में धार्मिक कार्यक्रमों में 200 लोगों के शामिल होने की सशर्त छूट दी है। सुबह 6 से रात 10 बजे तक धार्मिक कार्यक्रम हो सकते हैं। इनमें शामिल होने वाले लोगों को वैक्सीन की एक डोज लगी होनी चाहिए। आयोजन की सूचना पहले जिला प्रशासन को देनी होगी। इससे साफ हो गया है कि दशहरे और दिवाली पर होने वाले कार्यक्रमों में अब किसी तरह का अवरोध नहीं है। गृह विभाग ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। गाइडलाइन में पशु हाट मेलों के साथ हाट बाजार लगाने की भी अनुमति दी गई है। अब तक हाट बाजारों पर रोक थी। हाट बाजार के लिए पहले प्रशासन को सूचना देनी होगी। गाइडलाइन में बाजार, दुकानें और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स खुलने का समय पहले की तरह रात 10 बजे तक रखा गया है। रात 11 से सुबह 5 बजे तक प्रदेशभर में नाइट कर्फ्यू रहेगा। नाइट कर्फ्यू का समय पहले भी यही था। गृह विभाग की गाइडलाइन में धार्मिक कार्यक्रमों और हाट बाजारों से रोक हटाने के अलावा बाकी प्रावधान पुराने हैं। पहले से जारी छूट यथावत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## 51 कन्याओं का किया पूजन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** नया जीवन चैरिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में सेंट माइकल स्कूल सुभाष चौक परिसर में कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। फाउंडेशन सचिव भावना सैनी ने बताया कि पूर्व विधायक सुरेंद्र पारीक और पूर्व पार्षद विक्रम सिंह तंवर ने कन्याओं के पैर धोकर तिलक लगाकर भोजन करवाया और उपहार दिए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष तमन्ना, कोषाध्यक्ष ज्योति छतवानी, पार्षद रजत विश्नोई, कविता मलिक, नीलम त्रिपाठी, उपाध्यक्ष ज्योति बागवानी, रमेश राम खानी, अमित पारीक, हर्षा वाणी, निकिता कोका, अनीता शर्मा, ज्योति, प्रियंका नाटाणी, पूजा शर्मा मौजूद रहीं।

## इस्तांबुल में डेस्टिनेशन वेडिंग कॉन्फ्रेंस में हुसैन करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** टर्की की राजधानी इस्तांबुल में होने वाली डेस्टिनेशन



वेडिंग एंड रोमांस ट्रेवल इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस में जयपुर के इवेंट गुरु अरशद हुसैन देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। हुसैन इस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले देश से एकमात्र स्पीकर होंगे। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डेस्टिनेशन वेडिंग प्रोफेशनल्स की ओर से टर्की के पुलमान होटल एंड कन्वेंशन सेंटर इस्तांबुल में 20 से 23 अक्टूबर तक यह कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी। हुसैन ने बताया कि डेस्टिनेशन वेडिंग और रोमांस ट्रेवल इंडस्ट्री का कारोबार 300 बिलियन डॉलर्स से अधिक का है और कोरोना महामारी के बाद दुनिया भर में बिखरी वेडिंग डेस्टिनेशंस पर फिर से कारोबार शुरू करने की दिशा में इवेंट प्रोफेशनल काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में यह कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। इसमें विश्व के नामी डेस्टिनेशन वेडिंग प्रोफेशनल शामिल होंगे।

## बरकतुल्ला खां के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री बरकतुल्ला खां की पुण्यतिथि पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों ने बरकतुल्ला खां के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, पूर्व सांसद अश्क अली टाक, मुख्यालय प्रभारी ललित तूनवाल, रामसिंह कस्वां सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

## विप्र फाउंडेशन मेडिकल प्रकोष्ठ का गठन, दीपक तिवाड़ी संयोजक

**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** विप्र फाउंडेशन जोन-1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल ने मेडिकल प्रकोष्ठ का गठन कर दीपक तिवाड़ी को संयोजक बनाया हैं। इस प्रकोष्ठ के सविता शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, महेश पाठक और महेश शर्मा संरक्षक होंगे। अशोक शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, विनोद शर्मा, सुनील शर्मा, सुरेश जोशी, मनीष दत्त शर्मा, राकेश शर्मा, उमेश शर्मा, यशवंत शर्मा, नवीन शर्मा को सह संयोजक नियुक्त किया है। भवानी मुद्गल, भरत शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, घनश्याम शर्मा, कैलाश शर्मा, मोनिका शर्मा, मनीष शर्मा, रमाकांत शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा, घनश्याम शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, कपिल तिवाड़ी, राजेश शर्मा, विरेन्द्र शर्मा, अजय शर्मा, अजय गौड़, विजेंद्र शर्मा, अमित तिवाड़ी, राजकुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा , गणेश कुमार शर्मा, शशिकांत शर्मा, सतीश कुमार शर्मा, रमाकांत शर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।

## पेंशन योजना के प्रमाण प्रत्र वितरित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** झालाना डूंगरी विकास महासंघ की ओर से सोमवार को सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की वृद्धावस्था, विकलांग व एकल नारी पेंशन योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड 110 के पार्षद दीपक असवाल व झालाना डूंगरी विकास महासंघ के अध्यक्ष दिनेश चंद गुप्ता रहे। पेंशन योजना के प्रमाण पत्र मिलने पर लोग काफी खुश नजर आए। इस अवसर पर डिप्टी असवाल, दिनेश वर्मा, ललित बसवाल सहित अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

## 'खुशी का सीजन' के साथ कोटक ने पेश किए ऑफर

**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल) ने खुशी का सीजन 4.0 प्रारंभ करने की घोषणा की है। एक महीने तक चलने वाले इस कैम्पेन के तहत लोन, जाने-माने ब्रांडों और स्मार्ट ईएमआई हर किसी पर बम्पर डील पेश की जा रही है। कोटक महिन्द्रा बैंक के जॉइंट प्रेसिडेंट कंज्यूमर कमर्शियल एवं वैल्थ मार्केटिंग एलिजाबेथ वेंकटरमण ने कहा कि त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है, ऐसे में अपने ग्राहकों के लिए खुशी का सीजन एक बार फिर शुरू किया है। कैम्पेन में केएमबीएल ग्राहकों को फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, एमेजॉन, टाटा क्लिक और बिग बास्केट जैसे प्लैटफॉर्म्स पर खरीदारी करने पर डिस्काउंट, कैशबैक और स्मार्ट ईएमआई ऑफर मिलेंगे। इसके अलावा मशहूर ब्रांडों में वन प्लस, एलजी, सोनी, सैमसंग, ऑप्पो, टीसीएल, बॉश, यूरेका फोर्ब्स, अर्बन कंपनी, अपोलो फार्मेसी से इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़े, किराने का सामान, दवाएं, फूड डिलिवरी और घरेलू जरूरत की वस्तुएं खरीदने का मौका मिलेगा। इसके लिए केएमबीएल ने स्विगी, पेपरफ्राई, टाटा , एमजी, लीशियस, बेवकूफडॉट कॉम आदि के साथ हाथ मिलाया है।

## रीट परीक्षा पेपर लीक मामलाः पूनियां की मौजूदगी में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# ...फिर सड़कों पर उतरा भाजयुमो





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में भले ही मुख्य आरोपी बत्तीलाल मीणा पुलिस की गिरफ्त में आ गया है, लेकिन विपक्षी पार्टी भाजपा इस पूरे मामले को लेकर प्रदेश की गहलोत सरकार को घेरने में लगी है। सोमवार को भाजपा की यूथ इकाई एक बार फिर सड़कों पर उतर आई और प्रकरण की सीबीआई से जांच कराने और शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश भाजपा मुख्यालय में एकत्र होकर राजभवन के लिए पैदल मार्च करते निकले। बाईस गोदाम पर ही भारी पुलिस जाब्ते ने युवाओं की भारी भीड़ को रोक लिया। हालांकि, कांग्रेस का मौन व्रत का कार्यक्रम होने के कारण भाजपा युवा मोर्चा की रैली को सिविल लाइन फाटक की जगह 22 गोदाम की ओर डायवर्ट कर दिया। इस दौरान कुछ युवा कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई। वहीं कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की तो स्थिति बेकाबू हो गई। पुलिस ने युवाओं को इधर-उधर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। इसके बाद स्थिति काबू में आई। काफी देर तक कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच गहमागहमी होती रही, लेकिन पुलिस ने किसी को भी आगे नहीं बढ़ने दिया।

### एसओजी प्रदेश सरकार के हाथों की कठपुतलीः शर्मा

**भाजयुमो** प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा कि एसओजी ने रीट मामले में मुख्य आरोपी बत्ती लाल मीणा को भले ही गिरफ्तार कर लिया हो, लेकिन वह प्रदेश सरकार के हाथों की कठपुतली है। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों अपनी सरकार बचाने के लिए एसओजी का ही इस्तेमाल किया था। इसलिए हम चाहते हैं कि इस मामले की सीबीआई जांच हो। शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाए और नए सिरे से रीट की परीक्षा कराई जाए।

### सतीश पूनियां भी धरने में हुए शामिल

**रीट** परीक्षा में धांधली की सीबीआई जांच करवाने की मांग को लेकर भाजयुमो के विरोध प्रदर्शन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां भी पहुंचे और धरने में शामिल हुए। उन्हें यूथ इकाई के कार्यकर्ताओं ने कंधे पर उठा लिया और नारेबाजी करते हुए बैरिकेडिंग तोड़ आगे बढ़ गए। वे भाजपा मुख्यालय से सीधे 22 गोदाम पर धरना स्थल पर पहुंचे। धरना स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को 4 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

### पूनियां ने गहलोत सरकार पर साधा निशाना

यूथ इकाई को संबोधित करते हुए पूनियां ने कहा कि गिरफ्तारी से ये साफ हो गया है कि परीक्षा में धांधली हुई है। ऐसे में सरकार शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा को बर्खास्त करके रीट परीक्षा भर्ती मामले की सीबीआई से जांच करवाए। पूनियां ने कहा कि आंदोलन एक दिन में समाप्त नहीं होता, यह सिर्फ युवाओं का आगाज है, अंजाम अभी बाकी है। जब-जब युवाओं ने सरकार से लोहा लिया है, सरकारों को झुकना पड़ा है, 2023 के विधानसभा चुनाव में जनविरोधी कांग्रेस सरकार का युवा और किसान सूपड़ा साफ कर देंगे। उन्होंने राहुल गांधी पर चुटकी लेते हुए कहा कि महान आविष्कारक राहुल गांधी ने 10 दिन में किसानों का पूरा कर्जा माफ करने का वादा किया था, लेकिन वो चमत्कार अभी तक नहीं हुआ। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी उन्हीं के अनुयायी हैं। राजस्थान के किसानों का कर्जा ज्यों का त्यों है। सत्ता में आने से पहले रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आने पर अपने वादों से मुकर रही है।

### बत्तीलाल ने पेपर अपने कई करीबियों तक पहुंचाएः शर्मा

**भाजपा** विधायक और मुख्य वक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि रीट परीक्षा का पेपर इस प्रकरण के मुख्य आरोपी बत्तीलाल मीणा के पास पहले ही आ गया था। उसने संभवतया इस परीक्षा पेपर को अपने कई करीबियों और जानकारों तक पहुंचाया है। वहीं सरकार ने भी इस परीक्षा में बड़े स्तर पर अनियमितता होने की बात स्वीकार करते हुए कई अधिकारियों और कार्मिकों पर कार्रवाई की है। इसको देखते हुए सरकार को परीक्षा नए सिरे से करवाना चाहिए।

## पटाखा व्यवसाय पर लगा प्रतिबंध हटाने की मांग




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल और महामंत्री सुरेंद्र बज ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर पटाखा व्यवसाय पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग की है। इसके साथ ही इस मांग को लेकर उन्होंने क्षेत्रीय विधायकों से भी मुलाकात की।

महासंघ के नेतृत्व में पटाखा व्यवसायियों का शिष्टमंडल आदर्श नगर विधायक रफीक खान से उनके निवास पर मिला। व्यापारियों ने उनसे पटाखा बेचने और चलाने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने की मांग की। इस पर खान ने शिष्टमंडल को विश्वास दिलाया कि वह पटाखा व्यापार को खोलने की अनुमति के संबंध में मुख्यमंत्री और गृह सचिव से बात करेंगे और उनके सामने व्यापारियों का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

साथ ही उन्होंने गृह सचिव अभय कुमार से मोबाइल पर बात कर व्यापारियों की मांग से अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेंद्र बज, कोषाध्यक्ष सौभागमल अग्रवाल, राजस्थान पटाखा व्यवसाय संघ अध्यक्ष महेंद्र महेश्वरी, सुरेश हसानी, जयपुर पटाखा एसोसिएशन के जहीर अहमद मौजूद रहे।

## बीएसटीसी डिग्री धारी अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

महानगर संवाददाता

जयपुर। बीएसटीसी डिग्री धारी अभ्यर्थियों ने सोमवार को बीएसटीसी एकता मंच के बैनर तले शहीद स्मारक पर विरोध-प्रदर्शन किया।

बीएसटीसी डिग्री धारी अभ्यर्थियों ने सरकार से मांग की है कि रीट भर्ती के प्रथम लेवल में बीएड धारी अभ्यर्थियों को शामिल नहीं किया जाए और मात्र बीएसटीसी धारी अभ्यर्थियों को ही इस परीक्षा में शामिल किया जाए। रीट लेवल प्रथम के परीक्षार्थी अनिल शर्मा ने बताया कि बीएसटीसी डिग्री धारी करीब 4 लाख से अधिक अभ्यर्थी सरकार से मांग कर रहे हैं कि बीएसटीसी डिग्री धारी अभ्यर्थियों को ही रीट प्रथम लेवल में योग्य माना जाए।

## देश में प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा बेहद जरूरीः प्रो. प्रधान




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्राथमिक चिकित्सा की शिक्षा और उसके लिए पाठ्यक्रमों की जरूरत पर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा मानसरोवर स्थित दीपशिखा कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कुलपति प्रो. वीएन प्रधान ने प्राथमिक चिकित्सा और इससे जुड़े अन्य प्राथमिक उपचार पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से बात करते हुए बताया कि सभी इच्छुक अभ्यर्थी जो चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाना चाहते हैं, उन्हें इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बेहतर विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। यह पाठ्यक्रम रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए एक सुनहरी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति को मंजूरी देने के बाद से सरकार अपना ध्यान प्राथमिक चिकित्सा को मजबूत बनाने में लगा रही है।

इन सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए भारतीय प्राथमिक चिकित्सा परिषद (फर्स्ट एड काउंसिल ऑफ इंडिया) को चिह्नित किया गया है। इस दौरान दौरान फर्स्ट एड काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ. शबाब आलम ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ डिप्लोमा कोर्स एक प्रगतिशील कोर्स है, जिसके माध्यम से पूरे देश में स्वास्थ्य सुरक्षा के संबंध में एक सकारात्मक संदेश स्वरोजगार हेतु दिया गया है। इसके लाभ पूरे देश के छात्र-छात्राएं राजस्थान में स्थित अध्ययन अध्यापन केन्द्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

## शिविर में 130 लोगों का वैक्सीनेशन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** लॉयंस क्लब जयपुर मेट्रो और जैन सोशल ग्रुप स्कॉर्पियो के संयुक्त तत्वाधान में महावीर नगर के लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने वैक्सीनेशन शिविर लगाया गया। इस मौके पर 130 लोगों को कोविशील्ड की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाई गई। विधायक कालीचरण सराफ, नगर निगम ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने शिविर का शुभारंभ किया। लायंस क्लब जयपुर मेट्रो की अध्यक्ष मृदुला पांड्या ने बताया कि इस मौके पर रमेश सेठी, नमी पाटनी, अनिल सोगाणी, सुरेंद्र जैन सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ब्लड डोनेशन शिविर में 187 यूनिट रक्त हुआ एकत्र



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राम कन्या देवी की पुण्यतिथि पर कमल पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 187 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। आर.वी.एन फाउंडेशन के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि रक्तदाताओं को हेलमेट, प्रशस्ति पत्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एससी मोर्चा बी.एल. भाटी रहे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी आशु सिंह सुरपुरा व एडिशनल एसपी लोकेश सोनवाल रहे, अध्यक्षता डॉ. विक्रम गौतम सिंह ने की।

अतिथि के तौर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ प्रत्याशी राकेश यादव, चाकसू जनसेवक राधामोहन चोखावाला, क्षेत्रीय पार्षद सुनील घोसलेया, सुरेश कुमार, पार्षद राधेश्याम बोहरा, तारा देवी, पुरुषोत्तम वर्मा, नवीन शुक्ला सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

## माथुर चेयरमैन अग्रवाल सचिव



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कर सलाहकारों की नेशनल लेवल की संस्था ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रेक्टिशनर्स (सेंट्रल जोन) की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। इसमें अनिल माथुर चेयरमैन, संदीप अग्रवाल सचिव, जितेंद्र मिश्रा, हिमांशु गोयल, राजेश बी. जोशी वाइस चेयरमैन, मिलिंद विजयवर्गीय, एम. एल गुप्ता, दीपक खण्डेलवाल, विनय मेरतिया संयुक्त सचिव और नीरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गए।

## मंत्रालयिक कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन आज देंगे सांकेतिक धरना

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघर्ष समिति के आह्वान पर मंत्रालयिक कर्मचारियों ने सोमवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय सांकेतिक सत्याग्रह कर जिला कलक्टरों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जयपुर में सोमवार का अवकाश होने से अब मंगलवार सांकेतिक धरना दिया जाएगा।

संघर्ष समिति द्वारा 30 अक्टूबर 2017 के वेतन कटौति के आदेश को निरस्त कर 5 जुलाई 2013 का आदेश बहाल करने, 2013 में हुए समझौते अनुसार पदौन्नति के शेष 11 हजार पद रिलीज करने, शासन सचिवालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के मत्रालयिक संवर्ग में व्याप्त वेतन असमानता को दूर करने, अन्य विभागों की भांति पंचायत राज के कर्मचारियों के पदौन्नति के पदों का सृजन करने सहित 7 मांगों को लेकर 3 माह से आंदोलन चलाया जा रहा है। संघर्ष समिति के प्रांतीय सदस्य गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार से अपील की गई है कि प्रदेश के अल्प वेतनभोगी वेतन कटौति से पीड़ित मंत्रालयिक कर्मचारियों की वाजिब मांगों का जल्द निस्तारण किया जाए। सरकार द्वारा मांगें नहीं माने जाने पर प्रदेश के सभी जिलों में 25 अक्टूबर से क्रमिक अनशन शुरू किया जाएगा।

## महात्मा गांधी अस्पताल में पहली बार पेलिएटिव केअर-डे मनाया

# कैंसर उपचार में पहले से ही जोड़ा जाए पेलिएटिव केअरः डॉ. स्वर्णकार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** महात्मा गांधी अस्पताल में विश्व होस्पिक पेलिएटिव केयर-डे के अवसर पर सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्याशाला को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. विकास स्वर्णकार ने कहा कि पेलिएटिव केअर विशेषज्ञों का काम रोगी के दर्द को कम करना है। साथ ही रोगी तथा परिजनों को काउंसिलिंग के जरिए उपचार को




जारी रखने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे उपचार को सफल अंजाम दिया जा सके । उन्होंने कहा कि कहा हाल ही में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को पहले एक्टिव केयर विभाग के लिए तीन स्नातकोत्तर सीट की स्वीकृति मिली है। श्री राम कैंसर सेंटर के निदेशक सुविख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत मल्होत्रा ने कहा कि किसी भी डॉक्टर की पहली प्राथमिकता रोगी को दर्द से मुक्ति दिलाने की होती है। कैंसर उपचार एक टीम वर्क के रूप में किया जाना चाहिए, जिसमें मेडिकल रेडिएशन सर्जन के साथ-साथ कैंसर रोगी की पहचान होने के समय से ही रोगी को उपचार में पेलिएटिव केअर विशेषज्ञों को भी जोड़ा जाना चाहिए। डॉ. अजय यादव ने कहा कि साल 2025 में कैंसर रोगियों की संख्या अनुमानित तौर पर दोगुना हो जाएगी।

रोगियों के दर्द प्रबंधन के लिए पेलिएटिव केअर के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी । कार्यक्रम में डॉ. आरसी गुप्ता, डॉ. नितिन खुटेटा, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. गौरव, डॉ. प्रशांत कुंभज, डॉ. अंकुर पूनियां, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. शिखा ढल, डॉ. सुमित गोयल, अनुश्री पूनिया, डॉ. प्रियंका सोनी, डॉ. सीमा खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों तथा नर्सिंग कर्मियों ने भाग लिया।

# बेकाबू डंपर कार पर पलटा, वृद्ध दंपती ने दम तोड़ा, पोता मौत के मुंह से निकला

## शहर में बेलगाम दौड़ रहे बजरी से भरे यमदूत

## मानसरोवर इलाके में देर रात 11:28 बजे की घटना







**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मानसरोवर इलाके में रविवार देर रात बजरी से भरा एक डंपर बेकाबू होकर कार पर पलट गया। हादसे में कार सवार वृद्ध दंपती की मौत हो गई, जबकि उनका पोता मौत के मुंह से बाहर निकल गया। पुलिस ने दोनों शव सवाई मान सिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। फिलहाल मृतक का बेटा विदेश में है। 13 अक्टूबर को आने पर पोस्टमार्टम किया जाएगा।

सड़क दुर्घटना थानाधिकारी (दक्षिण) शिव दयाल ने बताया कि हादसा देर रात 11:28 बजे गंगा जमुना पेट्रोल पंप से आगे पंडित टीएन मिश्र मार्ग कट पर हुआ था। बजरी से भरा एक डंपर किसान धर्मकांटा की तरफ जा रहा था, जबकि कार श्याम नगर की तरफ से न्यू सांगानेर रोड की ओर जा रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार डंपर ने बेकाबू होकर कार को टक्कर मार दी और बाद में उसके ऊपर पलटी खा गया। कार में सवार वृद्ध दंपती और उनका पोता अंदर ही दब गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर श्याम नगर, मानसरोवर, शिप्रापथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर डंपर को हटाकर कार में फंसे बुजुर्ग दंपती और उनके पोते को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दंपती को मृत घोषित कर दिया, जबकि पोते को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।

### क्लिनिक से लौटते समय हादसा

**दरअसल** पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर निवासी महेश चंद मुद्गल (70) अपनी पत्नी उषा मुद्गल (65) के साथ पोते दर्श (10) को डॉक्टर को दिखाने के लिए घर से निकले थे। वे पंडित टीएन मिश्र मार्ग पर निओ क्लिनिक में पोते को डॉक्टर को दिखाकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान हादसा हो गया। महेश चंद टीचर की जॉब से सेवानिवृत्त थे।

### बेटे के आने पर होगा पोस्टमार्टम

**मृतक** महेश चंद का बेटा भावेश मुद्गल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर कार्यरत है। वे इन दिनों सूडान में हैं। पुलिस ने हादसे की सूचना बेटे तक पहुंचा दी है। 13 अक्टूबर को उनके आने पर शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### फरार चालक की तलाश

**हादसे** के बाद चालक डंपर मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डंपर जब्त कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को डंपर में बजरी परिवहन के पुराने रवन्ने मिले हैं। जेसीबी से सड़क पर बिखरी करीब 4 ट्रॉली बजरी को एक साइड में कराया गया, इसके अलावा डंपर में करीब डेढ़ ट्रॉली बजरी भरी हुई थी।

# घरेलू विवाद में किया पत्नी का मर्डर शव कुएं में डाल पति हुआ फरार

**महानगर संवाददाता**

झालावाड़। कोतवाली थाना इलाके में घरेलू विवाद में पति ने पत्नी की हत्या कर उसका शव कुएं में डाल दिया, साथ ही मौके से फरार हो गया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर विवाहिता का शव शहर के ईदगाह इलाके में एक कुएं से बरामद किया गया। दरअसल युवती के परिजनों को दोनों के लापता होने की खबर मिली तो उन्होंने मामले की पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को हिरासत में लेकर जब उससे कड़ी पूछताछ की तो उसने पत्नी की हत्या कर उसका शव ईदगाह क्षेत्र के कुएं में डालने की बात कबूल कर ली। परिजनों ने बताया कि मृतका शमीम बानो की शादी शाहरुख नाम के युवक से हुई थी, जिसके बाद से ही दोनों में अनबन चल रही थी। इसी घरेलू विवाद के चलते आरोपी युवक शाहरुख ने अपनी पत्नी शमीम की गला दबाकर हत्या कर दी और उसका शव ईदगाह इलाके के कुएं में डालकर मौके से फरार हो गया। बहरहाल आरोपी पति शाहरुख अब पुलिस हिरासत में है।



# मंदिर से मूर्तियां, कलश चोरी

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। शास्त्रीनगर इलाके स्थित एक मंदिर में चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार कांवटिया सर्किल के पास स्थित वीर हनुमान मंदिर में पुजारी मोहन लाल शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि अज्ञात चोर 10 अक्टूबर की अलसुबह मंदिर में घुसे और हनुमानजी की मूर्ति के पास रखी पीतल की पांच मूर्तियां, तांबे का कलश इत्यादि चुरा ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मदद के बहाने युवक की बाइक, मोबाइल, पर्स छीन भागा बदमाश

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मानसरोवर इलाके में चक्कर आने पर सड़क किनारे सुस्ता रहे एक युवक का मोबाइल, पर्स सहित बाइक लेकर कोई बदमाश फरार हो गया। पुलिस के अनुसार विक्रम बैरवा अयोध्या नगर, करणी विहार निवासी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह 2 अक्टूबर को हीरापथ स्थित मकान में किराएदारों से किराया लेकर बाइक से घर लौट रहा था। न्यू सांगानेर रोड पर स्वर्ण गार्डन के पास चक्कर आए तो वह सड़क किनारे बैठ गया। इस दौरान पीछे से आए एक युवक ने घर पर फोन करने के लिए मोबाइल ले लिया। इसके बाद बेहोशी का फायदा उठाकर पर्स और बाइक लेकर फरार हो गया। पर्स में 9 हजार रुपए रखे थे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से अश्लील हरकत

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। बगरू इलाके में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 44 वर्षीया महिला कार्यकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 8 अक्टूबर को धानक्या में ग्राम पंचायत की मीटिंग के दौरान हेमचंद बसेटिया ने हद पार करते हुए कपड़े एवं शरीर पर हाथ लगाया और अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

# किशोर से कुकर्म

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। आमेर इलाके में एक किशोर से कुकर्म का मामला सामने आया है। थानाधिकारी शिवनारायण ने बताया कि घटना 14 सितंबर की है। इलाके निवासी किशोर का आरोप है कि अकील ने उसके साथ जबरन कुकर्म की वारदात को अंजाम दिया। मामले की जांच की जा रही है।

# बाइक चालक की गोली मारकर हत्या

## सांगानेर सदर इलाके में सड़क किनारे मिली लाश, बाइक गायब

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। करीब बीस दिन पहले बनीपार्क इलाके स्थित सूत मील कॉलोनी में हुई हिस्ट्रीशीटर अजय यादव की हत्या के मामले में फिलहाल हत्यारे पुलिस की पकड़ से दूर हैं। ऐसे में सांगानेर सदर इलाके में रविवार देर रात एक बाइक चालक की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटनास्थल पर एफएसएल टीम को मौके पर बुलवाया और साक्ष्य एकत्रित कर जांच शुरू की है। कार्यवाहक थानाप्रभारी (एसआई) आशुतोष ने बताया कि देर रात करीब डेढ़ बजे सूचना मिली थी कि खातियों की ढाणी स्थित होम्योपैथी यूनिवर्सिटी के पास सड़क किनारे एक युवक की लाश पड़ी हुई है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की जेब में मिले मोबाइल और पर्स में दस्तावेजों के आधार पर उसकी शिनाख्त रिंकू कुमार मीणा (25) पुत्र रामखिलाड़ी मीणा निवासी गांव हिंगोटा मंडावर जिला दौसा हाल गांधी नगर रेलवे स्टेशन जयपुर के रूप में हुई है। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया, वहीं अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है।



### टैक्सी बाइक चलाता था युवक

रिंकू काफी समय से जयपुर में रहकर ओला उबेर में अपनी बाइक चलाता था। वारदात में शामिल आरोपित रिंकू को यहां लेकर आया और उसकी गोली मारकर हत्या करने के बाद बाइक लेकर फरार हो गया। गोली रिंकू के सिर के आर पार हो गई। फिलहाल पुलिस घटनास्थल सहित अन्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने में लगी है।

# प्रेमी पर प्रेमिका की हत्या का आरोप

## फंदे से लटकी मिली थी लाश

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। प्रताप नगर थाने में एक युवती की मौत के मामले में उसकी मां ने प्रेमी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार मूलतया दौसा हाल इलाके स्थित गोदावरी अपार्टमेंट निवासी युवती सीता (24) की लाश 3 अक्टूबर को फंदे पर लटकी मिली थी। वह अपने प्रेमी अजय बैरवा के साथ पिछले तीन साल से दौसा में लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। घटना के कुछ दिन पहले ही दोनों जयपुर आकर रहने लगे थे। घटना के समय मर्ग दर्ज कर मृतका का शव परिजनों को सौंप दिया गया था। अब मृतका की मां ने अजय बैरवा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। थानाधिकारी बलवीर सिंह कस्बा के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

# ट्रक में खाद की आड़ में 700 किलो पोस्त पकड़ा, 2 गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**

हनुमानगढ़। रावतसर थाना पुलिस ने सोमवार को खाद की आड़ में छिपाकर ले जाया जा रहा 7 क्विंटल पोस्त से भरा एक ट्रक जब्त कर ड्राइवर व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा रावतसर-पल्लू के बीच नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान पल्लू की ओर से आ रहे एक ट्रक के ड्राइवर ने नाकाबंदी को देखकर भी वाहन धीरे नहीं किया। इस पर तुरंत बेरिकेड्स लगाकर ट्रक को रोका गया। चालक ने बताया कि ट्रक में खाद की बोरियां लोड हैं।



पुलिस ने शक के चलते ट्रक की तलाशी ली तो 35 कट्टों में भरी हुआ 700 किलो पोस्त बरामद हुआ। इस पर आरोपी ट्रक ड्राइवर विष्णु कुमार (29) निवासी आजोलिया का खेड़ा गंगरार चित्तौड़गढ़ और खलासी रोहित (21) निवासी टंकी बालाजी के पास सुभाषनगर भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है।

# चूरू मणप्पुरम गोल्ड लोन लूट का मास्टरमाइंड एनएसजी का बर्खास्त कमांडो निकला

**महानगर संवाददाता**

चूरू। कोतवाली थाना पुलिस ने जून महीने में दिनदहाड़े हुई मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा से 24 किलो गोल्ड लूट के मामले में मास्टरमाइंड और एनएसजी के बर्खास्त कमांडो रणजीत फौजी उर्फ कमांडो सहित दो बदमाशों को उत्तर प्रदेश की बिजनौर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाश यूपी के मोस्टवांटेड अपराधी हैं। इन पर 32 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। चूरू पुलिस इस वारदात के बाद से इनकी तलाश कर रही थी। उल्लेखनीय है कि एनएसजी के बर्खास्त कमांडो रणजीत फौजी ने अपने तीन साथियों के साथ इस लूट की वारदात को अंजाम दिया था। गौरतलब है कि बदमाशों ने दिनदहाड़े जिले की मणप्पुरम गोल्ड लोन शाखा में करीब 12 करोड़ से अधिक के गोल्ड और करीब 6 लाख रुपए की नकदी की लूट की वारदात को हथियारों के बल पर अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों शादाब और हनीश ठाकुर को चार पिस्टल, 23 जिंदा कारतूस, 2 चाकुओं के साथ हरियाणा के सुरेवाला चौक से गिरफ्तार किया था। हालांकि पंजाब के पटियाला निवासी रणजीत फौजी और यूपी के मुजफ्फरनगर निवासी अमजद फरार हो गए थे। पुलिस ने अब यूपी की बिजनौर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर इन्हें गिरफ्तार किया है।



# धर्म भाई ने साथियों के साथ मिलकर लूट ली अस्मत, भाई-भाई चीखती रही पीड़िता

**चूरू।** जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने भाई-बहन के रिश्ते को शर्मसार कर दिया है। पहले तो मुंह बोले भाई ने विवाहिता का अपहरण किया और फिर हैवान बनकर दोस्तों के साथ गैंगरेप किया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पीड़िता ने बताया कि साल 2013 में चूरू के समीपवर्ती एक गांव में उसकी शादी हुई थी। एक दिन वह अपने पीहर से ससुराल आ रही थी, इसी दौरान बस में पास वाली सीट पर एक युवक आकर बैठ गया, जहां दोनों की बात हुई, इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे को धर्म भाई-बहन बना लिया और मोबाइल नंबर भी शेयर किया। इसके बाद रक्षाबंधन पर महिला अपने मायके आई और शख्स को बुलाकर राखी बांधी। इसी बीच मार्च 2021 को आरोपी महेन्द्र अपने दो साथियों के साथ गाड़ी लेकर आया और पीड़िता से कहा कि वह उसे अपने परिवार से मिलाने के लिए भंदवाला ले जाना चाहता है। रिश्ते की एवज पर महिला गाड़ी में बैठ गई और उसके साथ चली गई, लेकिन आरोपी उसे कालाडेरा ले गया। वहां एक मकान में तीनों लोगों ने गैंगरेप किया। इस दौरान महिला ने भाई-बहन के रिश्ते की दुहाई भी दी लेकिन महेन्द्र ने एक भी उसकी नहीं सुनी।

# साढ़े तीन हजार की घूस लेते थानेदार सहित कंप्यूटर ऑपरेटर पकड़ा

भरतपुर। एसीबी ने सोमवार रात कार्रवाई करते हुए डीग टाउन चौकी प्रभारी व निजी कम्प्यूटर ऑपरेटर को साढ़े तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है। रिश्वत राशि कम्प्यूटर ऑपरेटर ने ली थी। जांच में रीडर की भी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। ब्यूरो के डीजी बीएल सोनी ने बताया कि परिवादी के खिलाफ क्रॉस में मारपीट और महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में दोनों बेटों के नाम निकालने और निपटारे के लिए टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा ने दस हजार रुपए की घूस मांगी थी। बाद में सौदा साढ़े तीन हजार रुपए में तय हो गया। परिवादी को सोमवार रात चौकी पर बुलाया, जहां उसने 5000 रुपए निजी कम्प्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र सिंह उर्फ बंटू को दिए। एसीबी ने मौके पर कम्प्यूटर ऑपरेटर जितेन्द्र निवासी भूड़ा गेट को रिश्वत राशि के साथ पकड़ लिया। मौके से टाउन चौकी प्रभारी को भी एसीबी टीम ने हिरासत में ले लिया।



# डॉक्टर, वकील व पुलिसकर्मी से सांठगांठ कर सामान्य मौत को दुर्घटना बता लाखों का क्लेम उठाया, 15 गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**

दौसा। सामान्य मौत को दुर्घटना में होना बता डॉक्टर, वकील व पुलिसकर्मी से सांठगांठ कर लाखों का क्लेम उठाने के आरोप में जिले की चार थाना कोतवाली, सदर, रामगढ़ पचवारा व नांगल राजावतान पुलिस ने 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसपी अनिल कुमार बेनीवाल ने बताया कि गिरोह से जुड़े व्यक्ति मृत व्यक्ति को सड़क दुर्घटना में मरने की झूठी कहानी बना लाखों रुपए का फर्जी क्लेम उठा लेते हैं। इसमें कन्ट्रोल रूम की क्यूएसटी से लेकर डॉक्टर तक का हाथ सामने आया है। आरोपी पुलिसकर्मी को गलत अनुसंधान करने, डॉक्टर को फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने, एडवोकेट को लोगों को दुर्घटना का क्लेम उठवाने का झांसा देकर झूठा मुकदमा दर्ज करवाने का आरोपी माना गया है।

**इनको किया गिरफ्तार:** इस मामले में पुलिस ने डॉ. सतीश कुमार खंडेलवाल (60) तत्कालीन मेडिकल ज्यूरिष्ट रा. चि. दौसा, रमेश चन्द जाटव (55), राजकमल सिसोदिया (42) युआईआईसी क्लेम पैनल इन्वेस्टीगेटर, चतुर्भुज मीना (48), मनोहर मीना (40), रामकिशन मीना (45), लक्ष्मीनारायण मीना (38) एवं कल्याण सहाय मीना (66), कल्याण सहाय मीना (66), ब्रह्मानंद रैगर (45), गोकुल मीना (30), गैंदी देवी (44), रामप्रसाद उर्फ रामप्रकाश रैगर (48), गणपत लाल रैगर (47) तथा अभिमन्यु रैगर (23) को गिरफ्तार किया गया है।



### बेटे-बहू ने बीमार मां-बाप को घर से निकाला

नागौर। शहर के इंदिरा कॉलोनी निवासी एसबीआई बैंक से रिटायर्ड भींयाराम चौधरी (62) और उनकी पत्नी रामप्यारी (62) पिछले 118 दिन से अपने ही घर से बेदखल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री, कलेक्टर, एसपी और एसडीएम को शिकायत दी, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। उनके घर पर उनके बड़े बेटे अशोक कुमार और उसकी पत्नी पूजा ने जबरन कब्जा कर रखा है। दोनों बुजुर्ग किडनी, शुगर, बीपी जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। भींयाराम का बड़ा बेटा अशोक कुमार चिकित्सा विभाग में पब्लिक हेल्थ मैनेजर के पद पर है। अपने पद के रसूख के चलते कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं होने दे रहा। 15 जून को घर से बाहर निकालने के बाद से दोनों दंपती कुछ दिनों तक किराए के कमरे में रहे। अब हवाई पट्टी निवासी अपनी बेटी के घर के पास बने बाड़े में रहने को मजबूर हैं।

# आदिवासी लड़की से बार-बार दुष्कर्म

**महानगर संवाददाता**

झालावाड़। जिले में आदिवासी समुदाय की एक किशोरी से उसके पड़ोसी ने एक साल तक कथित तौर पर बार-बार दुष्कर्म किया। बाद में उसने उसे गर्भपात के लिए गोलियां दीं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपाधीक्षक और सर्किल अधिकारी राजीव परिहार ने बताया कि लड़की के परिवार ने दावा किया कि उसकी आयु 18 साल से अधिक है, लेकिन पुलिस उसकी असल उम्र का पता लगा रही है। इसके अनुसार मामले में पॉक्सो कानून की धाराएं लगाई जाएंगी।

झालावाड़ जिले के मंडावर पुलिस थाने में दर्ज हुई यह घटना शनिवार को तब सामने आई, जब लड़की ने पेट में दर्द की शिकायत की। इसके बाद उसे एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने पाया कि वह छह माह की गर्भवती है। भील समुदाय से ताल्लुक रखने वाली पीड़िता का एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# सावधान...अजनबी ने लिफ्ट देकर महिला की अस्मत लूटी, फिर उसी की साड़ी से गला घोंटा



**महानगर संवाददाता**

बस्सी। एक मजदूर महिला को अजनबी से लिफ्ट लेना खुद की जान से हाथ धोना पड़ गया। अजनबी ने पहले उसकी अस्मत लूटी और बाद में उसी की साड़ी से गला घोंटकर हत्या कर दी। बस्सी पुलिस ने सोमवार को मामले का पटापेक्ष करते हुए आरोपी को भीलवाड़ा के एक आश्रम से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने करीब 200 संदिग्धों से पूछताछ की थी। पुलिस इस जघन्य अपराध को केस ऑफिसर स्कीम के तहत लेकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए शीघ्र न्यायालय में गवाही, सबूत, दस्तावेज पेश कर आरोपित को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएगी।

डीसीपी (ईस्ट) प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया कि 26 सितंबर को बस्सी इलाके में ढोल की ढाणी स्थित जंगल में एक महिला का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त बांसखोह निवासी महिला के रूप में हुई थी। वह बस्सी में रीको एरिया में किसी फैक्ट्री में काम करती थी। उसकी हत्या के मामले में आरोपित राजू लाल मीणा (37) निवासी उगावासा, तूंगा को गिरफ्तार किया गया है।

### रास्ते में बिगड़ गई नीयत

**एसीपी** (बस्सी) सुरेश सांखला के मुताबिक आरोपी राजू मीणा की भाभी वर्तमान में सरपंच है। घटना वाले दिन हाइवे पर बिहारीपुरा कट पर बसंती देवी घर जाने के लिए साधन का इंतजार कर रही थी। दस रुपए किराया बचाने के लिए बसंती ने राजू की बाइक पर लिफ्ट ले ली। रास्ते में राजू की नीयत बिगड़ गई। वह उसे जंगल में ले गया और दुष्कर्म कर साड़ी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और शव नाले में फेंक दिया। इसके बाद वह फरार हो गया। पुलिस की पांच टीमें आरोपी की तलाश में जुटीं, तकनीकी आधार पर पुलिस ने भीलवाड़ा के एक आश्रम से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### आश्रम में रहकर फरारी काट रहा था

**आरोपी** राजू मीणा वारदात को अंजाम देकर दौसा चला गया। 27 सितंबर को यहां दिनभर घूमने के बाद 28 सितंबर को डूंगरपुर पहुंच गया। वह यहां पुराने परिचित ठेकेदार के घर पर 3 अक्टूबर तक ठहरा, लेकिन किसी को वारदात के बारे में नहीं बताया। 4 अक्टूबर को गांव आया, यहां पुलिस का माहौल देख अगले दिन भीलवाड़ा स्थित आश्रम में चला गया। तभी से वह आश्रम में रहकर फरारी काट रहा था। आरोपी दिसंबर 2016 में बस्सी इलाके में ही नकली नोटों के साथ पकड़ा गया था, जिसमें तीन साल की सजा व जुर्माना न्यायालय द्वारा किया गया था।

# दो महिलाओं सहित एक व्यक्ति की चेन तोड़ी

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मुरलीपुरा और वैशाली नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश दो महिलाओं सहित तीन जनों की सोने की चेन तोड़ ले गए। पुलिस के अनुसार मुरलीपुरा थाने में जय चामुंडा कॉलोनी निवासी नीलम जांगिड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 9 अक्टूबर की दोपहर बाइक सवार बदमाश बीसी एकेडमी के पास से चेन तोड़ ले गया। बदमाश मुरलीपुरा स्कीम निवासी शकुंतला खंडेलवाल की भी चेन तोड़ ले गए। इधर वैशाली नगर में बदमाश ग्रेनेड मार्ग निवासी सुरजन के साथ 9 अक्टूबर को घर के पास ही चेन छीनने की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

# चूड़ी कारखाने से 3 बालश्रमिक मुक्त कराए

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। भट्टा बस्सी थाना पुलिस ने बचपन बचाओ आंदोलन की सूचना पर चूड़ी बनाने के कारखाने में काम रहे तीन बालश्रमिकों को मुक्त करवा कर कारखाना मालिक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हुकुम सिंह ने बताया कि एनजीओ की सूचना पर संजय नगर स्थित चूड़ी बनाने के कारखाने से तीन बालश्रमिकों को मुक्त करवाकर कारखाना मालिक एजाज को गिरफ्तार किया गया है।

# खुद की फाइल चुराते कैमरे में कैद हुआ युवक

## हैरिटेज नगर निगम से जुड़ा हुआ है मामला

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। नगर निगम जयपुर हेरिटेज कार्यालय से एक युवक अपने ही भूखंडों के पुनर्गठन से संबंधित सरकारी फाइल को चुरा ले गया। कई दिनों तक फाइल नहीं मिली तो जिस कक्ष से फाइल चोरी हुई थी, उस कक्ष और आस-पास के कैमरों में चोर की खोजबीन की गई, जिसमें एक युवक सरकारी फाइल को चुराकर ले जाते हुए देखा गया। सरकारी फाइल चुराने वाले की पहचान रवि मीणा निवासी सीकर हाउस जयपुर के रूप में हुई है। नगर निगम हेरिटेज के कनिष्ठ विधि अधिकारी वेद प्रकाश मीणा ने रवि मीणा के विरुद्ध माणक चौक थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जोधपुर : कलेक्ट्रेट परिसर में युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

जोधपुर। मोटरसाइकिल छीनने को लेकर पुलिस की कार्रवाई नहीं होने से परेशान युवक ने सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। गनीमत रही कि उस समय कलेक्टर कार्यालय के पास उदयमंदिर थाना प्रभारी अमित सिहाग मौजूद थे। उन्होंने तुरंत युवक को पकड़ लिया। अगर थोड़ी देर हो जाती तो वह खुद को जला लेता। इसके बाद युवक को उदयमंदिर थाना ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में सामने आया कि वह बनाड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। कुछ लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल छीन ली थी। इसको लेकर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। परेशान होउसने यह करने की ठानी। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# दलित युवक की हत्या के मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**

हनुमानगढ़। पीलीबंगा थाना क्षेत्र निवासी दलित युवक की निर्मम हत्या के मामले में गठित टीम ने सोमवार को तीन ओर आरोपियों को गिरफ्तार कर एक आरोपी को राउंड अप किया है। एसपी प्रीति जैन ने बताया कि 8 अक्टूबर को गांव प्रेमपुरा निवासी दलित युवक जगदीश मेघवाल की हत्या के मामले में रविवार को आरोपी मुकेश, दिलीप, सिकंदर, हंसराज को गिरफ्तार किया गया एवं विधि से संघर्षरत किशोर को निरुद्ध किया गया था। सोमवार को तीन आरोपी विनोद कुमार (22) व महेन्द्र (23) निवासी प्रेमपुरा एवं मनोहर लाल (24) निवासी जैतसर जिला श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया गया है।



# कोयला संकट के बीच बस्सी चक से लेकर कृषि मंडी तक दिन में भी जलती रोड लाइटें

**महानगर संवाददाता**

बस्सी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कोयले की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए अफसरों को खदानों पर भेज कर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं तथा बिजली कटौती जैसे प्रयास कर बिजली की बचत की जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे लोगों को बिजली बचाने के लिए जागरूक करें। सरकारी विभागों में भी जरूरत के समय ही बिजली जलाई जाए, बाकी समय बंद रखी जाए, लेकिन राजधानी जयपुर के बस्सी कस्बे के बस्सी चक से लेकर बस स्टैंड होते हुए कृषि मंडी तक रोड लाइट पिछले कई दिनों से दिन और रात जल रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ये लाइटें लगी हैं तब से कुछ दिनों तक तो ऑटोमेटिक सिस्टम काम कर रहा था, उसके बाद से ही लाइटें 24 घंटे जल रही हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार जेडीए के अधिकारियों और स्थानीय विद्युत विभाग के कर्मचारियों व उच्च अधिकारियों को इस मामले को लेकर अवगत करवाया था लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।



बस्सी बस स्टैंड से कृषि मंडी तक रोड लाइटें लगी हुई हैं, जिसमें कई रोड लाइटें खराब हैं तथा जो रोड लाइट सही हैं वे दिन के उजाले में भी जल रही हैं। प्रश्न यह खड़ा होता है जो रोड लाइटें खराब हैं उन्हें ठीक क्यों नहीं कराया जा रहा तथा कोयले की कमी के कारण उत्पन्न संकट के बीच प्रशासन दिन के समय रोड लाइट जलाने की लापरवाही कैसे कर रहा है। प्रशासन की इस लापरवाही के कारण बिजली का दुरुपयोग हो रहा है।

### प्रशासन की लापरवाही पड़ सकती है महंगी

वर्तमान समय भारत में हुई कोयले की किल्लत से बिजली उत्पादन पर भी बड़ा असर पड़ा है दावा किया जा रहा है कि सामान्य दिनों में एक्सचेंज में बिजली रेट 6-7 रुपए प्रति यूनिट होती है, लेकिन अब 20 रुपए तक पहुंच गई है। एक्सचेंज से खरीद की औसत दर 3-4 रुपए से बढ़कर 10 रुपए हो गई। बस्सी प्रशासन द्वारा बरती जा रही ऐसी लापरवाही से सरकार को कितना नुकसान हो रहा है इसका अनुमान लगा सकते हैं।

### इनका कहना

बस्सी चक से लेकर कृषि मंडी तक रोड लाइटें लगी हुई हैं व जेडीए के अधीन हैं। इनका पूरा रखरखाव और मेंटेनेंस सब कुछ जेडीए करता है, लेकिन अगर दिन में रोड लाइटें जलती नजर आएंगी तो हम उनकी सप्लाई काटेंगे।

**छोटेलाल सैनी,**
सहायक अभियंता, बस्सी

## मातृशक्ति ने किया कन्या पूजन

**महानगर संवाददाता**

बाड़मेर। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष किशोर भार्गव ने बताया कि नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति व विश्व हिंदू परिषद द्वारा ऑफिसर कॉलोनी में मनोकामना मंदिर परिसर में महिला शक्तिकर्ण पर संगोष्ठी कर कन्या पूजन किया। मातृशक्ति विभाग संयोजिका सुनीता पुरोहित ने अपने बौद्धिक सत्र में कहा कि नवरात्र में ही कन्या पूजन किया जाता है। मातृशक्ति, देवी शक्ति को पूजा जाता है, जबकि दैनिक व्यवहार में हम मातृशक्ति को कितनी इज्जत एवं मान मर्यादा देते हैं। नवरात्र के दिनों के अलावा हमें पूरे वर्ष हमेशा प्रतिपल नारी शक्ति को इज्जत व मान मर्यादा देनी चाहिए। मातृशक्ति जिला संयोजिका शर्मिला चौहान ने कहा कि वैदिक काल से ही नारी को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। किसी भी हवन, यज्ञ, पूजन में स्त्री, धर्मपत्नी का होना अति आवश्यक एवं श्रेष्ठ होता है, अथवा वैदिक कार्य अधूरा होता है तभी तो नारी को अर्धांगिनी कहा गया है। कहा गया है कि सदा भवानी दाहिनी सम्मुख रहत गणेश पांच देव रक्षा करें ब्रह्मा, विष्णु, महेश । मातृशक्ति नगर संयोजिका जयश्री खत्री ने बताया कि भगवानों में भी नारी को श्रेष्ठ व ऊंचा स्थान दिया है, तभी तो महादेव को महादेव , अर्धनारीश्वर कहा गया है। सभी देवताओं के नाम के साथ मातृशक्ति का नाम जोड़ा गया है जैसे राधा कृष्ण, सीताराम, लक्ष्मीनारायण। इन सभी के बौद्धिक के बाद अस्त्र शस्त्रों का ज्ञान कराकर उनका पूजन व कन्याओं का पूजन किया गया। नगर सह संयोजिका राजेश्री खत्री, मधु, सुशीला, रेखा देवी, तुलसी बाई ने पूजन में भाग लिया।

## विकास अधिकारी ने दिए लक्ष्य अर्जित करने के निर्देश

**महानगर संवाददाता**

रामगढ़ पचवारा। उपखंड मुख्यालय के पंचायत समिति भवन में प्रशासन गांवों के संग अभियान की पूर्व तैयारी को लेकर विकास अधिकारी प्रियंका मीणा की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।



प्रशासन गांवों के संग अभियान में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को अर्जित करने हेतु ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक में भाग लेते हुए विकास अधिकारी प्रियंका मीणा ने सख्त निर्देश दिए। प्रशासन गांवों के संग अभियान की बैठक में विकास अधिकारी प्रियंका मीणा ने कहा कि आम जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले एवं प्रशासन गांवों के संग अभियान को लेकर ग्राम विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रहने के लिए पाबंद किया

बैठक के दौरान विकास अधिकारी प्रियंका मीणा ने पंचायत स्तर पर टीम गठित कर प्रत्येक गांव के प्रत्येक परिवार का सर्वे कराने का निर्देश देते हुए आबादी भूमि में निवास करने वाले परिवारों को पट्टे देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त विकास अधिकारी राजाराम मीणा, सहायक विकास अधिकारी शंभू दयाल मीणा, प्रभु लाल बैरवा, अधिकारी छोटे लाल बैरवा, मनोहर लाल शर्मा, श्रवण लाल मीणा, बाबूलाल शर्मा, अरुण कुमार शर्मा, बाबूलाल जागा, सत्यनारायण शर्मा सहित अनेक ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, व्यर्थ बहा जल

### पीएचईडी के अधिकारी व कार्मिक बेखबर

**महानगर संवाददाता**

चौमूं। ग्राम मोरीजा से गुजर रहे चौमूं- चंदवाजी स्टेट हाइवे पर लालचंद सोनी के मकान के सामने पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से रोजाना हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। उपसरपंच सुदर्शन शर्मा ने बताया कि स्थानीय निवासी वैद्य गौरीशंकर शर्मा ने सूचना दी कि स्टेट हाइवे पर पाइपलाइन टूटी हुई है और पानी व्यर्थ बह रहा है। मौके पर जाकर देखने पर ज्ञात हुआ कि पाइपलाइन किसी वाहन के गुजरने से टूटी है और सुबह सप्लाई के समय पानी पूरा यहीं निकल जाता है। शर्मा ने बताया कि पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से स्थानीय निवासियों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक करवाने के लिए जलदाय विभाग चौमूं के अधिकारियों और कार्मिकों को अवगत करवाया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।



## विधायक शर्मा ने की राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात



**महानगर संवाददाता**

चौमूं। विधायक रामलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर स्थित राज भवन में राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने गुवारड़ी निवासी प्रहलाद सहाय सैनी, जो कि गुर्दा रोग से पीड़ित है तथा पिछले 3 वर्ष से डायलिसिस पर है। उनकी पुत्री नीलम सैनी का नर्सिंग कॉलेज का शुल्क राजकोष से जमा करवाने, नांगल भरड़ा निवासी फूलचंद जाट के दो पुत्र मनीष उम्र 8 वर्ष एवं चिराग उम्र 6 वर्ष जो कि डीएमडी जैसी खतरनाक बीमारी से ग्रसित हैं। उनका राजकोष से इलाज करवाने एवं कोलाहेड़ा निवासी मनोहर लाल शर्मा गंभीर ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं। उनका इलाज राजकोष से करवाने की मांग की। इन परिवारों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। विधायक रामलाल शर्मा के आग्रह पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

## चौमूं विधायक रेल मंत्री से मिले

चौमूं। विधायक रामलाल शर्मा ने दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट की। विधायक रामलाल शर्मा ने शिष्टाचार भेंट के दौरान गाड़ी संख्या 09708/09707 अमरापुर अरावली फेस्टिवल स्पेशल का चौमूं-सामोद स्टेशन पर ठहराव के सबंध में और रींगस से जयपुर और जयपुर से दौसा डेमू ट्रेन चलाने की मांग रखी। इस दौरान रेल मंत्री से इस विषय पर सारी वार्ता सकारात्मक रही।



## इंडियन आइकन का किया स्वागत

**महानगर संवाददाता**

पावटा। ग्राम पंचायत जाजेकला में आयोजित बाबा भैरूंजी महाराज के भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में शामिल हुए इंडियन आइकॉन के ओपी बायला का ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बायला ने भैरू बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया और जनप्रतिनिधियों तथा कार्यक्रम के आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मुकेश सोलंकी गुरुजी, सुनील वर्मा, प्रकाश यादव, सुदामा सैनी, विनोद मौजूद रहे।



## नन्ही-मुन्नी बालिकाओं के बीच मनाया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस



**महानगर संवाददाता**

चौमूं। जाटावाली में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस को बेटी जन्मोत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम चौमूं राहुल जैन, गोविंदगढ़ विकास अधिकारी भागीरथ मीणा की उपस्थिति में नन्ही मुन्नी बच्चियों से केक कटवाकर बालिका दिवस मनाया गया। बालिकाओं के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षक ममता नामावत, मंजू मावलिया, गिर्राज, अमित खंडेलवाल, अशोक, उर्मिला ओला व गोविंदगढ़ ब्लॉक की साथिनों सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## पेयजल पाइप लाइनें टूटीं, बह रहा पानी

**महानगर संवाददाता**

चाकसू। कस्बे में कई जगह पेयजल की पाइपें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इससे लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। हैरानी की बात है कि कोटखावदा मोड़ पर जलदाय विभाग के कार्यालय के सामने नवनिर्मित फुटपाथ पर ही लीकेज के कारण लाखों लीटर पानी व्यर्थ बहकर पास ही में मौजूद अंबेडकर पार्क में जमा हो रहा है। यही नहीं, कई जगह ऐसी भी हैं, जहां फुल प्रेशर से पानी बह रहा है।

कस्बे में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं और दूसरी ओर जलदाय विभाग व्यर्थ पानी को बहने से रोकने में कोई पहल नहीं कर रहा है। यहां से होकर जलदाय विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों का आना-जाना दिन भर लगा रहता है। इसके बावजूद पाइप को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है।

## पत्रकार संघ एवं सोसायटी ने दिया ज्ञापन

**महानगर संवाददाता**

भीलवाड़ा। पत्रकारिता से जुड़े ब्लैक मेलिंग के एक प्रकरण के बाद पत्रकारों के खिलाफ आने वाली शिकायतों को परिवाद में रख जांच करने की मांग को लेकर शहर के तीन प्रमुख पत्रकार संगठनों के बैनर तले शहर के तीन दर्जन से अधिक पत्रकारों ने सोमवार को पुलिस महानिदेशक जयपुर के नाम एक ज्ञापन जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा को दिया। ज्ञापन में राजस्थान पत्रकार संघ, जिला पत्रकार संघ एवं भीलवाड़ा प्रेस सोसायटी ने लिखा कि किसी एक घटना से समूचे पत्रकार जगत एवं पत्रकारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करना उचित नहीं, किसी भी पत्रकार या संपादक का विज्ञापन मांगना, खबर छापना मौलिक एवं व्यावसायिक अधिकार है, जिसे सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने सभी पत्रकारों के मौलिक अधिकारों की रक्षा का आश्वासन दिया और उन्होंने पत्रकार संगठनों की मांग को उचित एवं जायज मानते हुए पत्रकारों के मामले में प्राप्त शिकायत को पहले परिवाद में रखने का आश्वासन दिया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई- निविदा सूचना**
Tender No. EL-C-JP-Qtrs.DNA-RKB-21-04R दिनांक 8/10/2021
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण-1) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है: - **1. कार्य का नाम :** राईका बाग-डेगाना खंड के दोहरीकरण परियोजना के संबंध में राईका बाग-डेगाना खंड के बीच स्टाफ क्वार्टरों के विद्युत से सम्बन्धित आउट साइड विविध कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 9158508.00. 3.** बयाना राशि जो जमा करनी है **₹0.00. 4.** निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय : 03.11.2021 Upto 15.00 Hrs. 03.11.2021 at 15.30 Hrs. **5.** उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता : www.ireps.gov.in
561-DK/21
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज**
ई निविदा संख्या:- PAY AND USE-MTJ-2021-4 दिनांक- 05.10.2021
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा मथुरा जं. रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 एवं 07 के मध्य जी.आर.पी. थाने के सामने स्थित नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट कॉम्पलैक्स एवं तृतीय प्रवेश द्वार पर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित नवनिर्मित टॉयलेट कॉम्पलैक्स के संचालन एवं रख-रखाव के ठेके के आवंटन हेतु **"एकल पैकेट निविदा प्रणाली"** के तहत तीन साल की अवधि के लिए आमंत्रित की गयी खुली ई निविदा का विवरण निम्न प्रकार है:-

| निविदा संख्या एवं दिनांक | PAY AND USE-MTJ-2021-4 Date:- 05.10.2021 |
|---|---|
| कार्य की विवरण | मथुरा जं. रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 एवं 07 के मध्य जी.आर.पी. थाने के सामने स्थित नार्मल पे एण्ड यूज टॉयलेट कॉम्पलैक्स एवं तृतीय प्रवेश द्वार पर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित नवनिर्मित टॉयलेट कॉम्पलैक्स के संचालन एवं रख-रखाव के ठेके का कार्य |
| कार्य की अवधि | 03 वर्ष |
| कार्य की लागत | ₹31,76,983/- (03 वर्ष हेतु) |
| बयाना राशि | ₹9,88,206/- |
| निविदा फार्म की राशि | ₹3,540/- |
| निविदा की वैधता अवधि | 60 दिन (निविदा खोलने की दिनांक से) |
| ऑन लाईन ई निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | 01.11.2021 को समय 15:00 बजे तक |
| ई निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | 01.11.2021 को समय 15:30 बजे |

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑन लाईन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। **1.** निविदायें केवल ऑनलाइन माध्यम से बेव पोर्टल www.ireps.gov.in पर ही भरी जायेगी। **2.** बयाना राशि एवं निविदाफार्म की कीमत केवल ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से बेव पोर्टल www.ireps.gov.in पर जमा की जायेगी।
1069/2021 V
North Central Railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## प्रशासन गांवों के संग : शिविर का आयोजन

# उद्योग मंत्री ने 102 लाभार्थियों को किया पट्टों का वितरण

**महानगर संवाददाता**

लालसोट। पंचायत समिति लालसोट की ग्राम पंचायत महारिया में प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि लालसोट की ग्राम पंचायत महारिया में सोमवार को प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन किया गया।

लालसोट प्रधान नाथू लाल मीणा की जन्म भूमि ग्राम पंचायत महारिया में उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा ने पहुंच मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। शिविर के दौरान उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा, लालसोट प्रधान नाथू लाल मीणा एवं सरपंच रूपंती देवी ने लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।



शिविर के दौरान उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा ने सोमा देवी की कृषि कार्य के दौरान मृत्यु हो जाने पर उनके पति मदन लाल बैरवा को राजीव गांधी कृषि कल्याण योजना के तहत 2 लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान किया।

किसान कैलाश मीना का कृषि कार्य के दौरान अंगूठा कट जाने पर कृषि उपज मंडी सचिव द्वारा 5 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक दिया गया। शिविर के दौरान उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा ने 102 लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया एवं 5 लाभार्थियों को शिविर में पेंशन पीपीओ फार्म जारी किए।

विकास अधिकारी दिवाकर मीणा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग शिविर में 26 नए जॉब कार्ड जारी किए गए। उन्होंने बताया कि शिविर में विद्युत व पेयजल समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया साथ ही आयुर्वेद विभाग एवं चिकित्सा विभाग द्वारा जांच कर मौके पर दवा का वितरण किया गया।

प्रशासन गांवों के संग शिविर में उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा, प्रधान नाथू लाल मीणा, सरपंच रूपंती देवी, एसडीएम संरिता मल्होत्रा, विकास अधिकारी दिवाकर मीणा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, अतिरिक्त विकास अधिकारी प्रकाश चंद शर्मा, प्रगति प्रसार अधिकारी विमल जैन, सहायक विकास अधिकारी कमलेश मीणा, नरेगा प्रभारी प्रदीप तिवारी सहित कई विभागों के अधिकारी तथा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## भारत स्काउट संघ ने विश्व मानसिक दिवस मनाया

**महानगर संवाददाता**

लालसोट। उपखंड मुख्यालय पर राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ लालसोट के तत्वावधान में विश्व मानसिक दिवस आनंद हॉस्पिटल प्रांगण में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. सुनीत उपाध्याय रहे। विशिष्ट अतिथि प्रभारी गाइड कमिश्नर अंजना त्यागी, स्काउट कमिश्नर चौथमल मीना, डॉ. अर्चना शर्मा रहे। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह में भाग लेने वाले अपेल अकेडमी की रेंजर स्वाति बिस्वास प्रथम, राजेश पायलट राजकीय पीजी कॉलेज की रेंजर सुनीता मीना द्वितीय स्थान, राउमावि सोनड के स्काउट विवेक शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इनके साथ प्रिंसी बड़ाया, आजीवन सदस्य सुनील शर्मा, बृज सुंदर वैष्णव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुनीत उपाध्याय ने कहा कि मानसिक बीमारियां भी सामान्य साधारण बीमारियों की भांति ही होती हैं, जो चिकित्सक के परामर्श से आसानी से ठीक हो जाती हैं, लेकिन मानसिक तनाव को स्वयं पर हावी नहीं होने दें और सप्ताह में कुछ समय स्वयं के लिए निकालें और स्वयं की रुचिकर चीजें अवश्य करें। इस अवसर पर विजेंद्र माली के नेतृत्व में राउमावि सोनड़ के स्काउट्स ने एक नाटक का भी मंचन किया जिसमें अंधविश्वास से दूर रह कर योग एवं चिकित्सक की सलाह से उपचार लेने का संदेश दिया गया। इंटरनेशनल बलिका दिवस पर राबाउमावि लालसोट की गाइड स्नेहा खंडेलवाल, कविता स्वामी, रितु वर्मा सहित अन्य गाइडों को सम्मानित किया गया। स्काउट सचिव श्रीकान्त शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में माया बैरवा, दीपक खंडेलवाल, लोकेश महावर, विकास खटीक सहित स्काउट गाइड उपस्थित रहे।



## आयम्बिल ओलीजी तप की आराधना कार्यक्रम आज से

**महानगर संवाददाता**

भीलवाड़ा। सुवाणा कस्बे में चातुर्मासरत साध्वी मैना कंवर के सान्निध्य में 9 दिवसीय आयम्बिल ओलीजी तप की आराधना कार्यक्रम आज से प्रारंभ होगा जो 20 अक्टूबर को संपन्न होगा। श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सुवाणा के उपाध्यक्ष प्रकाश चपलोत जैन ने बताया कि 9 दिवसीय ओलीजी तप आराधना कार्यक्रम के लाभार्थी भीलवाड़ा निवासी भंवर लाल, महावीर कुमार, अशोक कुमार, महेन्द्र कुमार बापना हैं।

## समाज सेवा का दूसरा नाम है लॉयंस क्लब : खटाना

**बांदीकुई** समाज सेवी डॉ. रमेश विजय की पुण्य तिथि पर लॉयन्स क्लब बांदीकुई का स्थाई प्रोजेक्ट लॉयंस बस शैल्टर का लोकार्पण विधायक गजराज खटाना एवं प्रान्त 3233ई-1 के प्रान्तपाल एमजेएफ लॉ. सुनील गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब संरक्षक पूर्व प्रान्तपाल एमजेएफलॉ. डॉ. देवेन्द्र मदान ने की। इस अवसर पर विधायक जीआर खटाना ने कहा कि समाज सेवा का दूसरा नाम लॉयंस क्लब है। बांदीकुई लॉयन्स क्लब ने प्रत्येक क्षेत्र में मानव सेवा की मिसाल कायम की है तथा प्रत्येक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। प्रान्तपाल एमजेएफ ने बताया कि लायन्स क्लब बांदीकुई का यह स्थाई प्रोजेक्ट सेवा कार्य की एक मिसाल है। इससे क्लब की अलग पहचान बनेगी। इससे पहले विधायक और प्रान्तपाल का क्लब अध्यक्ष लॉ. प्रमोद व्यास और समस्त क्लब सदस्यों की ओर से तिलक लगाकर, माला पहनाकर, साफा ओढ़ाकर स्वागत किया गया।



## 53 स्थानों पर वैक्सीनेशन आज

**बांदीकुई।** ब्लॉक क्षेत्र में मंगलवार को 53 स्थानों पर टीकाकरण होगा। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल देव मीना ने बताया कि सभी सीएचसी, पीएचसी पर कोवैक्सीन एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविशील्ड की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाई जाएगी। सभी स्थलों पर ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था रहेगी। डॉ. मीना ने बांदीकुई ब्लॉक के निवासियों से अपील की है कि सभी अपने आपको एवं परिवार के सभी सदस्यों को वैक्सीन लगवा कर कोविड से सुरक्षित रखें।

## चिकित्सक ने लिखी ब्रांडेड दवाइयां सिटी डिस्पेंसरी से हटाया

**महानगर संवाददाता**

बाड़मेर। जिला मुख्यालय पर निशुल्क दवा योजना का लाभ मरीजों को नहीं मिलने की शिकायत बीते कुछ दिनों से जिला प्रशासन को मिली रही थी। शहर की सिटी डिस्पेंसरी में डॉक्टर सुरेश माली मरीजों को निशुल्क दवा नहीं दे रहे हैं। डिस्पेंसरी से बाहर मेडिकल दुकान से ब्रांडेड दवाइयां मंगवा कर मरीजों के चूना लगा रहे हैं। इस पर जिला प्रशासन ने जांच करने पर सही पाया और सिटी डिस्पेंसरी से डॉक्टर को हटाकर जिला अस्पताल में लगा दिया है। डॉक्टर के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी है। दरअसल कुछ दिन पहले जिला कलेक्टर लोक बंधु को शिकायत मिली थी कि बाड़मेर शहर की गडरा चौराहा डिस्पेंसरी में कार्यरत डॉक्टर सुरेश माली मरीजों को निशुल्क दवाइयां नहीं दे रहे हैं। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम से जांच करवाई थी। इसमें कमियां पाई गई थीं। अस्पताल प्रशासन ने भी जांच करवाई तो भी कमियां पाई गई थीं। कुछ दवाइयां स्टोर और डिस्पेंसरी में उपलब्ध होने के बावजूद बाहर के मेडिकल से मंगवाई जा रही थीं। एसडीएम रोहित चौहान ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर हमने सिटी डिस्पेंसरी में एक बोगस कस्टमर भेजा था। इसको भी जेनेरिक दवा न लिखकर ब्रांडेड दवाइयां लिखी गईं और स्टॉक देखने पर निशुल्क दवा का स्टॉक भी नहीं मिला और डॉक्टर के द्वारा लंबे समय से दवाइयों की डिमांड भी नहीं की गई थी। इसकी रिपोर्ट बनाकर जिला कलेक्टर को सौंप दी है।

## नवरात्र के शुभ अवसर पर शर्मा इवेंट्स की ओर से डांडिया का आयोजन

**महानगर संवाददाता**

बस्सी। में शर्मा इवेंट्स द्वारा नानगी पैलेस में डांडिया नाइट महोत्सव कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह अचलपुरा बस्सी के द्वारा मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना व आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में शर्मा इवेंट्स के ऑर्गेनाइजर रवि शर्मा व कमल सिंह व टीम के द्वारा मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह बस्सी का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह बस्सी के द्वारा डांडिया कार्यक्रम में आए हुए सभी बालक-बालिकाओं व महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया और कहा कि आपके द्वारा जो मुझे मान सम्मान मिला उसके लिए आप सभी का व शर्मा इवेंट्स टीम का धन्यवाद। इस मौके पर महावीर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।



# आधे नवरात्र के बाद खनके डांडिया, गरबा में बरसा भक्ति रस

## नई गाइडलाइन के बाद विवाह स्थल पर बिखरने लगी रौनक

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। शारदीय नवरात्र के आधे से ज्यादा दिन बीतने के बाद अब डांडिया की खनक सुनाई देने लगी है। प्रशासन की ओर से 200 लोगों की छूट मिलने का आयोजकों ने स्वागत किया है। देर से गाइडलाइन जारी करने से लोगों में रोष भी है, लेकिन नवरात्र के तीन दिन और शेष रहने पर अनेक संस्थाओं ने सोमवार को कार्यक्रम की सूचनाएं जारी कर दी। श्रीराम सेवा समिति, मुरलीपुरा के तत्वावधान में नारायण वाटिका में डांडिया उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि महिला थाने की एसएचओ राजबाला थीं। साकार मेला समिति की निशा पारीक, वार्ड 15 की पार्षद मीनाक्षी शर्मा, मेगा मैक्स हाइट के डायरेक्टर भाटी अनमोल पारीक, हरिओम जन सेवा समिति के अध्यक्ष पंकज गोयल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

श्रीराम सेवा समिति की संयोजक अनीता पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं ने डांडिया खेला एवं माता रानी के भजनों पर नृत्य किया। इस मौके पर समिति की गीतांजलि खेमका, अनीता, ममता अग्रवाल, परमिता खेमका, प्रियंका पारीक, मंजू अग्रवाल, ममता, बिंदायका अग्रवाल, सरिता केडिया, सुमन केडिया सहित अन्य महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



### 51 कन्याओं का किया पूजन

अखिल भारतीय खंडेलवाल वैश्य युवा जागृति संघ क्षेत्र मुरलीपुरा की ओर से कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त मंत्री संजय मेठी ने बताया कि कार्यक्रम में 51 कन्याओं का पूजन किया गया। सतीशचंद्र कूलवाल और दीपक बूसर मौजूद रहे।

### गुजराती समाज गरबा में लीन

गुजराती समाज के नवदुर्गा गरबा मंडल के तत्वावधान में सुभाष चौक स्थित पानो के दरीबा में नौ दिवसीय गरबा डांडिया कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को महामंडलेश्वर पुरुषोत्तम भारती ने मां दुर्गा के दरबार में आरती उतारी। श्रद्धालुओं ने मातारानी के भजनों की प्रस्तुतियां दी। यहां रोजाना रात्रि 9 बजे से गरबा और डांडिया का कार्यक्रम हो रहा है जिसमें गुजराती समाज के लोग शामिल हो रहे हैं।



### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

नांगल जैसा बोहरा के चौगान बाबा हनुमान मंदिर में युवा शक्ति केंद्र की ओर से सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पाठ के बाद ग्रामीणों ने दीपक लेकर महाआरती की। संरक्षक राजेंद्र सदानंद महाराज के सान्निध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हाजिरी दी। वहीं खोरा बीसल के शुभरामपुरा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में रामनाम संकीर्तन किया गया।

## कॉलोनियों में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने की मांग

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। समाजसेवी रवि शंकर धाभाई ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर आवासीय कॉलोनियों में भारी वाहनों की अवैध पार्किंग पर रोक लगाने की मांग की है।

धाबाई ने पत्र में अवगत करवाया कि जयपुर सहित विभिन्न शहरों में भारी वाहनों की पार्किंग आवासीय कॉलोनियों और आवासीय कॉलोनी के आसपास हो रही है, जिससे अन्य वाहन चालकों को आए दिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भारी वाहनों से दुर्घटना की भी आशंका रहती है। इसलिए कॉलोनियों में भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाई जाए।

## खांडल समाज का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। भारतीय विप्र खांडल समाज का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह माधोराजपुरा स्थित खेड़ापति बालाजी स्थित जगद्गगुरु श्री रामानुजाचार्य गुरुकुल में आयोजित किया गया।

इस मौके पर कई कार्यक्रम हुए। समाज की दशा और दिशा पर अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए नए संकल्प लिए। स्वामी बालमुकुंदाचार्य के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में मूलचंद चोटिया, कपिल चोटिया, सुरेश कुमार रूंथला, महावीरप्रसाद जोशी, कमलेश चोटिया, कैलाश चोटिया, धनाराम बाबा, प्रभु दयाल रूंथला, सुरेश, मुकेश रूंथला, जितेंद्र सिंह सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

**अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन**

## प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर गोविंद अग्रवाल का अभिनंदन

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार संघी ने जयपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी गोविंद अग्रवाल (गोविंदम ग्रुप) को राजस्थान प्रदेश के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। गोविंद अग्रवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार संघी एवं राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर का आभार व्यक्त किया है। विभिन्न समाजों के अध्यक्ष सहित अनेक समाजसेवी व्यक्तियों ने गोविंद अग्रवाल का श्याम नगर जनपथ स्थित प्रदेश कार्यालय पर अभिनंदन किया। गोविंद अग्रवाल ने प्रदेश कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर पवन लश्करी एवं एस एन काबरा, महामंत्री पद पर राजेश खुंटेटा एवं मनीष मंगोड़ीवाला, कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र मित्तल, युवा प्रदेश अध्यक्ष पद पर मुकेश विजय, अतिरिक्त महामंत्री दिनेश पोद्दार समेत लगभग 51 लोगों की नियुक्ति की है।



## सोनाका फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन केअर में हुआ रीढ़ की हड्डी का सफल इलाज

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मुरलीपुरा स्थित सोनाका फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन केयर में पिछले दिनों रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्या का इलाज अत्याधुनिक मशीनों से किया गया। एल 4, एल 5 तथा अस 1 का दर्द एवं विस्थापन का भी इलाज किया गया। सोनाका फिजियोथेरेपी के निदेशक डॉ. दीपक कुमार उज्जैनिया ने बताया कि रेनवाल रोड चौमूं निवासी मालीराम कुमावत पुत्र कालूराम कुमावत को रीढ़ की हड्डी, कमर तथा पैरो में बहुत तेज दर्द, झनझनाहट और सूनापन था। उनको ठीक से चलने और खड़े होने में दिक्कत होती थी। सोनाका फिजियोथेरेपी में उनका अत्याधुनिक मशीनों से इलाज किया गया। उसके बाद मालीराम पूर्ण स्वस्थ है और उपचार से खुश हैं।



## राष्ट्रीय लेखक संघ की बैठक संपन्न

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन नई दिल्ली के तत्वावधान में गुरुग्राम राष्ट्रीय लेखक संघ की बैठक राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुई। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक ने बैठक का शुभारंभ किया। वैश्य लेखकों की चिंतन बैठक में भाग लेकर लौटे अग्र विभूति ग्रंथ के संपादक कन्हैयालाल मित्तल ने बताया कि बैठक में देश के 30 प्रमुख विश्लेषक, लेखक और साहित्यकार शामिल हुए। इस मौके पर 356 वैश्य घटक, उप जातियों के इतिहास के संकलन का संकल्प लिया गया। चिंतक बैठक में भोपाल से ओमप्रकाश अग्रवाल, जोधपुर से अशोक गुप्ता, गुरुग्राम से ईश्वर मित्तल, नागपुर से दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, जयपुर से कन्हैयालाल मित्तल, संजय पी पंगरिया, अरुण कुमार, दिल्ली से मोहित गर्ग, पवन सिंघल, विपिन गुप्ता सहित पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री अग्रवाल सम्मेलन बालकृष्ण अग्रवाल भी शामिल हुए।



## नेभनानी बने निर्विरोध अध्यक्ष

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। सिंधु वेलफेयर सोसायटी के द्विवार्षिक चुनाव में हरगुण आसन दास नेभनानी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। यह जानकारी चुनाव अधिकारी डीडी लधानी ने दी।



## डांडिया महोत्सव में हुईं कई प्रतियोगिताएं

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। युवा जागृति संगठन, अमरलाल साहिब मंडल और पूज्य पंचायत राजापार्क सिंधी कॉलोनी की ओर से डांडिया महोत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक दौलत त्रिलोकानी बताया कि बेस्ट ड्रेस के लिए राजकुमार माखीजा और ज्योति माखीजा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। राशि रोचवानी बेस्ट चिल्ड्रन, पलक मोटवानी बेस्ट लेडी डांसर, जीतू खत्री बेस्ट जेंट्स, स्वीटी लालवानी और सारांश कृपलानी बेस्ट कपल रहे।

कार्यक्रम में समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी, राजन सरदार, गिरधारी कृष्णानी, कुंदन लाल पठानी, आलोक खंडेलवाल, दिलीप अलवानी, शंकर आसनानी, पार्षद नीरज अग्रवाल, मनोज ठाकवानी, करन अलवानी, भारत दयाल, पुरुषोत्तम गुलवानी, रमा पठानी, भूमि कृपलानी, रिया लोकवानी, पदमा हेमनानी, ज्योति रोचवानी, लक्ष्मण टेकचंदानी, रेखा सैनी, रमेश हरपलानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से...

### प्रतापनगर, विद्याधरनगर, मुरलीपुरा में गायत्री यज्ञ संपन्न

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। प्रतापनगर के यूनिट टॉवर में आयोजित पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ में स्थानीय लोगों ने वेद मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। यूनिक टॉवर के अध्यक्ष मनोहर केशवानी, सरदार सिंह, प्रवीण सिंह एवं अन्य ने प्रारंभ में वेदमाता गायत्री, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य और भगवती देवी शर्मा का पूजन किया। व्यासपीठ से गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी ने यज्ञ का संचालन करते हुए यज्ञ और गायत्री महामंत्र का महात्म्य बताया। उन्होंने कहा कि गायत्री सद्ज्ञान और सद्बुद्धि का महामंत्र है। गायत्री मंत्र के जप से विवेक जाग्रत होता है। वहीं यज्ञ सत्कर्म करने की प्रेरणा देता है। सारी सृष्टि का संचालन यज्ञीय भाव से ही हो रहा है। दिनेश आचार्य और धर्मेंद्र सोलंकी ने गुरु वंदना के बाद होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से...जैसे प्रज्ञागीतों की सरस प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर जन्मदिन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न करवाए गए।

वहीं, विद्याधरनगर सेक्टर छह के चंद्रमौलेश्वर महादेव पार्क में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। व्यासपीठ से गायत्री कचोलिया ने संगीतमय यज्ञ करवाते हुए यज्ञीय संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान किया। विजयश्री भारद्वाज ने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित की।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा की ओर से रामेश्वरम् धाम कॉलोनी के गौड़ विप्र भवन में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। सर्व समाज के कई लोगों ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। भगवान सहाय ने वह शक्ति हमें दो दयानिधे कर्तव्य मार्ग पर डट जाएं... होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से...जैसे प्रज्ञागीतों की सरस प्रस्तुतियां दीं।

श्री गौड़ विप्र समाज, जयपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरीश शर्मा, सुशील भारद्वाज, सुनीता भारद्वाज, रिछपाल पारीक, ललित भट्ट, उमाशंकर खंडेलवाल, विनीत शर्मा, लक्ष्य शर्मा सहित अन्य ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना की। श्री गौड़ विप्र समाज, जयपुर के अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने बताया कि रामेश्वरम् धाम कॉलोनी स्थित गौड़ विप्र भवन में हर रविवार को सुबह सवा आठ बजे निशुल्क गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इसमें कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है।

## महेशनगर में वैक्सीनेशन कैंप आयोजित



**महानगर संवाददाता**

जयपुर। नगर निग्रम ग्रेटर वार्ड नंबर 136 के महेशनगर स्थित हरियाणा सुहागण मैरिज गार्डन में वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया। विधायक कालीचरण सराफ और नगर निगम ग्रेटर की महापौर शील धाभाई ने शिविर का शुभारंभ किया। स्थानीय पार्षद उषा टाटीवाल ने बताया कि शिविर में 218 डोज लगाई गई। इस मौके पर महेश नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अजमेरा, वार्ड 148 के पार्षद महेश सैनी, वार्ड 136 के अध्यक्ष जीएल जोपट, भाजयुमो शहर उपाध्यक्ष गौरव तिवाड़ी, वार्ड 140 के अध्यक्ष राजसिंह गोपालिया, वार्ड 144 के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, मंडल प्रभारी सुभाष पालीवाल, मंडल मंत्री सुभाष अग्रवाल, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद बड़ेतिया, महामंत्री डीडी सैनी, राज कुलदीप सिंह, सुरेंद्र पालीवाल, विजय गुर्जर, नरेंद्र कुमावत, अनूप अग्रवाल, निखिल रेसवाल, जितेंद्र सोना, सुरेंद्र पाराशर, अशोक कुमावत, रामेश्वर गुर्जर, भवानीसिंह चौहान, जब्बू राम बैरवा, किशन लाल बंसीवाल, सुरेंद्र शर्मा, आलोक सिंह, गिर्राज खंडेलवाल, मानक बोहरा, नटवर कुमावत, अशोक शर्मा, बाबूलाल सैनी, सावित्री तोणगरिया, पवन सिंह, कृष्णा नारानिया उपस्थित रहे।



## सोमेश्वर महादेव मंदिर में किया हवन

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। विश्व जागृति मिशन, जयपुर की ओर से आदर्शनगर के सोमेश्वर महादेव मंदिर में हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित कीं। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज की महिमा के भजन और आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। महामंत्री रमेशचंद्र सेन ने बताया कि संस्था की ओर से 17 अक्टूबर को मंदिर में सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक कैंसर जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। महावीर कैंसर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ लोगों को परामर्श देंगे।

## दिव्यांगों के उपकरणों के लिए दिया अनुदान




**महानगर संवाददाता**

जयपुर। लिनेस क्लब के सेवा सप्ताह स्वयंसिद्धा के अंतिम दिन दिव्यांग सेवा के अंतर्गत महावीर विकलांग सहायता समिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर क्लब ने ट्राई साइकिल, जयपुर फुट, बैसासी और रोजगार बॉक्स के लिए अनुदान दिया। दिव्यांगों के साथ वार्तालाप कर उनके परेशानियां समझी। पीआरओ कमलेश सोनी ने बताया किए विशिष्ट अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष वीणा पारेख, प्रांतीय अध्यक्ष ऊषा भंडारी, सेवा सप्ताह कोऑर्डिनेटर आशा शर्मा, प्रांतीय एडमिनिस्ट्रेटर अंजना जैन, प्रांतीय सचिव तृप्ति सेठ, स्वग्रही मांओ, सेवा सप्ताह सलाहकार आशी, कुसुम सोगानी सहित पांच क्लब की अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित रहीं। दिव्यांग सेवा कोऑर्डिनेटर राज अग्रवाल ने आभार प्रकट किया।

**दृष्टिहीन बच्चों को कराया भोजन:** सारथी सेवा संघ ने नाहरगढ़ रोड पर लंगर के बालाजी स्थित राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ में रह रहे 100 बच्चों को भोजन करवाया। संघ के अध्यक्ष पवन जैन ने बताया कि इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, भारतीय व्यापार मंडल के संरक्षक श्रवण जिंदल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## महिलाओं को बांटे सेनेटरी पैड के पैकेट

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। श्री श्याम महोत्सव सेवा समिति की ओर से खाटूश्यामजी की 1300 जरूरतमंद महिलाओं को नि:शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश मोदी ने बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर शुरू किए गए नारी सम्मान अभियान के तहत प्रत्येक माह खाटूश्यामजी में महिलाओं और युवतियों को नि:शुल्क सैनिटरी पैड वितरण किया जाता है। शिविर में किरण गोयल, अनामिका गुप्ता, महेंद्र मंगल, देवेंद्र शर्मा, आलोक मटोलिया, नेहा मटोलिया उपस्थित रहे। वहीं स्थानीय कार्यकर्ताओं में बाबूलाल हांसपुरिया, किशन जोशी, कैलाश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।





## जन्मदिन पर औषधीय पौधे वितरित

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रहे सेवाभावी लोग अपना जन्मदिन भी पेड़-पौधों से जुड़े कार्यक्रमों के साथ मना रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत प्रमुख अशोक शर्मा ने मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस अकेडमी में 151 वितरित किए। विद्यालय प्रबंध निदेशक आयुष कुमार शर्मा ने बताया कि इस मौके पर उन्होंने कॉलोनीवासियों को इको ब्रिक्स बनाने और जल संरक्षण का संकल्प भी करवाया। आयोजक पृथ्वी सिंह ने अशोक शर्मा को साफा बांधकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।

# हिंदुस्तान जिंक को मिला बेस्ट सीएसआर प्रैक्टिस अवॉर्ड

## नवाचार और विकास कार्यक्रमों पर लगी मुहर

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। हिंदुस्तान जिंक को बेस्ट ऑवरऑल एक्सीलेंस इन सीएसआर श्रेणी में सीएमओ एशिया का बेस्ट सीएसआर प्रेक्टिस अवार्ड मिला है। यह पुरस्कार हिन्दुस्तान जिंक की ओर से सीएसआर के तहत किए गए नवाचारों और विकास के कार्यक्रमों के लिए प्रदान किया गया है।

हिंदुस्तान जिंक के अधिकारियों ने बताया कि यह पुरस्कार अपने आसपास के समुदायों के जीवन में विशेष रूप से सकारात्मक बदलाव लाने की मान्यता हैं। हिंदुस्तान जिंक समुदाय को पुन: लौटाने के सिद्धांत को प्रतिपादित करता है। यह पुरस्कार महिलाओं के रोजगार और रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों, युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने, समुदाय को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने सहित हिंदुस्तान जिंक की अभिनव और प्रगतिशील सीएसआर कार्यक्रमों एवं योजनाओं के लिए दिया गया। उल्लेखनीय है कि हिंदुस्तान जिंक राजस्थान के पांच और उत्तराखंड एक जिले में सीएसआर पहलों के माध्यम से 7 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक बदलाव ला रहा है। खुशी और नंद घर परियोजना, शिक्षा संबल, ऊंची उड़ान जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं रींगस में बालिका उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। खेल के क्षेत्र में कंपनी जिंक फुटबॉल अकादमी के माध्यम से जमीनी स्तर पर फुटबॉल प्रतिभाओं को तरास रही है। सखी हिंदुस्तान प्रमुख महिला सशक्तिकरण परियोजना है। करीब 27 हजार महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होने की ओर अग्रसर हैं। प्रोजेक्ट जीवन तरंग कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में लाने में सहायता की जा रही है।

### किसान-पशुपालकों की हो रही प्रगति

हिंदुस्तान जिंक समाधान परियोजना के माध्यम से 30 हजार किसानों और पशुपालकों की आजीविका में प्रगति ला रहा है। ग्रामीण समुदायों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल स्वास्थ्य वैन गांवों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करवा रही है।











# तेल कंपनियों की मनमानी, जनता पर भारी

## पेट्रोल 111 रुपए तो डीजल 102 रुपए पार पहुंचा

**अंतरराष्ट्रीय** बाजार में कच्चे तेल की कीमत स्थिर रहने के बावजूद देश में तेल कंपनियों की मनमानी जारी है। दीपावली से पहले पेट्रोल, डीजल के दाम लगातार बढ़ने से आम आदमी का बजट बिगड़ रहा है। लेकिन न तो सरकारों को आम आदमी की जेब पर बढ़ते इस बोझ से कोई सरोकार है न ही तेल कंपनियां राहत देने की सोच रही हैं, ऐसे में उपभोक्ता की स्थिति दो पाटों के बीच पिसने जैसी हो गई है। सप्ताह की शुरुआत में पेट्रोल 31 पैसे तो डीजल 38 पैसे प्रति लीटर बढ़ा। नतीजा यह हुआ कि जयपुर में पेट्रोल 111 रुपए के पार पहुंच गया। आज पेट्रोल 111 रुपए 54 पैसे तो डीजल 102 रुपए 69 पैसे के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले 18 दिन में पेट्रोल 3 रुपए 41 पैसे और डीजल 4 रुपए 70 पैसे चढ़ चुका है। दरों में वृद्धि का यह आलम बरकरार रहा तो पेट्रोल जल्द 120-25 के पार पहुंच जाएगा। इस महीने में यदि सोमवार, 4 अक्टूबर को छोड़ दिया जाए तो हर रोज इन ईंधनों के दाम बढ़े हैं। तभी तो सिर्फ इसी महीने के 10 दिन में पेट्रोल जहां 2.80 रुपए महंगा हो गया है तो डीजल 3.30 रुपए चढ़ गया है। इस महीने की पहली तारीख को पेट्रोल जहां 25 पैसे महंगा हुआ था वहीं डीजल भी 30 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ था।



दरअसल, पिछले महीने के अंतिम दिनों से जो पेट्रोल की कीमतें बढ़नी शुरू हुई, वह आज भी नहीं थमी है। हां, बीच में कुछ दिनों इसे विराम मिला था। वैसे भी, इस समय कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर से 82 डॉलर के पार पहुंच गई है। इसलिए सभी पेट्रोलियम पदार्थ महंगे हो रहे हैं। पेट्रोल की कीमतों में देखें तो इस महीने यह 2.80 रुपए प्रति लीटर महंगा हो चुका है। कारोबारी लिहाज से देखें तो पेट्रोल के मुकाबले डीजल बनाना महंगा पड़ता है। लेकिन भारत में खुले बाजार में पेट्रोल महंगा बिकता है और डीजल सस्ता बिकता है। हालांकि इस महीने के एक दिन को छोड़ दें तो हर रोज डीजल महंगा हुआ है। इस दौरान पेट्रोल के मुकाबले डीजल ज्यादा महंगा हुआ है। 10 दिनों में ही यह 3.30 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। कच्चे तेल के बाजार में इस दिनों जबरदस्त तेजी है। एक ओर कच्चे तेल की मांग बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर इसकी सप्लाई का सही इंतजाम नहीं है। इसी वजह से पिछले सप्ताह अंतिम कारोबारी दिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमतें करीब ढाई फीसदी चढ़ गई। नवंबर 2014 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जबकि अमेरिकी क्रूड का दाम 80 डॉलर प्रति बैरल के पार गया। हालांकि कारोबार की समाप्ति तक यह टिका नहीं रहा और उस समय फिर फिसल कर 80 डॉलर के नीचे आ गया। इस सप्ताह के शुरुआती दिन भी कच्चे तेल में तेजी के संकेत हैं। सिंगापुर के बाजार में सुबह ब्रेंट क्रूड 0.52 डॉलर तेज होकर 82.91 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड हो रहा था। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 0.67 डॉलर बढ़ कर 80.02 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। कोरोना जैसी महामारी के दौर में तेल कंपनियों की यह वक्री चाल आम आदमी की कमर तोड़ने में लगी है। हालांकि, सबसे ज्यादा चिंता रसोई गैस को लेकर है। इसी साल रसोई गैस की कीमत में 205 रुपए तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार 6 अक्तूबर से घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर 15 रुपए की बढ़ोतरी की है। यह दो महीने के भीतर चौथी कीमत बढ़ोतरी है। इस बढ़ोतरी के बाद 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब राजधानी दिल्ली में 899.50 रुपए हो गई है। त्योहारी मौसम में कीमतों की इतनी ज्यादा बढ़त बाजार ही नहीं, बल्कि लोगों की जेब पर सीधे असर डालेगी। ऐसा आखिर क्यों हो रहा है! बताया गया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ते भाव के कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। जहां एक-एक पैसे की बढ़त से बजट पर असर पड़ता हो, वहां बीस-तीस पैसे की बढ़त बहुत गंभीर है। ऐसे में आम आदमी का सवाल है कि क्या सरकार को कर के स्तर पर रियायत देकर पेट्रोल की कीमत को 100 रुपए से नीचे नहीं रखना चाहिए! इसमें कोई शक नहीं कि सरकार को विकास कार्यों के लिए पैसे चाहिए। लेकिन पहले से टूटी कमर से अपना जीविकोपार्जन कर रहे गरीब-गुरबों के प्रति सरकार की क्या कोई जिम्मेदारी नहीं है... यदि मध्यम श्रेणी वर्ग सरकार की प्राथमिकता में शामिल है तो उसके लिए क्या किया जा रहा है वह सामने आना ही चाहिए। यह माना कि सरकार की अपनी बाध्यताएं भी हैं, वह कोरोना काल में अधिकांश ट्रेनों के बंद होने के बावजूद रेल कर्मचारियों को परंपरा के अनुरूप बोनस देने के लिए मजबूर है। त्योहारी मौसम में अन्य सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कुछ न कुछ सरकार देगी। लेकिन सरकारी नौकरियों में देश के पांच प्रतिशत लोग भी नहीं हैं, बाकी लोगों को सरकार कीमतों में बढ़ोतरी न करते हुए ही राहत दे सकती है। उम्मीद करनी चाहिए कि अब पेट्रोलियम पदार्थों और आम लोगों की जेबों को नहीं छेड़ा जाएगा। बेशक, सरकार को पैसे चाहिए। वह कर या आयकर के स्तर पर ज्यादा वसूली नहीं कर पा रही है। पैंडोरा ने यह संकेत दिया है कि देश के अनेक दिग्गज देश में कमाए गए धन को येन-केन-प्रकारेण बाहर भेजते रहे हैं, अत: उस काले धन को गरीबों के हित में लगाएं।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत स्थिर रहने के बावजूद देश में तेल कंपनियों की मनमानी जारी है। दीपावली से पहले पेट्रोल, डीजल के दाम लगातार बढ़ने से आम आदमी का बजट बिगड़ रहा है। लेकिन न तो सरकारों को आम आदमी की जेब पर बढ़ते इस बोझ से कोई सरोकार है न ही तेल कंपनियां राहत देने की सोच रही हैं, ऐसे में उपभोक्ता की स्थिति दो पाटों के बीच पिसने जैसी हो गई है। सप्ताह की शुरुआत में पेट्रोल 31 पैसे तो डीजल 38 पैसे प्रति लीटर बढ़ा। नतीजा यह हुआ कि जयपुर में पेट्रोल 111 रुपए के पार पहुंच गया। आज पेट्रोल 111 रुपए 54 पैसे तो डीजल 102 रुपए 69 पैसे के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले 18 दिन में पेट्रोल 3 रुपए 41 पैसे और डीजल 4 रुपए 70 पैसे चढ़ चुका है। दरों में वृद्धि का यह आलम बरकरार रहा तो पेट्रोल जल्द 120-25 के पार पहुंच जाएगा। त्योहारी मौसम में कीमतों की इतनी ज्यादा बढ़त बाजार ही नहीं, बल्कि लोगों की जेब पर सीधे असर डालेगी। ऐसा आखिर क्यों हो रहा है!**

# महानायकों की अनमोल विरासत: जेपी और नानाजी, दोनों ने साथ लड़ी 1975 में भारत की दूसरी आजादी की लड़ाई

**प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल**




**जब** हम आजादी के अमृत महोत्सव का संदर्भ लेते हैं, तो आजाद भारत के लिए सामाजिक परिवर्तन, उचित अर्थनीति, राजनीति तथा शिक्षा की कल्पना करने वाले दो महान व्यक्ति त्व लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी और राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख एक साथ उभरकर सामने आते हैं। दोनों के बीच अद्भुत समानता है। पहली यही कि दोनों का जन्मदिन 11 अक्टूबर को पड़ता है। दोनों ने 1975 में भारत की दूसरी आजादी की लड़ाई साथ-साथ लड़ी। एक का नेतृत्व था, तो दूसरे का संगठन कौशल। दोनों नायकों में एक और विशेष समानता यह है कि उन्होंने राजनीति में सक्रिय रहते हुए चुनावी राजनीति से अलग होकर समाज रचना के नए प्रयोग किए। दोनों ही औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त भारत की निर्मिति के लिए समग्र क्रांति की अवधारणा को स्वीकार करते हैं। दोनों का भारत गांवों में है। दोनों ही भारत के श्रमिकों को, खेतिहर मजदूरों को भारत भाग्य विधाता के रूप में देखते हैं। इन सबसे ऊपर वे गांधी और पं. दीनदयाल की परंपरा को स्वीकृति देते हुए भारत के मूल अधिष्ठान को आध्यात्मिक मूल्यों में देखते हैं। ये आध्यात्मिक मूल्य ऐसे हैं जिनमें समग्र क्रांति का एक गीत बरबस याद आता है, 'मंदिरों, मस्जिदों में नहीं, जहां श्रम करे हाथ, भगवन वहीं।' यह उन युवाओं का प्रिय गीत रहा जो स्वयं को समाज शिल्पी के रूप में सांस्कृतिक परिवर्तन के ध्वजवाहक के रूप में प्रस्तुत कर रहे थे।

लोकनायक और राष्ट्र ऋषि के रूप में एक विचार और भविष्य के सूत्र देता है तो दूसरा उसे धरातल पर उतारकर श्रेष्ठ भारत की इमारत खड़ी करने के विविध प्रयोग प्रारंभ करता है। स्वाभाविक तौर पर राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के साथ लोकनायक जयप्रकाश नारायण को याद करना स्वतंत्र भारत के इतिहास के उस विशिष्ट कालखंड को याद करना है जिसमें जयप्रकाश के बिगुल ने तरुणाई को जगाया और समग्र क्रांति की संभावनाओं को स्वर दिया। 1977 में समग्र क्रांति का यह अभियान जब राजनीति के खांचे में आकर सत्ता परिवर्तन के रूप में सिमटने लगा तो नानाजी ने केंद्र में मंत्री बनने के बजाय उत्तर प्रदेश के अत्यंत पिछड़े इलाके गोंडा के एक गांव में समाज शिल्पी बनना स्वीकार किया। बेहतर भविष्य की आस में उन्होंने 'जयप्रभा' ग्राम की नींव रखी। समाज विज्ञान के सिद्धांतों के गठन के ध्येय से दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय शोध संस्थान स्थापित किया। वस्तुत: गांधी, जयप्रकाश और दीनदयाल इन तीनों को मूर्तिमान रूप में नानाजी के जीवन में देखा जा सकता है। जब मिश्रित अर्थव्यवस्था और समाजवादी झुकाव वाले राज्य के कारण संवेदना से संपूरित समाज रचना ओझल हो रही थी, तब उन्होंने विभाजित समाज को साधकर प्रतीति कराई कि गांव बढ़ेगा तभी भारत बढ़ेगा।

समग्र क्रांति में समाज परिवर्तन, शिक्षा परिवर्तन, व्यवस्था परिवर्तन और राजसत्ता परिवर्तन की अपनी अवधारणा को स्पष्ट करते हुए जेपी ने अपनी बात रखी। हालांकि परिवर्तन के बाद सरकार में आए लोगों को लगा कि सत्ता मिलने के साथ ही प्रयोजन भी सिद्ध हुआ। बिल्कुल वैसे जैसे नेहरू और उनके साथियों को लगा था कि आजादी के बाद बात पूरी हो गई है और सत्ता सब कुछ बदलेगी। जेपी ने तब भी राजनीति से बाहर निरंतर समाज परिवर्तन के यत्न करने पर जोर दिया था। इसकी दुहाई दी थी कि समग्र परिवर्तन केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं होना चाहिए, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण फिर से एक नया आंदोलन शुरू करने की स्थिति में वह नहीं थे। तब नानाजी संसदीय-चुनावी राजनीति से बाहर आए और उन्होंने ग्राम विकास का एक नया प्रयोग प्रारंभ किया। उसमें गांधी, विनोबा और दीनदयाल की समग्र दृष्टि दिखाई दी, जिसमें अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय की संकल्पना चरितार्थ होने के बीज हैं। अंत्योदय और सर्वोदय न तो राजसत्ता से आएगा और न ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों से। नौजवानों को समाज शिल्पी के रूप में आगे आना होगा। हजारों नौजवानों ने अपने वैयक्तिक जीवन के सुख और सपने छोड़कर समाज कार्य करना स्वीकार किया।

एक ओर गोंडा के जयप्रभा गांव और उसके आसपास विकास का प्रयोग प्रारंभ हुआ तो दूसरी ओर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के अत्यंत पिछड़े बुंदेलखंड इलाके में ग्रामोदय की कल्पना साकार हुई। इसे न केवल सिद्धांतकार के रूप में प्रस्तुत किया गया, बल्कि सैकड़ों गांवों में खेती बदली, पढ़ाई बदली, परस्पर संबधों का स्वभाव बदला, भारतीयता, आध्यात्मिकता, संवेदनापूरित समता की मूल्यदृष्टि को समाज जीवन में चरितार्थ किया। आज जब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है तब ऐसी चरितार्थता का स्मरण करना आवश्यक प्रतीत होता है। कोरोना जनित सामाजिक अंतराल के इस कठिन कालखंड में सशक्त समाज की निर्मिति की चुनौती को देखते हुए यह जरूरी भी है।

गांधी जी और दीनदयाल जी के सिद्धांतों पर आधारित जेपी और नानाजी का रास्ता हमारे लिए अहम और एकमात्र विकल्प बनकर उभरा है। हालांकि, प्रत्येक सिद्धांत काल की परिस्थितियों से प्रभावित होता है। जेपी और नानाजी ने गांधी, विनोबा और दीनदयाल जी के विचारों में आवश्यक एवं व्यावहारिक संशोधन कर सफल और सार्थक प्रयोग किए थे। भारत ने अब आत्मनिर्भरता का आह्वान किया है तो जेपी और नानाजी के बताए और दिखाए रास्ते हम सबकी सामूहिक स्मृति का हिस्सा बनते हैं। आज जब आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जेपी और नानाजी जैसे महापुरुषों को याद किया जा रहा है तब केवल उनके व्यक्तित्व का ही स्मरण नहीं, उनके कृतित्व, विचारों और मूल्यों को भी याद किया जाना चाहिए। साथ ही यह भी प्रयास होना चाहिए कि उनके विचार और मूल्य भारतीय जीवन का अंग बन सकें। इससे ही अमृत महोत्सव की सार्थकता बढ़ेगी।

# आमजन के लिए वरदान मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना

**हेत प्रकाश शर्मा**
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग




**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने बजट 2021-22 में 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' को प्रदेश में लागू करने की घोषणा कर चिकित्सा क्षेत्र में एक अभिनव शुरुआत की। इस घोषणा की अनुपालना में 1 मई 2021 से प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत की गई है। आम आदमी को चिकित्सा पर लगने वाले बड़े खर्चों से मुक्त कर राजकीय अस्पतालों के साथ-साथ संबद्ध निजी अस्पतालो में भर्ती होने पर निशुल्क इंडोर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का संचालन किया जा रहा है।

इस योजना के लाभार्थियों के लिए सामान्य बीमारी से लेकर हार्ट बाइपास, कैंसर और कोरोना तक के पैकेजेज शामिल किए गए हैं। योजना में मरीज को दवाई, उपचार, हॉस्पिटल खर्च और किसी भी प्रकार की अन्य मेडिकल सामग्री बिना किसी खर्च मिलती है। समस्त खर्च राज्य सरकार द्वारा अनुबंधित बीमा कंपनी द्वारा तथा ट्रस्ट मोड द्वारा वहन किया जा रहा है। इस योजना के तहत गंभीर बीमारी का कैशलेस इंडोर उपचार होने से यह योजना आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के अन्तर्गत विभिन्न बीमारियों के उपचार के कुल 1579 बीमारीयों के पैकेज शामिल किए गए हैं।

योजना से सम्बद्ध निजी एवं सरकारी अस्पताल में भर्ती होने पर लाभार्थी परिवार नि:शुल्क उपचार का लाभ ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत पंजीकृत परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए का बीमा कवरेज उपलब्ध करवाया जा रहा है। निर्धारित पैकेज में लाभार्थी हेतु समस्त सुविधाएं कैशलेस होती हैं। अस्पताल किसी भी रूप में मरीज से कोई भी राशि वसूल नहीं कर सकते। अस्पताल को इलाज के बदले पैकेजेज की निश्चित दर के अनुसार सरकार द्वारा पुनर्भरण होता है। यह सुविधाएं इंडोर मरीजों के लिए ही मान्य हैं। बीमित परिवार के सभी सदस्यों की बीमा से पूर्व की समस्त बीमारियों की कवरेज भी की गई है।

- इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के समस्त नागरिक अपना पंजीयन करवा सकते हैं।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के 1 करोड़ 4 लाख 89 हजार 833 परिवार
- सामाजिक आर्थिक जनगणना (एसईसीसी) 2011 के पात्र 1199 परिवार, समस्त विभागों में कार्यरत 71 हजार 742 संविदाकर्मिक, लघु एवं सीमांत 14 लाख 96 हजार 166 कृषक परिवार
- कोविड अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले 2 लाख 97 हजार 711 परिवार पूर्णत: निशुल्क पंजीकृत है। अन्य परिवार प्रीमियम राशि 1700 रुपए की आधी यानी मात्र 850 रुपए प्रीमियम राशि का भुगतान कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसमें आय और आयु की कोई सीमा नहीं है। अब तक अन्य 9 लाख 8 हजार 788 परिवार सहित कुल 1 करोड़ 36 लाख 56 हजार 908 परिवार इस योजना से जुड़ चुके हैं। लघु व सीमांत कृषक, संविदाकर्मियों तथा राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 अनुग्रह राशि भुगतान प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवार का संपूर्ण प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा, वहन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत दिनांक 1 अप्रेल, 2021 से पंजीकरण आरंभ किया गया। संबंधित श्रेणी के पात्र लाभार्थी स्वयं ऑनलाइन अपने एसएसओ आईडी अथवा ई मित्र केन्द्र पर जाकर पंजीयन करवा सकते हैं। ई-मित्र केन्द्र पर पंजीकरण पूर्णतया नि:शुल्क है। आवेदन शुल्क, प्रीमियम जमा शुल्क एवं पॉलिसी डॉक्यूमेंट प्रिंट राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 के पात्र परिवार जो पूर्व में ही जनआधार कार्ड से जुडे हुए हैं,उन्हें पंजीयन करवाने की आवश्यकता नहीं है। इस योजना में साधारण बीमारियों हेतु 50 हजार रुपए प्रतिवर्ष तथा गंभीर बीमारियों हेतु 4.50 लाख रुपए की राशि का बीमा कवर प्रतिवर्ष प्रति परिवार देय है। यह वॉलेट राशि पूरे परिवार के लिए एक पॉलिसी वर्ष में उपयोग के लिए है। योजनान्तर्गत योजना के आरंभ से पूर्व की सभी बीमारियां सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त कोविड-19 महामारी एवं म्यूकरमायकोसिस के प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा इन दोनों बीमारियों का नि:शुल्क इलाज भी योजनान्तर्गत ट्रस्ट मोड पर शामिल किया गया है। योजना का लाभ जनआधार कार्ड के माध्यम से ही दिया जाता है। इसके लिए लाभार्थी परिवार के जनआधार कार्ड पर पात्रता श्रेणी की सीडींग होना आवश्यक है। अस्पताल में इलाज के लिए जाते समय अपना जनआधार कार्ड या जनआधार पंजीयन रसीद या पॉलीसी दस्तावेज साथ ले जाना आवश्यक है। मरीज के अस्पताल में भर्ती होने से पांच दिन पहले और डिस्चार्ज के बाद के पन्द्रह दिनों का चिकित्सा खर्च पैकेज में शामिल है। राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिन लाभार्थी परिवारों ने 1 मई 2021 से 30 जून 2021 के दौरान सम्बद्ध निजी अस्पताल में कोविड-19 एवं म्यूकरमॉयकोसिस का इलाज करवाया है और अस्पतालों ने इलाज के लिए पैसा वसूल किया है, ऐसे लाभार्थी परिवारों को अस्पताल द्वारा पैसा लौटाया जाएगा एवं विभाग द्वारा पैकेज राशि के अनुसार अस्पताल को उक्त राशि का रिफंड किया जाएगा। योजना की अधिक जानकारी टोल फ्री नम्बर 1800-180-6127 से प्राप्त की जा सकती है। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर 181 पर भी फोन किया जा सकता है।

राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उठाए गए इस क्रांतिकारी कदम का लाभ आमजन को मिल रहा है। योजना की शुरुआत से अब तक प्रदेश के 3 लाख 53 हजार 610 लोगों को नि:शुल्क इलाज से लाभान्वित किया जा चुका है। अब तक योजना में प्रदेश के 1 करोड़ 36 लाख 56 हजार 908 लोग पंजीकृत हो चुके हैं। वर्तमान में राज्य के 756 सरकारी अस्पतालों जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सैटेलाइट अस्पताल, उपखंड अस्पताल, जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों, राज्य में स्थित भारत सरकार के 8 अस्पतालों एवं योजना में सम्बद्ध 537 निजी अस्पतालों में निर्धारित पैकेज अंतर्गत इलाज मिल रहा है। इसके अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा कोविड एवं म्यूकरमायकोसिस के उपचार के जिए अधिकृत निजी अस्पतालों को योजना के लाभार्थी परिवारों के कोविड एवं म्यूकरमायकोसिस के इलाज के लिए सम्बद्ध किया गया है। योजनांतर्गत सम्बद्ध अस्पतालों की सूची वेबसाइट www.chiranjeevi.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

## राशिफल

**आज दिनांक 12 अक्टूबर, 2021, मंगलवार, विक्रम संवत् 2078, आश्विन माह शुक्ल पक्ष सप्तमी, मूल नक्षत्र, गरिजा करण, सोभना योग, राहुकाल दोपहर 3.05 से 4.37 बजे तक, सूर्योदय 6.28 बजे, सूर्यास्त 5.57 बजे, चन्द्रोदय दोपहर 12.37 बजे, चन्द्रास्त रात 11.06 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11.50 से 12.36 बजे तक, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4.52 से 5.40 बजे तक, चन्द्रमा धनु राशि में संचार करेगा।**



आज के दिन आप थकान, आलस्य और व्यग्रता का अनुभव करेंगे। आपको आज स्फूर्ति नहीं लगेगी। बात-बात में आपको क्रोध आएगा। जिससे आपका कार्य न बिगड़े अथवा तो नौकरी, व्यापार के स्थान या घर में किसी को दु:ख न पहुंचे इसका ध्यान रखिएगा। किसी धार्मिक या मांगलिक कार्य में जाना हो सकता है।



आज आप शारीरिक तथा मानसिकरूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी नए कार्य का प्रारंभ न करने की सलाह भी देते हैं। खान-पान में विशेष ध्यान रखिएगा। स्वास्थ्य बिगड़ने की पूरी संभावना है। संभव हो तो प्रवास टालिएगा।



आज के दिन आप मनोरंजन तथा आनंद-प्रमोद में व्यस्त रहेंगे। मित्रों तथा परिवारजनों के साथ आनंदित वातावरण में दिन बिता पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान और प्रसिद्धि भी प्राप्त कर सकेंगे। दांपत्यजीवन में सुख मिलेगा। आप निश्चित समय में अपना कार्य पूर्ण नहीं कर पाएंगे। योग-ध्यान से मानसिकरूप से शांत रह सकते हैं।



आज का दिन आपके लिए आनंददायक सफलता प्रदान करनेवाला होगा। परिवारजनों के साथ समय सुखपूर्वक बितेगा। आवश्यक कार्य में खर्च होगा। फिर भी आर्थिक लाभ के लिए अच्छा दिन है। नौकरी करनेवालों के लिए कार्यालय में आज वातावरण अनुकूल रहेगा।



आज के दिन समय अनुकूल नहीं है। कई बातों को लेकर आपको चिंता रहेगी, जिससे आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ अनबन रहेगी। मां का स्वास्थ्य बिगड़ेगा। किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने में ध्यान रखिएगा। धन का खर्च होगा।



आज के दिन भाग्यवृद्धि होनेवाली है ऐसा गणेशजी कहते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। किसी धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। नए कार्य के प्रारंभ के लिए शुभ दिन है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। विदेश से शुभ समाचार मिलेंगे। हितशत्रुओं पर विजय प्राप्त हो सकती है। सम्मान प्राप्त होगा।



आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी है। अनावश्यक खर्च पर अंकुश रखिएगा। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे। विचारों पर नकारात्मकता छाई रहेगी, जिसे दूर कीजिएगा। धार्मिक हेतु से खर्च हो सकता है।



आप शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आप निर्धारित कार्य कर सकेंगे। आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। प्रवास की विशेषकर धार्मिक यात्रा की संभावनाएं प्रचुर हैं। किसी रिश्तेदार के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहने का अवसर आ सकता है।



आज व्यावसायिक कार्यों में सहकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। खर्च सामान्य से अधिक रहेगा। धार्मिक, सामाजिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी तथा खर्च भी हो सकता है। आरोग्य संबंधी चिंता रहेगी। पुत्र एवं रिश्तेदारों के साथ अनबन हो सकती है। मानसिक व्याकुलता का अनुभव होगा।



नए कार्यों के आयोजन का प्रारंभ करने के लिए आज का दिन शुभ है। नौकरी तथा व्यापार में लाभ होने की संभावना है। स्त्री मित्रों से कार्य मिल सकता है। लक्ष्मी देवी की कृपादृष्टि आज आप पर है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी ख्याति बढ़ेगी।



आज के दिन आपका शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सृजनात्मकता पूरी तरह से खिलने से सृजनात्मक कार्य सुंदररूप से संपन्न होगा। संतानों की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ भेट आनंददायी होगी। धार्मिक परोपकार का कार्य आप करेंगे।



आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। नौकरी या व्यापार में आपको सफलता मिलेगी तथा ऊपरी अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। इस बात से आपकी प्रसन्नता में भी वृद्धि होगी। व्यापार में उगाही के पैसे मिल सकते हैं। बड़े एवं पिता की ओर से लाभ होगा। पारिवारिक आनंद से आप आनंदित रहेंगे।

## निंदा का फल

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** बार अपना राजा चुनने के लिए पक्षियों की सभा हुई। उसमें जंगल के सभी पक्षी एकत्र हुए। सबके आ जाने पर सबसे बुजुर्ग एक चील ने उठकर सभा में कहा, इंसानों ने अपने बीच में से एक व्यक्ति को राजा चुन लिया है। जो उनकी भलाई के लिए सभी काम करता है।

जंगल के जानवरों ने भी शेर को अपना राजा चुन लिया है। केवल हम पक्षियों में ही राजा का चुनाव नहीं हुआ है। अगर हम भी अपने बीच से किसी पक्षी को राजा चुन लेते हैं तो यह बहुत फायदेमंद होगा।

किसी भी विवाद अथवा सार्वजनिक महत्व के कार्य में राजा का निर्णय कई समस्याओं से हमें बचाएगा। मैं राजा बनाने के लिए उल्लू का नाम प्रस्तावित करता हूं। क्योंकि हम लोग दिन में तो अपनी देखभाल कर लेते हैं। लेकिन रात में आने वाले खतरों से केवल उल्लू ही निपट सकता है। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो बताए। यह सुनकर सभा में बैठा एक कौआ उठकर बोला, मुझे इस उल्लू का न तो स्वभाव पसंद है न ही इसका मुख। इस प्रसन्नता के अवसर पर भी यह किस प्रकार मुंह बनाकर बैठा है? अगर कोई समस्या आएगी तो इसका मुख कैसा होगा?

यह राजा मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है। बार बार यह कहता हुआ कौवा आकाश में उड़ गया। उधर कौवे की बात सुनकर क्रोधवश उल्लू भी उसे पकड़ने के लिए उसके पीछे उड़ चला।

इधर सभी पक्षियों ने सर्वसम्मति से गरुड़ को अपना राजा चुन लिया। राजा का चुनाव तो खत्म हो गया। लेकिन कौवे द्वारा की गई निंदा के कारण उल्लू और कौवे में आज भी दुश्मनी है।

सीख: निंदा करना एक बहुत बड़ा दुर्गुण है। अगर किसी की कमियों को बताना भी हो। तो उसे अकेले में बताना चाहिए। सार्वजनिक रूप से की गई निंदा दुश्मनी का कारण बनती है।

## सुडोकु 865

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 1 | 3 | 2 | | |
| | | 3 | | | | | | |
| | 9 | | | 8 | | | 4 | |
| | | | | | | | 7 | |
| 8 | | | 5 | 2 | | | | |
| 3 | 1 | | | 4 | | 6 | 8 | |
| 6 | | | 2 | | | 1 | | 3 |
| | | 4 | | 7 | | | | 6 |
| | | | | 3 | | | 9 | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु-864 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 8 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 |
| 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 5 | 4 | 7 |

## संक्षिप्त समाचार

# आलमारियों में रखे मिले 42 करोड़ रुपए देखकर आयकर अधिकारी भी रह गए दंग

**महानगर संवाददाता**

**हैदराबाद।** भारत में कोरोना के रूसी टीके स्पुतनिक वी के विनिर्माण के लिए रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष के साथ करार करने वाली हैदराबाद की हेटरो फार्मास्यूटिकल समूह पर छापा मारकर आयकर विभाग ने 550 करोड़ रुपए की अघोषित आय पकड़ी है। सीबीडीटी ने बताया कि पिछले दिनों फार्मा कंपनी के छह राज्यों में करीब 50 ठिकानों पर छापा मारने पहुंचीं टीमों ने आलमारियों से 142 करोड़ रुपए की नकदी भी जब्त की है। इतनी बड़ी रकम देखने के बाद वहां पहुंचे अधिकारी भी दंग रह गए।

सीबीडीटी के मुताबिक, तलाशी के वक्त कई बैंक लॉकर मिले हैं, जिनमें से 16 चालू हैं। फार्मा कंपनी इंटरमीडिएट्स, सक्रिय फार्मास्यूटिकल सामग्री (एपीआई) और फॉर्मूलेशन के कारोबार में है और इसके अधिकांश उत्पाद अमेरिका, दुबई, कुछ अफ्रीकी व यूरोपीय देशों में निर्यात होते हैं। आयकर ने फर्जी और गैर मौजूद कंपनियों से खरीद में विसंगतियां पकड़ीं थीं। इसके अलावा कुछ फर्जी खर्चे से कृत्रिम महंगाई भी दिखाई गई थी। इसके अलावा जमीन खरीद के लिए पैसों के भुगतान के भी कुछ सुबूत मिले हैं। वहीं, व्यक्तिगत खर्च कंपनी के खातों में लिखने और संबंधित पक्षों द्वारा खरीदी जमीन की कीमत सरकारी पंजीकरण मूल्य से नीचे दिखाने जैस कई कानूनी मुद्दे भी आयकर टीमों की नजर में आए।

सीबीडीटी के मुताबिक, छापों के दौरान कई ऐसे ठिकाने भी मिले जहां दूसरे बही खातों और जमा नकदी भी मिली। जांच टीमों ने अपराध साबित करने के लिए डिजिटल मीडिया, पेन ड्राइव व अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। वहीं, समूह के एसएपी और ईआरपी सॉफ्टवेयर से भी डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। इनसे और अवैध लेन देन का पता चलेगा।

## जयंतीः प्रधानमंत्री मोदी ने जेपी और नानाजी देशमुख को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली। (महानगर संवाददाता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण एवं जनसंघ नेता नानाजी देशमुख की जयंती पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के प्रति उनके योगदान की सराहना की। पीएम मोदी ने जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'लोकनायक जेपी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। वह एक अतुलनीय हस्ती थे, जिन्होंने भारत के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने स्वयं को जन कल्याण के लिए समर्पित किया और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में सबसे आगे रहे। हमें उनके आदर्शों से बहुत प्रेरणा मिलती है।' प्रधानमंत्री देशमुख को श्रद्धांजलि देते हुए एक अन्य ट्वीट किया, 'महान दूरदृष्टा भारत रत्न नानाजी देशमुख को उनकी जयंती पर प्रणाम। उन्होंने हमारे गांवों के विकास और मेहनती किसानों के सशक्तीकरण के प्रति स्वयं को समर्पित कर दिया। नानाजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर 2017 में दिए गए अपने भाषण को साझा कर रहा हूं।

## तमिलनाडुः अन्नाद्रमुक की खोई जमीन पाने के लिए शशिकला फिर से खेलेंगी सियासी पारी

**महानगर संवाददाता**



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में एक बार फिर से सियासी हलचल तेज हो गई है। जमीन खो रही अन्नाद्रमुक को फिर से खड़ा करने के लिए दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की वफादार और पार्टी की पूर्व महासचिव शशिकला ने कमर कस ली है। उन्होंने कुछ दिन पहले ही राजनीति में दोबारा कदम रखने की घोषणा से सभी को चौंका दिया था।

अब खबर है कि वह पार्टी के स्वर्ण जयंती वर्ष से ठीक एक दिन पहले 16 अक्टूबर को मरीना बीच स्थित जयललिता मेमोरियल का दौरा करेंगी। इसके बाद 17 अक्टूबर को वह पार्टी के संस्थापक एमजी रामचंद्रन के घर भी जाएंगी और पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगीं। शशिकला ने साल की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह अब राजनीति से दूर रहेंगी। उन्होंने यह फैसला इसलिए किया था क्योंकि पार्टी अंतःकलह से जूझ रही थी और वह नहीं चाहती थीं कि पार्टी को और भी ज्यादा नुकसान हो, लेकिन एआईएडीएमके के विधानसभा चुनाव हारने के बाद शशिकला ने घोषणा की कि वह पार्टी को एकजुट करने के लिए फिर से राजनीति में वापसी कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार, शशिकला ने जल्द ही राज्य का दौरा करने का भी फैसला लिया है।

## उबल गया इंदिरा के पोते का खून, किसान आंदोलन को लेकर शिवसेना ने किया वरुण गांधी का समर्थन

**महानगर संवाददाता**



**मुंबई।** किसान आंदोलन और लखीमपुर हिंसा को लेकर अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले भाजपा नेता वरुण गांधी को अब शिवसेना का साथ मिल गया है। शिवसेना ने सोमवार को कहा कि वरुण के समर्थन की तारीफ करते हुए सभी किसान संगठनों को एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए। शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' में वरुण गांधी की तारीफ करते हुए यह भी पूछा है कि इंदिरा गांधी के पोते का खून तो खौल उठा और उन्होंने अपना विचार व्यक्त किया लेकिन क्या दूसरे सांसदों के खून में बर्फ का ठंडा पानी बह रहा है? सामना के लेख में लिखा है, 'वरुण गांधी भी इंदिरा गांधी के पोते और संजय गंधी के पुत्र हैं। लखीमपुर खीरी की भयंकर घटना को देखकर उनका खून खौल उठा और उन्होंने मत व्यक्त किया, लेकिन अन्य सांसदों के खून में बर्फ का ठंडा पानी बह रहा है क्या?' इसके आगे शिवसेना ने कहा, 'किसानों की हत्या, उनके खून का सैलाब देखकर सत्ताधारी पक्ष के लोगों का खून ठंडा ही पड़ गया होगा तो देश को बचाने के लिए नया स्वतंत्रता आंदोलन खड़ा करना होगा। वरुण गांधी के अभिनंदन का प्रस्ताव सभी किसान संगठनों को करना चाहिए। उन्होंने किसानों पर अन्याय का निषेध किया और उसकी कीमत चुकानी पड़ी, तब भी परवाह नहीं की। उन्होंने खुलकर किसानों के आंदोलन का पक्ष लिया।' आगे लिखा है, वरुण गांधी ने खुलकर किसानों के आंदोलन का पक्ष लिया। किसानों को कुचलकर मारनेवाले गुनहगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## उत्तराखंडः चुनाव से पहले भाजपा को बड़ा झटका

# परिवहन मंत्री यशपाल आर्य अपने बेटे सहित कांग्रेस में हुए शामिल

**महानगर संवाददाता**



**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। परिवहन मंत्री यशपाल आर्य और उनके विधायक बेटे संजीव आर्य सोमवार को दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस की सदस्यता लेकर दोनों नेताओं ने घर वापसी कर ली है।

दिल्ली में कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव की उपस्थिति में प्रेस वार्ता में यशपाल और संजीव आर्य ने वापसी की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और पूर्व सीएम हरीश रावत भी मौजूद रहे।

यशपाल आर्य बाजपुर और उनके बेटे संजीव आर्य नैनीताल सीट से विधायक हैं। वहीं यशपाल आर्य पुष्कर सिंह धामी सरकार में मंत्री थे और उनके पास छह विभाग थे। इनमें परिवहन, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र कल्याण, निर्वाचन और आबकारी विभाग शामिल थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यशपाल आर्य के कांग्रेस में शामिल होने पर कहा कि भाजपा में देश पहले और पार्टी दूसरे स्थान पर है। जबकि व्यक्तिगत हित अंतिम स्थान पर है। धामी ने कहा कि वह समझते हैं कि यशपाल आर्य का व्यक्तिगत हित आगे आ गया था।

यशपाल और संजीव आर्य ने 2017 में कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा था। भाजपा ने तब दोनों को प्रत्याशी भी बनाया था। दोनों ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद भाजपा सरकार ने यशपाल आर्य को कैबिनेट मंत्री बनाया। यशपाल आर्य छह बार विधायक रह चुके हैं। यशपाल पूर्व में उत्तराखंड विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे हैं। यशपाल आर्य पहली बार 1989 में खटीमा सितारगंज सीट से विधायक बने थे। वह पहले भी काफी समय तक कांग्रेस पार्टी में रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस विधायक राजकुमार व प्रीतम सिंह पंवार और निर्दलीय विधायक राम सिंह कैड़ा ने भाजपा का दामन थामा था। इस दौरान हरीश रावत ने कहा कि भाजपा के समय भी यशपाल आर्य को महत्व दिया गया। उनके पास महत्वपूर्ण विभाग रहे। वहीं यशपाल आर्य के बेटे होने के नाते संजीव आर्य ने अपनी अलग पहचान बनाई। कहा कि सहकारिता के प्रदेश के चेयरमैन रहे और युवा नेता संजीव आर्य ने अपनी अलग शख्सियत बनाई है। यशपाल आर्य और संजीव आर्य का कांग्रेस में तहे दिल से स्वागत है। कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य और विधायक संजीव आर्य के कांग्रेस में शामिल होने पर देहरादून स्थित कांग्रेस भवन में आतिशबाजी की व एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर कांग्रेसियों ने जश्न मनाया। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि उत्तराखंड सरकार में वरिष्ठ मंत्री व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष यशपाल आर्य और उनके बेटे संजीव आर्य की कांग्रेस में घर वापसी से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यशपाल आर्य कोई साधारण नेता नहीं हैं। उनकी कांग्रेस वापसी से राज्य भर में कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस तरह से पिछले कुछ दिनों से दल-बदल का खेल शुरू किया था, कांग्रेस को उसका जवाब देना जरूरी हो गया था। कांग्रेस बहुत दल-बदल के पक्ष में नहीं है, लेकिन पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता जो पार्टी को छोड़कर गए हैं, वह पार्टी में आते हैं तो उनका खुले दिल से पार्टी स्वागत करेगी।

## लखीमपुर हिंसा : केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष को नहीं मिली राहत, तीन दिन का रिमांड

**महानगर संवाददाता**



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में तीन अक्टूबर को हुए बवाल में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र का बेटा आशीष तीन दिन की पुलिस रिमांड पर रहेगा। सीजेएम कोर्ट ने पुलिस को आशीष की तीन दिन की रिमांड दी है। हालांकि पर्यवेक्षण समिति ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी।

पुलिस अब पूछताछ के लिए आशीष मिश्र को 12 अक्टूबर को हिरासत में लेगी। आशीष को पहले ही 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जांच में सहयोग न करने पर पर्यवेक्षण समिति ने 14 दिन की कस्टडी मांगी थी, जिस पर अदालत ने तीन दिन की रिमांड दी है। तीन दिन की इस पुलिस रिमांड में आशीष के साथ एक वकील रह सकता है, लेकिन वो इतनी दूरी पर होगा, जो उनकी बातें न सुन सके। इसके अलावा पुलिस को थर्ड डिग्री टॉर्चर के लिए मना किया गया है।

सोमवार को सुनवाई के दौरान आशीष मिश्र को कोर्ट में पेश नहीं किया गया, बल्कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही सुनवाई हुई। इससे पहले, कोर्ट में बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले, क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर विद्याराम दिवाकर मामले की फाइल लेकर अदालत में पेश हुए। कोर्ट में बचाव पक्ष के वकील अवधेश दुबे ने अपनी दलीलें देना शुरू किया। अवधेश दुबे ने यह दलील दी कि क्या थर्ड डिग्री अपनाने के लिए आप मुलजिम का कस्टडी रिमांड मांग रहे हैं। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि मैं विवेचना के दौरान अभियुक्त के अधिवक्ता के रूप में उस समय मौके पर मौजूद था। एसआईटी के पास जो सवालों की सूची थी उसमें केवल 40 सवाल ही थे, पूरी टीम डीआईजी साहब, एसपी और सभी अधिकारियों ने तीन-तीन घंटे पूछताछ की है। टीम ने 40 सवालों की लिस्ट बनाई थी। उन्होंने कहा कि अभियुक्त सभी 40 सवालों का एक के बाद एक उत्तर देते रहे, सभी प्रश्नों का सिलसिलेवार ढंग से उत्तर दिया गया है। पहले कहा गया कि इन प्रश्नों की कॉपी आपको उपलब्ध कराई जाएगी। बाद में कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई।

## महाराष्ट्रः अनिल देशमुख के नागपुर वाले आवास पर सीबीआई का छापा, 100 करोड़ वसूली मामले में हो रही कार्रवाई

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के कई परिसरों में छापेमारी शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि 100 करोड़ की वसूली मामले में देशमुख के नागपुर और मुंबई स्थित परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। सीबीआई ने देशमुख और कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पहले ही अनिल देशमुख को 5 समन भेज चुका है, लेकिन वे अभी तक उनके सामने पेश नहीं हुए हैं। वहीं देशमुख का कहना है कि केंद्र सरकार उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश कर रही है। ईडी ने देशमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ उस वक्त जांच शुरू की थी जब सीबीआई ने 21 अप्रेल को मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त परमबीर सिंह की शिकायत पर देशमुख के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। परमबीर सिंह ने देशमुख पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। इसके बाद देशमुख ने अप्रेल में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले आयकर विभाग द्वारा 17 सितंबर को देशमुख के नागपुर, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता में 30 परिसरों पर छापे मारे गए थे। ये छापे एक प्रमुख नेता के ठिकाने पर डाले थे।

## सरसंघचालक भागवत बोलेः शादी के लिए हिंदू लड़के और लड़कियां धर्म कैसे बदल रहे हैं? ये सरासर गलत

**महानगर संवाददाता**



**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने शादी के लिए हो रहे धर्म परिवर्तन पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि शादी के लिए धर्म परिवर्तन कैसे होता है? हिंदू लड़के और लड़कियां दूसरे धर्म में कैसे बदल रहे हैं? छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए ऐसा हो रहा है। ऐसा करने वाले लड़के-लड़कियां गलत कर रहे हैं। सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि हम अपने बच्चों को तैयार नहीं करते हैं। हमें उन्हें खुद पर और अपने धर्म पर गर्व करना सिखाने की जरूरत है।

वहीं मोहन भागवत ने रविवार को परिवार प्रबोधन कार्यक्रम में कुटुंब के लिए छह मंत्र दिए। उन्होंने भाषा, भोजन, भजन, भ्रमण, भूषा और भवन के जरिए अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। भागवत ने कहा कि जैसे यहां पर परिवार प्रबोधन हो रहा है, उसी तरह सप्ताह में सभी परिवार कुटुंब प्रबोधन करें। इसमें एक दिन परिवार के सभी लोग एक साथ भोजन ग्रहण करें, इसमें अपनी परंपराओं, रीति रिवाजों की जानकारी दें। फिर आपस में चर्चा करें और एक मत बनाएं और उस पर कार्य करें। हल्द्वानी के आम्रपाली संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि घर में अपनी भाषा बोलनी चाहिए। हालांकि, कोई अन्य भाषा भी सीखने का चलन बढ़ना चाहिए। कोई पर्व, त्यौहार है तो अपनी पारंपरिक वेषभूषा धारण करें।

भागवत ने कहा कि हमारे देश में करीब आठ सौ प्रकार के भोजन हैं, इनका सेवन करें। उत्तराखंड के कई प्रकार के भोजन हैं, उनका सेवन करना चाहिए। कभी-कभार बाहर का भोजन तो ठीक है, लेकिन सामान्य तौर पर अपनी आबोहवा के अनुकूल भोजन ग्रहण करें।

भागवत ने भ्रमण पर कहा कि पूरी दुनिया देखनी चाहिए, लेकिन काशी, चित्तौड़गढ़ से लेकर हल्दीघाटी, जलियांवाला बाग भी देखना चाहिए। अपने घर के अंदर महात्मा गांधी, भगत सिंह, डॉ. अंबेडकर, वीर सावरकर आदि के चित्र लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण में कुटुंब की कहानी है, इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कुटुंब बनेगा तो उससे समाज बनेगा। इससे सोया हुआ राष्ट्र जागेगा और भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि गृहस्थ आश्रम में रहने वालों के ऊपर पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है। अपने परिवार के साथ आसपास के लोगों की भी चिंता करें।

# मुंबई में हिंसा पर उतरे प्रदर्शनकारी बेस्ट की नौ बसों में की तोड़फोड़

**महानगर संवाददाता**



**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या के विरोध में महाराष्ट्र बंद का असर दिखना शुरू हो गया है। फल, सब्जी से लेकर कई दुकानें बंद की गई हैं और कुछ इलाके से हिंसा की खबर भी आ रही है। हालांकि आवश्यक वस्तुओं की बिक्री की अनुमति दी गई है। वहीं एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना के सत्तारूढ़ गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने कहा कि बंद का आह्वान यह दिखाने के लिए किया गया है कि हमारा राज्य देश के किसानों के साथ है। वहीं शिवसेना के सांसद संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या के विरोध में महाराष्ट्र बंद में पूरी ताकत से भाग लिया।

उधर, बेस्ट की ओर से बताया गया है कि देर रात से अब तक शहर के अलग-अलग हिस्से में उनकी नौ बसों को क्षतिग्रस्त किया गया है। बेस्ट द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने सुबह-सुबह धारावी, मानखुर्द, शिवाजी नगर, चारकोप, ओशिवारा, देवनार और इनऑर्बिट मॉल के पास पट्टे पर किराए पर ली गई एक सहित नौ बसों में तोड़फोड़ की है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री एवं एनसीपी नेता नवाब मलिक ने कहा हमने लोगों से अपील की कि उन्हें एक साथ आना चाहिए। हमें अपना काम एक दिन के लिए बंद रखना चाहिए। दुकानदार खुद ही दुकानें बंद रखें। तीनों दलों के कार्यकर्ता दुकानों, प्रतिष्ठानों और लोगों से किसानों के लिए समर्थन दिखाने का अनुरोध किया। महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता जयंत पाटिल ने कहा कि लोगों ने स्वतः ही बंद का समर्थन किया। लखीमपुर खीरी हिंसा में शामिल केंद्रीय मंत्री और उनके बेटे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा किसान विरोधी है और उन्हें कुचलना चाहती है।

## सौ दिन और 100 प्रोग्राम, उत्तर प्रदेश चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने बनाया मेगाप्लान

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में अब पांच महीने से भी कम का समय बचा है और पिछली जीत को दोहराने के लिए भारतीय जनता पार्टी हरसंभव प्रयास करने में जुटी हुई है। अब भाजपा अपने चुनावी एजेंडा के तहत 100 दिनों के अंदर 100 प्रोग्राम करने की तैयारी में है। मतदाताओं से जुड़ने के लिए पार्टी के 100 दिनों के इस कार्यक्रम पर आखिरी दौर की वार्ता के लिए मंगलवार को दिल्ली में रणनीतिक बैठक भी बुलाई गई। सूत्रों के मुताबिक संगठन महासचिव सुनील बंसल, उप्र प्रभारी राधा मोहन सिंह, उप्र भाजपा चीफ स्वतंत्र देव सिंह रणनीति पर चर्चा के लिए दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से दिल्ली में मिले।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि हर मोर्चे को विधानसभा क्षेत्रवार अपने कार्यक्रमों और बैठकों को पूरा करने के लिए तय दिनों का समय दिया जाएगा। इससे पहले रविवार को उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बैठक बुलाई, जिसमें इन कार्यक्रमों को लेकर फैसले किए गए। मौजूदा समय में उप्र की करीब 110 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां 30 से 39 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। 44 सीटों पर यह प्रतिशत 40 से 49 फीसदी है तो वहीं 11 सीटों पर मुस्लिम वोटर्स 50 से 65 फीसदी तक हैं।

## बिहार में लालू के कुनबे में कलह और बढ़ीः मां के घर के सामने रुके बिना निकल गया बेटे का काफिला

# राबड़ी देवी का आशीर्वाद लिए बिना तेजप्रताप ने शुरू की पदयात्रा

**महानगर संवाददाता**



**पटना।** पार्टी से नाराज चल रहे लालूप्रसाद यादव के बड़े तेजप्रताप यादव इस बार इतने गुस्से में हैं कि झगड़ा सुलझाने में शायद अपनी मां राबड़ी देवी का भी हस्तक्षेप नहीं चाहते हैं। कल पटना लौटीं राबड़ी देवी उनके आवास पर पहुंची थीं लेकिन तेजप्रताप ने उनसे मुलाकात नहीं की। सोमवार को उम्मीद थी कि वह जेपी की जयंती पर पदयात्रा निकालने से पहले घर जाकर अपनी मां से आशीर्वाद लेंगे लेकिन तेजप्रताप का काफिला राबड़ी देवी के घर के सामने से गुजर गया। उन्होंने मां का आशीर्वाद लिए बिना ही यात्रा शुरू कर दी। तेजप्रताप यादव ने पिछले शनिवार को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो पोस्ट कर पदयात्रा निकालने के बारे में जानकारी दी थी। छात्र जन शक्ति परिषद के बैनर तले निकाली जा रही इस पदयात्रा में उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए छात्रों का आह्वान किया है। तेजप्रताप ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि वह अपनी मां राबड़ी देवी का आशीर्वाद लेने जरूर जाएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार उनका काफिला गांधी मैदान के लिए निकला। काफिला राबड़ी देवी के आवास के सामने से गुजर गया लेकिन तेजप्रताप ने रुककर अपनी मां से मुलाकात नहीं की। तेजप्रताप गांधी मैदान पहुंचकर जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जयप्रकाश के कदम कुआं स्थित घर तक पदयात्रा निकालेंगे।

इसके पहले मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में तेजप्रताप ने कहा कि जिनको हमारी काबिलियत से जलन होती है वे ही सवाल उठाते हैं। मां दुर्गा उनको सद्बुद्धि दें।

तेजप्रताप ने सोमवार को छात्र जनशक्ति परिषद की ओर से निकलने वाली पदयात्रा में शामिल होने का न्योता अपने भाई तेजस्वी यादव को भी दिया था।

उन्होंने कहा वो अपने अर्जुन (तेजस्वी यादव) को भी बुला रहे हैं। वे आएं, उनका इंतजार होगा। उन्होंने बताया कि इस पदयात्रा में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। पार्टी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट पर तेजप्रताप यादव ने कहा कि लिस्ट में उनका नाम नहीं था, कोई बात नहीं लेकिन मां राबड़ी देवी और बहन मीसा भारती का नाम जरूर होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि स्टार प्रचारक सिर्फ कागजी प्रक्रिया है लेकिन नवरात्र का समय है। महिलाओं को सम्मान देना चाहिए था।

# गरीब वंचित वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ दें: पायलट

**महानगर संवाददाता**

टोंक। पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि प्रशासन गांवों व शहरों के संग अभियान में गरीब, मजदूर व वंचित वर्ग को सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दें। आमजन भी इस अभियान में पहुंचकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। वे सोमवार को ग्राम पंचायत अरनियामाल में शिविर के दौरान आमजन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश, सीईओ डॉ. सौम्या झा, एडीएम मुरारी लाल शर्मा, उपखंड अधिकारी नित्या के भी मौजूद रहे। पायलट ने कहा कि कोरोना काल में मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में संजीवनी बनकर लोगों की आर्थिक मदद की। कोरोना की पहली व दूसरी लहर के दौरान जब लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा था, उस समय मनरेगा ने सहारा दिया। पूर्व



प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की दस साल की सरकार में 18 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया। देश में किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। प्रशासन गांवों के संग अभियान में किसानों के हित के ज्यादा से ज्यादा काम किए जाएं। पायलट ने कहा कि प्रदेश एवं जिले में खाद की कमी चल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 36 घंटों में जिले में खाद की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही बिजली काटौती को भी कम किया जाएगा। इसके बाद पायलट ग्राम पंचायत मेहंदवास पहुंचे, जहां वे ग्रामवासियों से रूबरू हुए। इस अवसर पर पायलट ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधायक कोष से 2 कमरे बनाने तथा श्मशान भूमि पर टीनशैड व बैठने की व्यवस्था करने की घोषणा की। अभियान के दौरान टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, जिला परिषद सदस्य ममता चौधरी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता, सऊद सईदी, पंचायत समिति सदस्य राधा किशन यादव, पंचायत समिति सदस्य सुमन गुर्जर, सरपंच रूप नारायण प्रजापत, हंसराज गाता, सुनील बंसल एवं रामसिंह मुकुल आदि मौजूद रहे।

## दर्शनार्थियों के लिए 13 अक्टूबर से 5 दिन बंद रहेगा मेहंदीपुर बालाजी मंदिर

**मेहंदीपुर बालाजी।** दशहरे पर अधिक भीड़ होने की संभावना के मद्देनजर कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचाव के चलते 13 से 17 अक्टूबर तक मेहंदीपुर बालाजी मंदिर दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेगा। बालाजी मंदिर ट्रस्ट सचिव एमके माथुर ने बताया कि श्री बालाजी महाराज घाटा मेहंदीपुर ट्रस्ट ने दौसा-करौली जिला प्रशासन के साथ हुई मीटिंग में श्रद्धालुओं के हित को देखते हुए यह निर्णय किया है। इस दौरान मंदिर में बंद कपाटों में आरती और नियमित लगने वाली भोग-प्रसादी जारी रहेगी। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि सरकार की गाइडलाइन का पालन कर भीड़ एकत्र ना करें। घर पर रहकर दशहरे का पावन पर्व शांति और शालीनता से मनाएं, जिससे कोरोना की तीसरी लहर से बचा जा सके।



## लोहिया की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी

जयपुर। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती तथा युग द्रष्टा डॉक्टर राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राजस्थान समग्र सेवा संघ के प्रवक्ता अनिल गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व गांधीवादी विचारधारा के प्रचार-प्रसार को लेकर 46 देशों की पैदल यात्रा करने वाले पुणे निवासी नितिन सोनावने का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सवाई सिंह, अरविंद भारद्वाज, समाजवादी नेता अर्जुन देथा, धर्मवीर कटेवा, गोपाल शरण, अनिल गोस्वामी, बसंत हरियाणा, राहुल टेकचंद, मोहम्मद नाजमुद्दीन, प्यारेलाल शकुन, प्रोफेसर गोपाल मोदानी, आशा पटेल, डॉ. दीक्षा भारतीय, ऊषा पारीक, हेमेंद्र गर्ग, डॉ. अवध प्रसाद, जयसिंह राजोरिया, भूरे सिंह, नरेंद्र सिंह, दिव्या पारीक, शैलेंद्र अवस्थी, एडवोकेट उमेश शर्मा, विष्णु शर्मा, शैलेश पारिख, डॉ. अनिल जैन, विजय बहादुर गौड़, राजेश नंदन मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन बसंत हरियाणा ने किया और धर्मवीर कटेवा ने आगंतुकों का आभार जताया।






राजधानी में आवश्यक बिजली सुधार कार्य किए जाने के कारण कई इलाकों में 12 अक्टूबर को बिजली बंद रहेगी।

**सुबह 9 से शाम 4 बजे तक :** रामनगरिया जेडीए स्कीम ए ब्लॉक, शिव ऑफिसर्स कॉलोनी ए से जी ब्लॉक, सुमन एनक्लेव ए से ई ब्लॉक, जयपुरा गांव, केशव विहार, प्रभुप्रधान सिटी, एक टांग की टंकी, करौल बाग, श्री राम नगर, राजीव गांधी नगर, मां वैष्णोपुरम, साउथ कोर्ट, कैमला की ढाणी, शांति एनक्लेव, गोनेर फाटक, नरसिंह विहार, नरसिंह एनक्लेव, गोविंद नगर एनक्लेव, स्वामी केशवानंद नगर, दीपक कॉलोनी एवं आसपास का क्षेत्र।

**सुबह 10 से शाम 4 बजे तक :** जौहरी बाजार, लालानियों का चौक, गोपालजी का रास्ता, केडिया हाउस, जामा मस्जिद एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र। मानसरोवर क्षेत्र में सेक्टर 10, सेक्टर 69 , सेक्टर 4 शॉपिंग सेंटर, किरण पथ बड़ा बाजार मध्यम मार्ग, आस्था अपार्टमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, जेके ज्वैलर्स, पुष्पा हौंडा , नीरजा मोदी स्कूल, परिष्कार कॉलेज, जयपुर हॉस्पिटल , वीटी अपार्टमेंट, अपैक्स कॉलेज, रेयान स्कूल, किसान धर्म कांटा, राजीव विहार, 6 डी इंजीनियर्स कॉलोनी, मोनिका विहार प्रथम-द्वितीय, राधा मुकुट विहार, मान्यवास, गौरी विहार विस्तार, पटेल मार्ग, कृष्णा विहार विस्तार ए, बी, सी ब्लॉक, पदम विहार, एसबीबीजे बैंक कॉलोनी, अशोक विहार,उदय नगर बी, गणेश नगर, मिथिला विहार, कैलाश पुरी, विजय नगर, बाहुबली नगर, उत्तम नगर, सुमेर नगर विस्तार ए, बी, सी ब्लॉक, वरुण कॉलोनी, न्यू सांगानेर रोड मांग्यावास, राजपूताना स्कूल, 4 पोल लोहे की डीपी, ज्योति विहार, मुंडो की ढाणी, तुलसी विद्यापीठ, बाबा छत्रपाल का मंदिर, 200 फीट रोड, कृष्णा विहार द्वितीय, श्याम वाटिका, तिरुपति विहार, मिथिला विहार, वास्तु श्री कॉलोनी, सोहन नगर बी, शिवराज विहार ए, बी, सी ब्लॉक, महेश विहार, शिव विहार सी, तीजा विहार, ज्योति विहार, पीपलीवाला ट्रांसफार्मर, तिरुपति विहार, मिथिला विहार प्रथम, मेट्रो सिटी, 200 फीट बाइपास, कृष्णा नगर, सीटीपीटी, टीबा वाली ढाणी, कमल विहार, महारानी रेस्टोरेंट, चोपड़ा फार्म हाउस, धन्वंतरि हॉस्पिटल, मेट्रो मास हॉस्पिटल एवं आसपास। सांगानेर क्षेत्र में एसडीएम कोर्ट, सांगा मोटर्स, महिला सदन, हज हाउस शिकारपुरा रोड, शिकारपुरा फाटक एवं आसपास। मुहाना मंडी गेट नंबर 2 और 3 श्मशान घाट के पास वाला ट्रांसफार्मर, 220 केवी मदरामपुरा के सामने केसर चौराहा, दिल्ली वाला फार्म, सुशील पैराडाइस, रामपुरा रोड चक्की वाला ट्रांसफार्मर, इस्कॉन प्रेम नगर ,बिहारिन की थड़ी ,एमआरएफ टायर शोरूम के आसपास। हनुमान मंदिर के आसपास। गाजी बाबा की ढाणी, भातरा की फैक्ट्री, कनकों की ढाणी, मुहाना मोड़, किशन गुर्जर के सामने, प्रेम नगर औद्योगिक क्षेत्र, रुपाली ढाणी, दातार भवन, मदरामपुरा बालाजी मंदिर, जाटों वाली ढाणी, चौधरियों की ढाणी, अर्बन ज्वैलर्स, तिवारी फैक्ट्री, जय नगर, कीरों की ढाणी, पार्श्वनाथ सिटी, तेजाजी की ढाणी, नारायण सिटी, ब्रिज विहार, श्याम विहार, दुर्गा विहार, ज्योतिराव फुले स्कूल, हाज्यावाला, मंगलम, आनंदा, संपूर्ण मुहाना मंडी एवं आसपास का क्षेत्र। प्रतापनगर क्षेत्र में राधा विहार, रघुनाथ पुरी प्रथम, सेक्टर 62 टोंक रोड, श्योपुर रोड सेक्टर 3, 5, 6, स्टार हॉस्पिटल, प्रताप प्लाजा, बीएसएनएल, एलआईसी, मौजी कॉलोनी, राम नगर, गोवर्धन नगर, विमान नगर, सोनिया नगर, द्रव्यवती नदी, गोशाला, सेक्टर 1, गायत्री नगर, कंवर का बास, थाना पुलिया, नंद कॉलोनी, मोती विहार, दिनेश कॉलोनी, बैरवा कॉलोनी, अंबिका कॉलोनी, शांति कॉलोनी, रघुनाथपुरी द्वितीय सेक्टर 71, 72 , सियाराम नगर, सीताराम कॉलोनी तृतीय, एसआर ग्लोबल स्कूल, एमपीएस स्कूल, गोमती नगर, श्री नगर, कृषि नगर एवं आसपास का क्षेत्र।

**सुबह 10 से शाम 5 बजे तक :** चित्रकूट से. 5, 8, 9, 10, जय श्री पेरिवाल, क्लासिक रेस्टोरेंट, कबाब एंड करी, संजय नगर, मिडास रेजीडेंसी, राजावत मैनोर, गोविंद नगर, शनि मंदिर के आसपास। सत्यनगर, अंगिरा नगर, ताऊ सर्किल, बृजबाल स्कूल, दीप अस्पताल, लाली माई का खेत, रील फैक्ट्री, शेखावत कॉलोनी, मैसूर महल, सिरसी बाग, आनंद वन, मिर्धा फार्म, गणेश विहार कॉलोनी, सरस्वती विहार, गणेश विहार, अरविंद कॉलेज, मनसा नगर, हनुमान एनक्लेव, गंगा विहार एवं आसपास। नारायण विहार, नारायण सागर, पंचोली विहार, शृंगारपुरा, असरपुरा, मीणों की ढाणी, खुशी एनक्लेव, अयोध्या नगर, काना विहार, हीरा नगर, जगदीशपुरी, द्रोणपुरी, भूरा पटेल मार्ग, गुलाब विहार, विकास विहार, जीवन विहार के आसपास का क्षेत्र।

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत तृतीय**
**राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा **आवास संख्या-7/MB/183 इन्दिरा गांधी नगर, जयपुर**, क्षेत्रफल **97.840 वर्ग मीटर** का आवंटन **श्री सोमदत्त गुप्ता पुत्र स्व.श्री आर.बी.गुप्ता** को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4807 दिनांक 18/09/2012 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, द्वितीय में दिनांक 27/10/2020 को करवाया गया। श्री सोमदत्त गुप्ता की मृत्यु दिनांक 15/11/2020 को हो जाने के पश्चात् उनके पुत्र श्री मनोज गुप्ता पुत्र स्व. श्री सोमदत्त गुप्ता के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के **07 दिवस** में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्गित रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्री मनोज गुप्ता पुत्र स्व. श्री सोमदत्त गुप्ता** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेंगी।

**सम्पदा प्रबंधक वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल जयपुर**

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक : जविप्रा/उपा./जोन-10/2021/डी-1264 दिनांक : 06.10.2021
**विज्ञप्ति**

निजी खातेदार की योजना प्रिम वृन्दावन अग्रसेन नगर का भूखण्ड संख्या सी-39 क्षेत्रफल 200 व.ग. की लीजडीड श्री मोतीलाल भारद्वाज पुत्र स्व. श्री गंगाप्रसाद भारद्वाज को दिनांक 23.09.13 को जारी की गई थी। प्रार्थी द्वारा अपलोड मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार लीजडीडधारी की मृत्यु दिनांक 13.08.19 को हो गयी है एवं सजरा एवं अपजीकृत वसीयत की प्रति अपलोड की है। सजरा अनुसार उक्त लीजडीडधारी के वारिसान क्रमश: राधेरानी शर्मा-पुत्री, चन्द्रा त्रिपाठी- पुत्री, अवनीश कुमार भारद्वाज-पुत्र, इन्द्रा शर्मा-पुत्री एवं नन्दिनी शर्मा- पुत्री है। लीजडीड श्री मोतीलाल भारद्वाज पुत्र स्व. श्री गंगाप्रसाद भारद्वाज द्वारा अपंजीकृत वसीयतनामा द्वारा अपने पुत्र श्री अवनीश भारद्वाज एवं अनिल भारद्वाज को वारिस नियुक्त किया हैं। प्रार्थी श्री अवनिश कुमार भारद्वाज एवं श्री अनिल कुमार भारद्वाज द्वारा के नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन किया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्थान को नाम हस्तान्तरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस मे उपायुक्त-10, जविप्रा, जयपुर के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी तथा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण आवेदक के पक्ष में कर दिया जावेगा।

**उपायुक्त (जोन-10) जविप्रा, जयपुर**

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः जविप्रा/उपा./जोन-12/2021/डी-3039 दिनांकः 2.10.21
**सार्वजनिक सूचना**

निजी खातेदारी की आवासीय योजना सनसिटी फेज-।। के भूखण्ड सख्या आर-105 का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | भूखंड संख्या | क्षेत्रफल (व.ग.) | योजना का नाम | मूल आवंटी का नाम | प्रथम से विक्रय संबंधित अन/रजिस्टर्ड दस्तावेजों की चैन का विवरण | अंतिम आवंटी पट्टा धारक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर-105 | 170.00 | सनसिटी फेज-।। | श्री राजेन्द्र भोला पुत्र श्री एम.आर. भोला | 1. श्रीमती पारुल राघव पत्नी श्री शुभदेष सिंह चौहान। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के अनुसार। 2. श्री रामचंद्र बुनकर पुत्र टिकूराम बुनकर। रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के अनुसार। | श्री रामचंद्र बुनकर पुत्र श्री टिकूराम बुनकर, निवासी-बुनकरों की ढाणी भूतेडा, तहसील चौमूं, जिला, जयपुर। |

उक्त भूखण्ड राज्य सरकार के आदेश अनुसार दो बार विक्रय किया गया है जिसके संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्रों के आधार पर नाम हस्तांतरण करने में किसी भी व्यक्ति/संस्था/को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में जोन-12 कार्यालय में दर्ज करवाएं, अन्यथा नियमानुसार उक्त भूखण्ड का पट्टा/लीजडीड जारी की कार्यवाही आवेदक के पक्ष में कर दी जावेगी।

**उपायुक्त जोन- 12, जविप्रा, जयपुर**

## कोरोना से माता-पिता खोने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज में मिलेगी निशुल्क शिक्षा

**महानगर संवाददाता**

**जयपुर।** कोरोना से माता-पिता और पति को खोने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज में निशुल्क शिक्षा (संपूर्ण शुल्क माफी) मिलेगी। कॉलेज शिक्षा के संयुक्त निदेशक (अकादमिक) डॉ. सौमित्र नाथ झा ने सभी राजकीय कॉलेजों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही छात्रावासों में भी निशुल्क प्रवेश दिया जाए।

## सब जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल में राजस्थान ने जीता रजत पदक

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजस्थान के बालक खिलाड़ियों ने हैदराबाद (तेलंगाना) में हुई 37वीं सब जूनियर बालक राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। प्रतियोगिता का खिताब मेजबान तेलंगाना ने जीता, जबकि उत्तर प्रदेश व आंध्र प्रदेश तीसरे स्थान पर रही। यह प्रतियोगिता हैदराबाद के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में 7 से 11 अक्टूबर तक हुई थी। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यशप्रताप सिंह ने बताया कि राजस्थान ने पूल डी में अपने लीग मैचों में दमन व दीव को 23-11 (15-04) से, गुजरात को 34-18 (22-18) से



हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में राजस्थान ने मणिपुर 28-16 (16-04) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जहां राजस्थान ने हरियाणा को 35-30 (19-11) से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राजस्थान ने आंध्र प्रदेश को 38-28 (17-14) से हराकर फाइनल प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में तेलंगाना ने राजस्थान को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 29-26 (17-14) से हराया। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष हरीश धनदेव ने टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। टीम में अजय मोयल (कप्तान), विशाल सुथार, लोकेंद्र सहारन, दिनेश, आशीष कुमार, जसप्रीत सिंह (श्रीगंगानगर), कृतवर्य प्रताप सिंह, शौर्य प्रताप सिंह, नेत्रपाल सिंह, करण महावर, जोगेंद्र सिंह, उपेन्द्र सिंह, रूप शेखावत ( जयपुर), पप्पू लाल जाट, दिनेश कुमार गुर्जर (भीलवाड़ा), मोहित, निखिल (जय भवानी अकादमी), विरेंद्र प्रताप सिंह (सीकर) कोच प्रियदीप सिंह, मैनेजर श्रीमती रविंद्र पाल सिंह सैनी शामिल रहे।

## कृषि संकाय में छात्राओं को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

जयपुर। कृषि में अध्ययनरत छात्राओं का प्रोत्साहन राशि मिलेगी। वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। आवेदन के लिए राज किसान पोर्टल पर आवेदन करना होगा। जयपुर जिला परिषद के कृषि उपनिदेशक राकेश कुमार अटल के अनुसार सीनियर सैकंडरी की छात्राओं को पांच हजार रुपए की राशि कृषि स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्राओं को 12 हजार और शोध अध्ययनरत छात्राओं को 15 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए जाएंगे।

**उप निरीक्षक / प्लाटून कमांडर परीक्षा की मॉडल उत्तरकुंजियां वेबसाइट पर जारी :** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर (गृह विभाग) परीक्षा, 2021 के सभी 6 प्रश्न-पत्रों की मॉडल उत्तरकुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई हैं। आयोग सचिव शुभम चौधरी ने बताया कि यदि किसी भी अभ्यर्थी को इन पर कोई आपत्ति हो तो शुल्क के साथ 12 से 14 अक्टूबर की रात 12 बजे तक तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**कार्यालय- सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, जमवारामगढ़ जिला, जयपुर**
क्रमांक : नजारत/103 दिनांक : 08.10.2021
**निविदा सूचना**

न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, जमवारामगढ़ जिला जयपुर में वित्त वर्ष 2021-2022 में न्यायालय भवन का मरम्मत कार्य किया जाना है, जिस हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित राशि मरम्मत कार्य हेतु रूपए 2,00,000/- है। निविदा फार्म दिनांक 12.10.2021 प्रातः 10:00 ए.एम. से दिनांक 22.10.2021 को दोपहर 01.00 पी.एम. तक विक्रय किए जाकर दिनांक 22.10.2021 को 03.00 पीएम तक जमा कराये जा सकेंगे। निविदाएं दिनांक 22.10.2021 को 04.00 पीएम पर खोली जवेगी।
निविदा प्रपत्र व शर्ते 200/- रूपए जमा करवाकर नजारत शाखा से प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा का विस्तृत विवरण व शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकेगी।

**अध्यक्ष**
**मरम्मत एवं अनुरक्षण समिति, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, जमवारामगढ़, जिला जयपुर**

## सेंट जेवियर स्कूल की घटना को लेकर सीबीएसई को दिया ज्ञापन



जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पंकज शर्मा काकू ने सोमवार को सीबीएसई अजमेर को पत्र लिखकर सेंट जेवियर स्कूल में हुई घटना की जांच कराने एवं कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। अजमेर स्थित सीबीएसई कार्यालय पर पंकज शर्मा काकू के निर्देश पर अभाव अभियोग प्रकोष्ठ अजमेर शहर अध्यक्ष ईश्वर टडलयानी राजेंद्र सैन एवं अंकुर त्यागी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव अनिल जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शर्मा ने यह बताया कि उनके बच्चे भी इस स्कूल में पढ़ते हैं और स्कूल के शिक्षक ने सारी मर्यादाओं को ताक पर रखकर स्कूल की साख तो गिराई ही है, साथ में अभिभावकों में भी भय का वातावरण पैदा कर दिया है। उन्होंने सभी स्कूलों के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ का पुलिस सत्यापन करवाने और समय-समय पर स्कूलों का औचक निरीक्षण करके छात्र-छात्राओं और अभिभावकों से फीडबक लेने, स्कूल के प्रकरण की जाच करने और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## रोमांचक जीत के साथ क्वालिफायर-2 में पहुंची केकेआर



**महानगर संवाददाता**

शारजाह। कोलकाता नाइटराइडर्स ने एलिमिनेटर मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ही केकेआर दूसरे क्वालीफायर में पहुंच गई है, जहां उसका सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। वहीं हार के साथ ही विराट कोहली की अगुवाई वाली आरसीबी का आईपीएल 2021 का सफर खत्म हो गया है। शारजाह में खेले गए नॉकआउट मुकाबले में विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इसके बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने टीम को एक अच्छी शुरुआत दिलाई। हालांकि इसके बाद टीम के एक के बाद एक विकेट गिरते गए। देखते-देखते पूरी टीम 20 ओवर में सात विकेट खोकर 138 रन बना पाई। आरसीबी की तरफ से विराट कोहली ने सर्वाधिक 39 रन बनाए, जबकि केकेआर के सुनील नरेन चार विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर को शुभमन गिल और वेंकटेश अय्यर ने शानदार और मजबूत शुरुआत दिलाई। हालांकि टीम ने इसके बाद अपने तीन विकेट गंवाए। हर्षल पटेल और युजवेंद्र चहल ने केकेआर के मध्यक्रम को मुश्किलों में डाला, लेकिन सुनील नरेन द्वारा डेनिएल क्रिस्टियन के ओवर में लगाए गए तीन छक्के ने मैच को कोलकाता की झोली में डाल दिया।

**लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा. लिमिटेड**
(CIN: U65929RJ1996PTC073074)
रजिस्टर्ड एव मुख्य कार्यालयः 2, डीएफएल टॉवर, गोपीनाथ मार्ग, एमआई रोड, जयपुर-302001, राजस्थान, इण्डिया फोन: +91-141-4031166 I email: info@lifc.in

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

जिसप्रकार लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा. लिमिटेड अपने मुख्य कार्यालय जयपुर के माध्यम से निम्न कर्जदार/जमानदार/गिरवीदार को निम्न निर्देशित अनुसार संबंधित मांग सूचना में रकम का पुनः प्रदान करने के लिए उनके द्वारा प्रदत्त सुविधा एवं लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा. लिमिटेड से प्राप्त सुविधा पर ब्याज का प्रदान एवं प्रमुख का पुनः प्रदान करने में कसूर करने पर मांग सूचना जारी की गई थी एवं अकार्यरत मालमत्ता के रूप में कार्यरत किया गया था, सीक्युरिटाइजेशन एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियम असेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 अंतर्गत अनुच्छेद 13 (2) अनुसार सूचना जारी की गई थी एवं उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजकर उन्हें वह न मिलने के कारण फिर लौट आई एवं यह आम जनता को सूचित किया गया था जो निम्नानुसार विवरणीत है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) PL5084, शीला सिंह पत्नी मदन सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता), धर्मवीर सिंह पुत्र मदन सिंह (सहऋणी), मदन सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह (गारंटर) | 30-जुलाई-2021 ₹ 21,55,047/- इक्कीस लाख पचपन हजार सैंतालीस रूपये मात्र 24-जुलाई-2021 तक | प्लॉट नं. 88, स्कीम सालासर वाटिका, सरना डूंगर, बेनाड रोड, जिला: जयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 138 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL2398, गुड्डी देवी सैनी पत्नी सोहन लाल सैनी (ऋणी एवं बंधककर्ता), सोहन लाल सैनी पुत्र फूल चंद (सहऋणी) | 30-जुलाई-2021 ₹ 21,50,000/- इक्कीस लाख पचास हजार रूपये मात्र 20-जुलाई-2021 तक | प्लॉट नं. 3, संतोष वाटिका, जाजोलाई की तलाई, आमेर, जयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL1222, पुष्पा कंवर पत्नी छाजू सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता), छाजू सिंह पुत्र जसकरण सिंह (सहऋणी), जितेन्द्र सिंह चारण पुत्र छाजू सिंह चारण (गारंटर) | 30-जुलाई-2021 ₹ 21,33,718/- इक्कीस लाख तैतीस हजार सात सौ अठारह रूपये मात्र 20-जुलाई-2021 तक | प्लॉट नं. 21, मन्सा माता नगर, हरमाडा, सीकर रोड, जिला जयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 172 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL2419, संजय सिंह पुत्र राम सिंह (ऋणी एवं बंधककर्ता), विमला देवी पत्नी राम सिंह (सहऋणी) | 17-अगस्त-2021 ₹ 20,90,899/- बीस लाख नब्बे हजार आठ सौ निन्यानवे रूपये मात्र 21-जुलाई-2021 तक | प्लॉट नं. 36, मां करणी विहार-तृतीय, सरदारपुरा, बेनाड रोड के पास, जिला: जयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 200 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL5634, दीपा साहू पत्नी गिर्राज साहू (ऋणी एवं बंधककर्ता), गिर्राज साहू पुत्र ईश्वर लाल साहू (सहऋणी), अंजली सिंह पुत्री राजवीर सिंह (गारंटर) | 18-अगस्त-2021 ₹ 20,83,601/- बीस लाख तिरासी हजार छ: सौ एक रूपये मात्र 24-जुलाई-2021 तक | प्लॉट नं. 61, नंद कॉलोनी स्कीम, चौधरी पेट्रोल पम्प के के सामने, सांगानेर, जयपुर क्षेत्रफल 36 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL2651, लाडा देवी पत्नी गणेश राम कुम्हार (ऋणी एवं बंधककर्ता), गोपाल प्रजापत पुत्र गणेश राम कुम्हार (सहऋणी), गणेश राम कुम्हार पुत्र चुन्नी लाल (गारंटर) | 18-अगस्त-2021 ₹ 21,00,121/- इक्कीस लाख एक सौ इक्कीस रूपये मात्र 20-जुलाई-2021 तक | प्लॉट नं. 40-ए, नानू नगर स्कीम, बासडी, सरनाडूंगर, खोरा बीसल, बेनाड रोड, जयपुर, राजस्थान क्षेत्रफल 105.5 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL10552, जाधव देवी पत्नी कैलाश चन्द वर्मा (ऋणी एवं बंधककर्ता), बाबू लाल वर्मा पुत्र कैलाश चन्द वर्मा (सहऋणी), हरि शंकर पुत्र कैलाश चन्द वर्मा (गारंटर), कैलाश चन्द वर्मा पुत्र मांगू वर्मा (गारंटर) | 7-सितम्बर-2021 ₹ 21,41,465/- इक्कीस लाख इकतालीस हजार चार सौ पैंसठ रूपये मात्र 1-सितम्बर-2021 तक | प्लॉट नं. 129 बालाजी विहार, चकरामसर रोड, ग्राम केश्यावाला, जयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 507.07 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL7350, बृज मोहन खत्री पुत्र लूभा राम खत्री (ऋणी एवं बंधककर्ता), सन्नी खत्री पुत्र बृज मोहन खत्री (सहऋणी), पंकज कुमार खत्री पुत्र बृज मोहन खत्री (गारंटर), गीता देवी पत्नी बृज मोहन खत्री (गारंटर), मनीषा देवी पत्नी सन्नी खटीक (गारंटर), संतोष कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम गुप्ता (गारंटर) | 17-सितम्बर-2021 ₹ 42,85,000/- बयालीस लाख पिच्यासी हजार रूपये मात्र 13-सितम्बर-2021 तक | मकान नं. 451, वार्ड नं. 77, कुंडलाव कॉलोनी, सागर रोड, कस्बा आमेर, जयपुर राजस्थान, क्षेत्रफल 73.68 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) PL4120, नीलम शिवहरे पत्नी बाबू लाल शिवहरे (ऋणी एवं बंधककर्ता), बाबू लाल शिवहरे पुत्र छगन लाल (सहऋणी), राजेन्द्र कुमार महाजन पुत्र रिछ्पाल महाजन (गारंटर) | 23-सितम्बर-2021 ₹ 20,07,310/- बीस लाख सात हजार तीन सौ दस रूपये मात्र 23-सितम्बर-2021 तक | प्लॉट नं. 28, ग्रीन सिटी-चतुर्थ विस्तार, बैनाड रोड, सरना डूंगर, जयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 154.3 वर्गगज |

वरील अनुसार सूचना इस प्रकार दी जाती है कि उक्त कर्जदार, सहकर्जदार एवं उनके जमानतदार (लागू होने से) निम्न निर्देशित रकम के अनुसार सूचना के प्रकाशन तिथि से 60 दिन के अंदर भुगतान करने की सूचना जारी की गई थी एवं सीक्युरिटाइजेशन एन्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनान्शियल असेट्स एन्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सीक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम अनुसार इस सूचना के तिथि के 60 दिन के अंदर उस पर विचार किया जाएगा कृपया ध्यान दें कि यह सूचना कर्जदार/जमानतदार/गिरवीदार को सूचित करने के लिए अनुच्छेद 13(13) अंतर्गत दी जाती है कि उपरोक्त गिरवी मालमत्ता की बिक्री/भाडे पर स्थानांतरण नहीं कर सकते

**दिनांक: 11/10/2021** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान: जयपुर** **लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा. लिमिटेड**

## कॉलेजों में दीपावली व शीतकालीन अवकाश घोषित

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। कॉलेज शिक्षा विभाग ने सोमवार को दशहरा, दीपावली और शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिए। कॉलेज शिक्षा के संयुक्त निदेशक (अकादमिक) डॉ. सौमित्र नाथ झा ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। दशहरा अवकाश 13 से 15 अक्टूबर तक तीन दिन का, दीपावली अवकाश 29 अक्टूबर से 6 नवंबर तक 9 दिन का, शीतकालीन अवकाश 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 7 दिन का अवकाश रहेगा।

## 14वां अंतरराष्ट्रीय युवा-युवती परिचय सम्मेलन 17 को

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। गौड़ ब्राह्मण समाज का 14वां अंतरराष्ट्रीय स्तर का परिचय सम्मेलन 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे परशुराम भवन सेक्टर 4 विद्याधर नगर में आयोजित होगा। परिचय सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए सोमवार को परशुराम भवन में बैठक हुई। गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि बैठक में प्रदेशाध्यक्ष विजय हरितवाल, कार्यकारी अध्यक्ष नटवरलाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बसोतिया, प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी आदि शामिल हुए।

**16 पंचायतों में आज लगेंगे शिविर :** जिला कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत मंगलवार को गोकुलपुरा, कुंथाडा खुर्द, आनंदपुरा, देवका हरवाड़ा सहित 16 पंचायतों में शिविर लगेंगे।

**भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India**
आर.ए.सी.पी.सी.-3 मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राज.) -302004 ई-मेलः sbi.31868@sbi.co.in
टेलीफोन: 0141-2656809, 2654988

**अचल सम्पत्ति के लिए कब्जे का नोटिस**

यतः "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002" की धारा 13(2) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने मांग नोटिस दिनांक **13.04.2021** को जारी करते हुए ऋणी **श्रीमती दलजीत कौर पत्नी श्री रणजीत सिंह, 1. प्लॉट नं. ए/172, संजय कॉलोनी, तिलक नगर, बिरला मंदिर के पीछे, विजय पथ, जवाहर नगर, जयपुर, 2. डबल्यू जेड-14बी, मुखर्जी पार्क, न्यू दिल्ली- 110018, 3. प्लॉट नं. ए-2ए, स्कीम सिद्धी विनायक, एनक्लेव-।, ग्राम चांदावास, डिग्गी मालपुरा रोड़, तहसील फागी, जयपुर, 4. मैसर्स रणजीत सिंह वॉटर सप्लायर्स, प्लॉट नं. ए/172, संजय कॉलोनी, तिलक नगर, बिरला मंदिर के पीछे, विजय पथ, जवाहर नगर, जयपुर से रूपये 9,63,960/- दिनांक 06.04.2021 तक** एवं दिनांक 07.04.2021 के पश्चात से ब्याज व खर्च अतिरिक्त का भुगतान, नोटिस की दिनांक से 60 दिनों के भीतर, करने की मांग की थी। ऋणी द्वारा सम्पूर्ण राशि के भुगतान करने में असफल होने पर, ऋणी / आमजन को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त एक्ट की धारा 13(4) व नियम 8(1) के अधीन, अधोहस्ताक्षरी ने आज दिनांक **06.10.2021** को निम्नलिखित सम्पत्ति को अपने कब्जे में ले लिया है एवं आमजन को सावधान किया जाता है, कि इस सम्पत्ति बाबत कोई व्यवहार नहीं करें और किये गए व्यवहार पर भारतीय स्टेट बैंक के **रूपये 10,05,002/- दिनांक 05.10.2021 तक** एवं इसके पश्चात के ब्याज व खर्च अतिरिक्त की राशि का भार होगा।
आपका ध्यान उक्त अधिनियम, 2002, की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके अनुसार यदि बैंक द्वारा किये सभी लागतों, व्यवहारों और खर्चो के साथ बकायों को विक्रय सूचना के प्रकाशन की तिथि के पहले बैंक को चुकाया जाता है तो प्रतिभूति अस्ति को ऋण मुक्त करा सकते हैं। सूचित हो विक्रय सूचना के प्रकाशन के पश्चात प्रतिभूति अस्ति को ऋण मुक्त कराने का अधिकार नहीं रहेगा।

**बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण**

**प्लॉट नं. ए-2ए, स्कीम सिद्धि विनायक, एनक्लेव-।, ग्राम चांदावास, डिग्गी मालपुरा रोड़, तहसील फागी, जयपुर में स्थित है जो श्रीमती दलजीत कौर पत्नी श्री रणजीत सिंह के नाम से है। जिसका कुल क्षेत्रफल 146.66 वर्गगज है। पड़ौसः पूर्व- प्लॉट नं. सी-2 एण्ड सी-16, पश्चिम- रोड़, उत्तर- प्लॉट नं. ए-2, दक्षिण- प्लॉट नं. ए-2बी**
दिनांकः 06.10.2021 स्थानः जयपुर प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India**
आर.ए.सी.पी.सी.-3 मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राज.) -302004 ई-मेलः sbi.31868@sbi.co.in
टेलीफोन: 0141-2656809, 2654988

**अचल सम्पत्ति के लिए कब्जे का नोटिस**

यतः "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002" की धारा 13(2) के अधीन भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने मांग नोटिस दिनांक **13.04.2021** को जारी करते हुए ऋणी **श्री नूतन शर्मा पुत्र श्री शीतल कुमार शर्मा, 1. प्लॉट नं. 128, कल्याण जी का मंदिर, लाल डूंगरी, गलता गेट, दिल्ली बाईपास, जयपुर। 2. प्लॉट नं. 66, स्कीम विनायक ग्रीन्स रेनवाल, डिग्गी मालपुरा रोड़, रेनवाल रेल्वे स्टेशन के पास, जयपुर (राज.) से रूपये 9,01,107/- दिनांक 07.04.2021 तक** एवं दिनांक 08.04.2021 के पश्चात से ब्याज व खर्च अतिरिक्त का भुगतान, नोटिस की दिनांक से 60 दिनों के भीतर, करने की मांग की थी।
ऋणी द्वारा सम्पूर्ण राशि के भुगतान करने में असफल होने पर, ऋणी / आमजन को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त एक्ट की धारा 13(4) व नियम 8(1) के अधीन, अधोहस्ताक्षरी ने आज दिनांक **06.10.2021** को निम्नलिखित सम्पत्ति को अपने कब्जे में ले लिया है एवं आमजन को सावधान किया जाता है, कि इस सम्पत्ति बाबत कोई व्यवहार नहीं करें और किये गए व्यवहार पर भारतीय स्टेट बैंक के **रूपये 9,38,743/- दिनांक 05.10.2021 तक** एवं इसके पश्चात के ब्याज व खर्च अतिरिक्त की राशि का भार होगा।
आपका ध्यान उक्त अधिनियम, 2002, की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है जिसके अनुसार यदि बैंक द्वारा किये सभी लागतों, व्यवहारों और खर्चो के साथ बकायों को विक्रय सूचना के प्रकाशन की तिथि के पहले बैंक को चुकाया जाता है तो प्रतिभूति अस्ति को ऋण मुक्त करा सकते हैं। सूचित हो विक्रय सूचना के प्रकाशन के पश्चात प्रतिभूति अस्ति को ऋण मुक्त कराने का अधिकार नहीं रहेगा।

**बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण**

**प्लॉट नं. 66, स्कीम विनायक ग्रीन्स रेनवाल, डिग्गी मालपुरा रोड़, रेनवाल रेल्वे स्टेशन के पास, जयपुर (राज.) में स्थित है जो श्री नूतन शर्मा पुत्र श्री शीतल कुमार शर्मा के नाम से है। जिसका कुल क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज है। पड़ौसः पूर्व- प्लॉट नं. 67, पश्चिम- प्लॉट नं. 65, उत्तर- रोड़, दक्षिण- प्लॉट नं. 69**
दिनांकः 06.10.2021 स्थानः जयपुर प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री महानन्द जी के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति सैकिण्ड फ्लोर यूनिट स्थित प्लाट नंबर बी-90-द्वितीय, बसन्त बहार कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर, राज. में स्थित हैं, जिसका कुल बिल्टअप एरिया 1600.00 वर्गफीट हैं, यह कि उक्त वर्णित सम्पति मेरे अभिभाष्य श्री जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री महानन्द जी ने जरिए रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21/07/2017 ईस्वी को श्री प्रकाश कुमार चंदवानी पुत्र श्री मिर्चूमल चंदवानी से खरीद की हैं, उक्त सम्पति सैकिण्ड फ्लोर यूनिट के दस्तावेजों में से मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 18/12/2009 ईस्वी को श्री शंकर लाल सचदेव पुत्र स्व. श्री तोलाराम सचदेव, श्री मोतीराम सेवानी पुत्र स्व. श्री खेमचन्द सेवानी व श्री राजकुमार सेवानी पुत्र श्री नारायण दास सेवानी ने सुश्री ममता चंदनानी पुत्री श्री प्रकाश चंदनानी के हक में निष्पादित की हैं एवं मूल रजिस्ट्रर्ड मुख्त्यारनामा आम दिनांक 29/11/2010 ईस्वी को सुश्री ममता चंदनानी पुत्री श्री प्रकाश चंदनानी ने श्री प्रकाश चंदनानी पुत्र स्व. श्री मिंचूमल चंदनानी के हक में निष्पादीत की हैं, जो कहीं गुम हो गये है। मेरे अभिभाष्य उक्त सम्पति पर एयू स्माल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड, शाखा जयपुर से ऋण प्राप्त कर रहें है। सर्वसाधारण को उक्त सम्पति के मालिकाना हक एवं कब्जे के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा आपति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक 28/09/2021 जरिए आर. के.एसोसियेटस
रमेश कुमार सैनी (एडवोकेट)
104, फर्स्ट फ्लोर, प्लाट नंबर एसी-4, सवाई जयसिंह हाईवे, कलेक्ट्रेट सर्किल, बनीपार्क, जयपुर, राज. 9928012162

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**निविदा सूचना**
**वाटर वैन्डिग मशीन आवंन्टन ठेका**

**No. 53-54/21-/WVM/Cluster - B & C/JU Div /2021 Date: 08.10.2021 NIT No.: 53-21 Name of work:** जोधपुर मंडल पर कलस्टर-B के स्टेशनों-राईका बाग, नोखा, बासनी, भगत की कोठी, देशनोख, डेगाना, गोटन, जालोर, कुचामनसिटी, लुनी, मारवाड भीनमाल, नावा सिटी, फलौदी, पोकरन, रामदेवरा, समदडी, रेन, सुजानगढ पर स्टेन्डअलोन वाटर वैन्डिग मशीनों के इन्सटालेशन व संचालन करने के लिए। **Reserve Price (In Rs.):** 2460000.00 **Earnest Money:** 123000.00 **NIT No.: 54-21 Name of work:** जोधपुर मंडल पर कलस्टर-C के स्टेशनों-बायतू, मारवाड मथानिया, उत्तरलाई, छोटी खाटू, लाडनू, मेंडता सिटी, बनाड, धानेरा, डिडवाना, धुन्धाडा, गच्छीपुरा, कवास, खाटू, मारवाड मुन्डवा, मोदरान, पिपाड रोड, रानीवाडा, साम्भर लेक पर स्टेन्डअलोन वाटर वैन्डिग मशीनों के इन्सटालेशन व संचालन करने के लिए। **Reserve Price (In Rs.):** 410000.00 **Earnest Money:** 20500.00 **1. निविदा फार्म खरीदने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 09.11.2021 को 15.00 बजे तक **2. निविदा फार्म स्वीकार करने की तिथि एवं समयः** दिनांक 09.11.2021 को 11.00 बजे तक **3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 09.11.2021 को 11.00 बजे **4. पता जहाँ से निविदा के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है व निविदा दस्तावेज प्राप्त किये जा सकतें है।:-** वाणिज्य शाखा, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, जोधपुर. **560-AJ/21**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांकः एफ()जविप्रा/उपा./जोन-11/2021/डी-2034 दिनांकः 6.10.21
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय में नाम हस्तांतरण बाबत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः-

| आरक्षण पत्र का विवरण | भूखण्ड का विवरण | रजिस्टर्ड आवेदक |
|---|---|---|
| ग्राम कलवाडा, ख.नं. 1597/1, 1619/2812 का आरक्षण पत्र क्रमांक 977 दिनांक 29.5.2007 श्री रामेश्वर, मन्नाराम पुत्रान श्री शंकर, श्री रामस्वरूप पुत्र श्री शंकर | ग्राम बगरूखुर्द के व्यावसायिक भू.सं. 1313 क्षे. 120 व.मी. | श्री रामअवतार शर्मा पुत्र श्री नारायण लाल शर्मा |

उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण पत्र जारी करने में किसी को आपत्ति हो तो यह सूचना जारी होने के 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। **उपायुक्त जोन-11, जविप्रा, जयपुर।**

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**
**एसी ओएचई प्रणाली परिवर्तन**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत Tr.D), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004 द्वारा निम्नानुसार कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं.1 : निविदा सं.** ईएल/टीआरडी/निविदा/21-22/07 । **कार्य का नामः** वडोदरा मंडल के सुरत-गोधरा एवं वडोदरा-गेरतपुर अनुभाग में वर्तमानित 1 x 25kV AC OHE प्रणाली का 2 x 25kV AC OHE प्रणाली में परिवर्तन एवं अन्य सहायक कार्य । **कार्य की अनुमानित लागत (रु.में):** ₹ 133,36,10,044.72/- **ईएमडी (रु.में):** बिड सिक्युरीटी डिक्लेरेशन **समापन अवधि:** 18 माह **निविदा समय सारणी :** निविदा बंद होने की दिनांक एवं समयः 11/11/2021 को 15:00 बजे । **वेबसाइट विवरण एवं नोटीस स्थान जहाँ संपूर्ण विवरण देख सकते हैं तथा कार्यालय का पता विवरण जानकारी के लिए: वेबसाईटः @ www.ireps.gov.in** मण्डल रेल प्रबंधक (विद्युत Tr.D), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004.
BRC-158

**हमें फॉलो करें:** twitter.com/WesternRly

### हाई रिकॉर्ड बनाने के बाद बाजार ने बढ़त गंवाई

# नए शिखर पर बाजार बंद : सेंसेक्स 76 प्वॉइंट चढ़कर 60135, निफ्टी 50 प्वॉइंट चढ़कर 17945 पर बंद

महानगर संवाददाता

मुंबई। कारोबारी हफ्ते के पहले दिन यानी सोमवार को निफ्टी ने नया इतिहास रच दिया। निफ्टी ने पहली बार 18,000 का लेवल पार किया। सेंसेक्स ने भी 60,476 का रिकॉर्ड स्तर छुआ। आखिरी कारोबारी घंटे में बाजार ने ऊपरी स्तर से बढ़त गंवा दी। ऊपरी स्तर से सेंसेक्स करीब 350 प्वॉइंट और निफ्टी करीब 100 प्वॉइंट टूटा और अंत में सेंसेक्स 76 प्वॉइंट यानी 0.13 फीसदी बढ़कर 60,135 पर और निफ्टी 50 प्वॉइंट यानी 0.28 फीसदी की तेजी के साथ 17,945 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स 60,099 पर और निफ्टी 17,867 पर खुला था।




सेंसेक्स के 30 शेयर्स में से 20 शेयर्स बढ़त के साथ और 10 शेयर कमजोरी के साथ कारोबार करते दिखे, जिसमें मारुति, पावरग्रिड के शेयर 3 फीसदी और आईटीसी, एनटीपीसी के शेयर 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ बंद हुए। टीसीएस के शेयर में 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। कारोबार के दौरान बाजार को ऑटो, मेटल और रियल्टी शेयर्स का सपोर्ट मिला। एनएसई पर ऑटो इंडेक्स 2.67 फीसदी, रियल्टी इंडेक्स 1.73 फीसदी और मेटल इंडेक्स 1.50 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। आईटी शेयर्स पर दबाव देखने को मिला। आईटी इंडेक्स 3.36 फीसदी गिरकर बंद हुआ। 9 फीसदी से ज्यादा चढ़कर टाटा मोटर्स निफ्टी का टॉप गेनर बना।

बीएसई पर 3,592 शेयर्स में कारोबार हुआ, जिसमें 1,952 शेयर्स बढ़त के साथ और 1,481 शेयर्स लाल निशान में कारोबार करते दिखे। इसी के साथ बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 267 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। बीएसई पर कारोबार के दौरान 369 शेयर्स 52 हफ्ते के ऊपरी स्तर पर और 21 शेयर्स 52 हफ्ते के निचले स्तर पर कारोबार करते दिखे। इसके अलावा 516 शेयर्स में अपर सर्किट लगा तो वहीं 192 शेयर्स में लोअर सर्किट लगा। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 381 प्वॉइंट यानी 0.64 फीसदी बढ़कर 60,059 पर और निफ्टी 104 प्वॉइंट यानी 0.59 फीसदी की तेजी के साथ 17,895 के स्तर पर बंद हुआ था। ब्रेंट क्रूड का भाव 83 डॉलर के पार निकल गया है। इस साल अब तक क्रूड में 64 फीसदी और बीते 1 साल में 82 फीसदी की तेजी आई है। ग्लोबल लेवल पर क्रूड की सप्लाई को लेकर कंसर्न बना है। यूएस में इन्वेंट्री अभी नॉर्मल नहीं हुई है। इससे पहले अमेरिका के शेयर बाजार कमजोरी के साथ बंद हुए। डाओ जोंस 34,746 पर बंद हुआ।

## आदित्य बिड़ला सनलाइफ आईपीओ की लिस्टिंग

असेट मैनेजमेंट कंपनी आदित्य बिड़ला सनलाइफ एएमसी के शेयर एक्सचेंज पर लिस्ट हो गए हैं। कंपनी के शेयर्स की लिस्टिंग उम्मीद के मुताबिक कमजोर रही। बीएसई पर इसके शेयर्स की लिस्टिंग जीरो प्रीमियम के साथ 712 रुपए पर ही हुई जो इसका अपर प्राइस बैंड था जबकि एनएसई पर शेयर की लिस्टिंग सिर्फ 3 रुपए ऊपर 715 रुपए पर हुई। कंपनी का इश्यू प्राइस 712 रुपए था। इश्यू 29 सितंबर को खुला था और एक अक्टूबर को बंद हुआ था।

इस आईपीओ में नए शेयर जारी नहीं किए गए। यह इश्यू पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल था जिसमें मौजूदा शेयरहोल्डर्स ने अपनी हिस्सेदारी बेची। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने 28.51 लाख और सन लाइफ एएमसी 3.6 करोड़ इक्विटी शेयर्स बेचे हैं। आदित्य बिड़ला सनलाइफ एएमसी 2,768 करोड़ रुपए जुटाने के लिए आईपीओ लाई थी। इश्यू सिर्फ 5.25 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने 10.36 गुना बोली लगाई थी जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का पोर्शन 4.39 गुना सब्सक्राइब हुआ था, वहीं रिटेल इन्वेस्टर्स ने 3.24 गुना बोली लगाई थी।

## सरकार ने खाद्य तेलों पर स्टॉक की लगाई सीमा

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू बाजार में कीमतों में नरमी के लिए खाद्य तेलों के व्यापारियों पर 31 मार्च तक स्टॉक या भंडारण की सीमा लगा दी है। हालांकि कुछ आयातकों-निर्यातकों को इससे छूट दी गई है।



एनसीडीईएक्स मंच पर 8 अक्टूबर से सरसों तेल के वायदा कारोबार पर पहले ही रोक लगा दी गई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले एक साल के दौरान घरेलू खुदरा बाजारों में खाद्य तेलों के दाम 46.15 प्रतिशत तक चढ़े हैं। वैश्विक कारकों के अलावा घरेलू बाजार में आपूर्ति प्रभावित होने की वजह से खाद्य तेलों के दाम बढ़ रहे हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, केंद्र के इस फैसले से घरेलू बाजार में खाद्य तेल कीमतों में नरमी आएगी। इससे देशभर में उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। सभी राज्यों को जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकारें तथा संघ शासित प्रदेश उपलब्ध स्टॉक तथा उपभोग के रुख के आधार पर खाद्य तेलों तथा तिलहनों के भंडारण की सीमा पर फैसला करेंगे। हालांकि, कुछ आयातकों तथा निर्यातकों को स्टॉक की सीमा से छूट दी गई है। यह छूट उन निर्यातकों को होगी जिनके पास विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी आयातक-निर्यातक कोड होगा और वे यह बता सकेंगे कि उनके पास पूरा या कुछ स्टॉक निर्यात के उद्देश्य से है। ऐसे आयातकों को भी छूट मिलेगी जो यह बताने में सक्षम होंगे कि खाद्य तेलों तथा तिलहनों के संदर्भ में उनके भंडार का कुछ हिस्सा आयात किया गया है।

## टाटा हैरियर ने पार किया 50,000 यूनिट्स की बिक्री का आंकड़ा

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में एसयूवी का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में कार निर्माता कंपनियां कई सेगमेंट में एसयूवी को बाजार में बेच रही हैं। इनमें से एक सेगमेंट मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट भी है, जिसमें कई कारें बाजार में बेची जा रही हैं। इनमें से टाटा मोटर्स की दो कारें इस सेगमेंट में बेची जा रही हैं। देश की अग्रणी और स्वदेशी कार निर्माता टाटा मोटर्स ने टाटा हैरियर एसयूवी को साल 2019 के जनवरी माह में बाजार में उतारा, जहां साल 2019 में इस कार की 15,227 यूनिट्स की बिक्री की गई थी, वहीं साल 2020 में कंपनी ने इसकी 14,071 यूनिट्स को बेचा। साल 2021 में सितंबर माह तक कंपनी ने इसके 20,100 यूनिट्स की बिक्री की है।




मौजूदा समय में टाटा हैरियर कुल चार कलर ऑप्शन्स में बेची जा रही है, जिनमें ब्लैक, ग्रे, रेड और व्हाइट शामिल हैं। यह ऑलिव ग्रीन शेड, फ्रंट फेंडर पर कामो बैजिंग और ब्लैक-आउट अलॉय व्हील्स के साथ पेश की गई थी।

इसके अंदर लेदरेट सीट अपहोल्स्ट्री के लिए ग्रीन स्टिचिंग और साथ ही एक ऑल-ब्लैक थीम दिया गया था, जो कि इसके डार्क एडिशन की तरह दिखता है। कंपनी टाटा ने हैरियर कामो एडिशन को बीते नवंबर 2020 में 16.50 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उतारा था।

इस कार में 2.0 लीटर का डीजल इंजन इस्तेमाल किया जाता है, जो कि 168 बीएचपी की पावर और 350 न्यूटन मीटर का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है। इस इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल या 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स दिया जाता है।

### आरबीआई का फैसला

## श्रेई इन्फ्रा और इक्विपमेंट की सलाहकार समिति बरकरार, भंग किया था निदेशक मंडल

महानगर संवाददाता

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने श्रेई इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड और श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड की सलाहकार समिति को बरकरार रखा है। आरबीआई ने सोमवार को जारी एक बयान में इसकी जानकारी दी। इससे पहले आरबीआई ने चार अक्टूबर को भुगतान में चूक करने पर इन दोनों कंपनियों के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था।




इन दोनों गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की कमान बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक रजनीश शर्मा को सौंपी गई है। आरबीआई ने कहा था कि इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी रूल्स, 2019 के तहत दोनों गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया शुरू होगी।

सलाहकार समिति के सदस्य इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व एमडी और सीईओ आर सुब्रमण्यकुमार, सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक टीटी श्रीनिवासराघवन और टाटा संस लिमिटेड के पूर्व चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर व कंपनी सेक्रेटरी फारुख एन सूबेदार हैं। कोलकाता की ये दोनों कंपनियां पिछले साल से वित्तीय संकट का सामना कर रही हैं।

इन्सॉल्वेंसी और बैंकरप्सी संहिता के तहत आरबीआई कई साल बाद यह दूसरी कार्रवाई करने जा रहा है। इससे पहले 2019 में दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) के खिलाफ यह कार्रवाई की गई थी। हालिया वर्षों में आरबीआई ने चूक करने वाले बैंकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की है। अब तक तीन बैंकों-पीएमसी बैंक, यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक के निदेशक मंडल के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई की गई थी।

## सोने की कीमतें 2 महीने में पहली बार डिस्काउंट पर, पहले लग रहा था प्रीमियम

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। दो महीने में पहली बार भारत में गोल्ड रेट्स डिस्काउंट पर हैं, क्योंकि सोने की स्थानीय कीमतों (लोकल प्राइसेज) में बढ़ोत्तरी के कारण इसकी डिमांड घटी है। यह बात रॉयटर्स की रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीलर्स ने पिछले हफ्ते भारत में सोने की घरेलू कीमतों पर 2 डॉलर प्रति औंस (1 औंस में 28.34 ग्राम) का डिस्काउंट दिया।



रिपोर्ट के मुताबिक, इससे पहले के हफ्ते में गोल्ड पर डीलर्स 4 डॉलर प्रति औंस का प्रीमियम ले रहे थे। भारत में गोल्ड प्राइसेज में 10.75 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी और 3 फीसदी जीएसटी शामिल होती है। इस बीच, कमजोर वैश्विक रुझान के कारण सोमवार को गोल्ड और सिल्वर प्राइसेज में कमजोरी देखने को मिली। एमसीएक्स गोल्ड फ्यूचर 0.2 फीसदी की गिरावट के साथ 46,937 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा, वहीं सिल्वर फ्यूचर्स कमजोरी के साथ 61,737 रुपए प्रति किलोग्राम पर था। हालांकि, सोने की कीमतें अब भी सितंबर आखिर के 45,700 रुपए के स्तर से काफी ऊपर हैं।

## मंगलम प्रॉपर्टी उत्सव को मिल रहा ग्राहकों का शानदार रेस्पॉन्स

महानगर संवाददाता

जयपुर। मंगलम ग्रुप के चल रहे चार दिवसीय प्रॉपर्टी उत्सव को लोगों का शानदार रेस्पॉन्स मिल रहा है। एक्सपो के दौरान बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को बम्पर लॉटरी ड्रॉ द्वारा मारुति बलेनो कार जीतने का सुनहरा मौका मिलेगा। साइट विजिट पर आकर्षक उपहार



है। 12 अक्टूबर तक मंगलम ग्रुप के कॉर्पोरेट ऑफिस सिक्स्थ फ्लोर अपेक्स मॉल लालकोठी, टोंक रोड पर जारी रहेगा। उत्सव में फ्लैट, विला, प्लॉट, कॉमर्शियल स्पेस, इंडस्ट्रियल, फार्म हाउस और अफोर्डेबल सहित सभी श्रेणी की प्रोपर्टीज को शृंखलाबद्ध तरीके से स्टॉल्स लगाकर प्रदर्शित किया जा रहा है। ... दिए जा रहे हैं। प्रत्येक विजिट पर 1000 रुपए का फ्री हेल्थ चैकअप वाउचर दिया जा रहा है। प्रत्येक बुकिंग पर स्पिन एण्ड विन द्वारा सुनिश्चित उपहार दिया जा रहा है। इन सभी चीजों का समावेष एवं मंगलम के प्रति ग्राहकों का विश्वास मंगलम प्रोपर्टी उत्सव को शानदार रेस्पॉन्स दे रहा है।

## बिजली बनाने वाली कंपनियों को बांटने वाली कंपनियों पर 1.16 लाख करोड़ रुपए का बकाया

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर बिजली उत्पादक कंपनियों (जेनको) का बकाया सालाना आधार पर अक्टूबर में एक साल पहले की तुलना में 3.3 फीसद बढ़कर 1,16,127 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। अक्टूबर, 2020 तक डिस्कॉम पर बिजली वितरण कंपनियों का बकाया 1,12,384 करोड़ रुपए था। पेमेंट रैटिफिकेशन एंड एनालिसिस इन पावर प्रोक्यूरमेंट फॉर ब्रिंगिंग ट्रांसपैरेंसी इन इन्वॉयसिंग ऑफ जेनरेशन (प्राप्ति) पोर्टल से यह जानकारी मिली है।

अक्टूबर में डिस्कॉम पर जेनको का बकाया सितंबर की तुलना में बढ़ा है। सितंबर में यह 1,12,815 करोड़ रुपए रहा था। बिजली उत्पादकों तथा डिस्कॉम के बीच बिजली खरीद लेनदेन में पारदर्शिता लाने के लिए प्राप्ति पोर्टल मई, 2018 में शुरू किया गया था। अक्टूबर, 2021 तक 45 दिन की मियाद या ग्रेस की अवधि के बाद भी डिस्कॉम पर कुल बकाया राशि 97,481 करोड़ रुपए थी। यह एक साल पहले 97,811 करोड़ रुपए थी।



पोर्टल के ताजा आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में डिस्कॉम पर कुल बकाया 96,316 करोड़ रुपए था। बिजली उत्पादक कंपनियां डिस्कॉम को बेची गई बिजली के बिल का भुगतान करने के लिए 45 दिन का समय देती हैं। उसके बाद यह राशि पुराने बकाए में आ जाती है। ज्यादातर ऐसे मामलों में बिजली उत्पादक दंडात्मक ब्याज वसूलते हैं। बिजली उत्पादक कंपनियों को राहत के लिए केंद्र ने एक अगस्त, 2019 से भुगतान सुरक्षा प्रणाली लागू है। इस व्यवस्था के तहत डिस्कॉम को बिजली सप्लाई पाने के लिए साख पत्र देना होता है।

केंद्र सरकार ने बिजली वितरण कंपनियों को भी कुछ राहत दी है। कोविड-19 महामारी की वजह से डिस्कॉम को भुगतान में देरी के लिए दंडात्मक शुल्क को माफ कर दिया गया था। सरकार ने मई, 2020 में डिस्कॉम के लिए 90,000 करोड़ रुपए की नकदी डालने की योजना पेश की थी। इसके तहत बिजली वितरण कंपनियां पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन तथा आरईसी लिमिटेड से सस्ता कर्ज ले सकती हैं।

बाद में सरकार ने इस पैकेज को बढ़ाकर 1.2 लाख करोड़ रुपए और उसके बाद 1.35 लाख करोड़ रुपए कर दिया। आंकड़ों से पता चलता है कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड और तमिलनाडु की बिजली वितरण कंपनियों का उत्पादक कंपनियों के बकाए में सबसे अधिक हिस्सा है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया जन सुरक्षा शिविर

महानगर संवाददाता

जयपुर। केंद्र सरकार द्वारा जनता के हित में चलाई जाने वाले जन सुरक्षा सैचुरेशन अभियान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर ने योगदान करते हुए जन सुरक्षा शिविर आयोजित



किया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की कलवाड़ा एवं असलपुर समेत अन्य 10 शाखाओं द्वारा शिविर लगाया गया।

कलवाड़ा स्थित जन सुरक्षा शिविर में उपस्थित क्षेत्र प्रमुख ओमप्रकाश करवा ने ग्रामीण लोगों के मध्य जन-धन योजना एवं पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एपीवाई जैसे जन सुरक्षा योजना की जानकारी दी। उन्होंने इसके प्रति लोगों जागरूक को भी किया। सभा में कलवाड़ा ग्राम के सरपंच ने भी हिस्सा लिया और अपने ग्राम के सभी लोगों को जन सुरक्षा योजना में आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बैंक को सैचुरेशन अभियान के अंतर्गत 100 प्रतिशत कवरेज का आश्वासन भी दिया।

## आकासा एयर को सरकार ने दी मंजूरी, 2022 की गर्मियों में शुरू करेगी सर्विस

### झुनझुनवाला की एयरलाइंस को मिले एनओसी के पंख

महानगर संवाददाता

राकेश झुनझुनवाला के सपोर्ट वाली नई एयरलाइन कंपनी आकासा को सरकार से एनओसी मिल गई है। आकासा एयर ब्रांड नेम से सर्विस शुरू करने जा रही एसएनवी एविएशन ने सरकार की इजाजत मिलने की जानकारी सोमवार दी।

कंपनी अब अगले साल गर्मियों में अपनी सर्विस शुरू करने के लिए डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से लाइसेंस मांगेगी। आकासा एयर से जेट एयरवेज के सीईओ रह चुके विनय दुबे भी जुड़े हैं। वही इसकी कमान संभालेंगे। आकासा एयर के बोर्ड में शामिल इंडिगो के पूर्व प्रेसिडेंट आदित्य घोष ने कंपनी को सरकार से एनओसी मिलने पर विनय दुबे और उनकी टीम को बधाई दी है।

गौरतलब है कि हाल ही में राकेश और उनकी पत्नी रेखा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। प्रधानमंत्री ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर लिखा था कि राकेश झुनझुनवाला भारत को लेकर वह बहुत बुलिश हैं। बड़े ही ओजस्वी और दूरंदेश हैं। लोग राकेश को बिग बुल और भारत का वॉरेन बफेट कहते हैं।

### चौतरफा इकोनॉमिक रिकवरी | इकोनॉमिक ग्रोथ को सितंबर में भी मिला एग्री सेक्टर का सपोर्ट

## अप्रेल से जुलाई तक एफडीआई में आया सालाना 62 फीसदी का उछाल

महानगर संवाददाता

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सितंबर की आर्थिक समीक्षा की रिपोर्ट जारी की है। उसके मुताबिक, पिछले महीने देश की आर्थिक वृद्धि दर में खासा इजाफा हुआ है। इसको टीकाकरण में तेजी के बीच कोविड की दूसरी लहर कमजोर पड़ने का फायदा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी मार्केटिंग सीजन में गेहूं और धान की रिकॉर्ड खरीदारी और खरीफ की पैदावार में संभावित बढ़ोत्तरी से गांवों में मांग बढ़ी है।

रिपोर्ट में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ( एफडीआई) में सालाना आधार पर तेज उछाल आने की भी बात कही गई है। जहां तक इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों यानी अप्रेल से जुलाई की बात है तो इस दौरान देश में 2,737 करोड़ डॉलर (लगभग 2,05,867 करोड़ रुपए) का विदेशी निवेश आया है। यह एफडीआई कोविड से बुरी तरह प्रभावित पिछले साल के मुकाबले 62 फीसदी यानी दो तिहाई ज्यादा है।



आर्थिक समीक्षा की रिपोर्ट के मुताबिक, इकोनॉमिक रिकवरी की रफ्तार ठीक-ठाक रहने से घरेलू शेयर बाजारों को भी मजबूती मिली है। सितंबर में भारतीय पूंजी बाजार में फॉरेन पोर्टफोलियो इनवेस्टमेंट का निवेश बढ़कर लगभग 300 करोड़ डॉलर (22,565 करोड़ रुपए) रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने उभरते देशों में भारत के शेयर और बॉन्ड बाजारों में एफपीआई का निवेश सबसे ज्यादा रहा है। अगर इस वित्त वर्ष यानी इस साल अप्रेल से सितंबर अंत तक के आंकड़े देखें तो ब्राजील के बाद सबसे ज्यादा विदेशी निवेश यहां के पूंजी बाजार में आया है। रिव्यू के मुताबिक इस वित्त वर्ष में अब तक यहां के शेयर और बॉन्ड बाजारों में लगभग 720 करोड़ डॉलर (54,155 करोड़ रुपए) का एफपीआई निवेश हुआ है। एफपीआई ने ब्राजील के बाजारों में अप्रेल से सितंबर की अवधि में लगभग 900 करोड़ डॉलर (67,695 करोड़ रुपए) का निवेश किया है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक हर महीने जारी होने वाले आर्थिक रिपोर्ट्स और इंडेक्स के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि दर में चौतरफा इजाफा हो रहा है यानी इसके संकेत कमोबेश हर सेक्टर में दिख रहे हैं। मंत्रालय का कहना है कि सितंबर में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर में इजाफा होने से ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ी है। जानकारों के मुताबिक एग्री इकोनॉमी में आ रहे सुधार से एफएमसीजी से लेकर ऑटोमोबाइल सेक्टर तक को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## ब्राजील में सख्ती

# राष्ट्रपति जायर को भी नहीं देखने दिया फुटबॉल मैच

### अधिकारियों ने कहा- पहले कोरोना टीका लगवाएं

ब्रासिलिया। ब्राजील में कोरोना नियमों का पालन नहीं करने पर राष्ट्रपति को भी छूट नहीं दी जा रही है। ताजा मामला है सैंटोस बनाम ग्रेमियो फुटबॉल टूर्नामेंट का जहां कोरोना टीका नहीं लगवाने के कारण राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को अधिकारियों ने मैच देखने की अनुमति नहीं दी। अधिकारियों ने राष्ट्रपति से कहा कि पहले आप कोरोना टीका लगवा लें फिर आप आगे का मैच देख सकते हैं। मेट्रोपोल्स न्यूज पोर्टल की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में राष्ट्रपति बोल्सोनारो कहते हुए नजर आ रहे हैं कि मैं सिर्फ सैंटोस गेम देखना चाहता था और उन्होंने मुझसे कहा कि आपको टीका लगवाना होगा। ऐसा क्यों?

कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद से सैंटोस बनाम ग्रेमियो फुटबॉल टूर्नामेंट का यह पहला मैच था लेकिन इसे देखने के लिए क्लब ने दिशानिर्देश तय कर दिए। क्लब ने जोर देकर कहा कि यहां केवल संपूर्ण टीकाकरण करवाने वाले या नकारात्मक पीसीआर परीक्षण वाले लोगों को प्रवेश की अनुमति मिलेगी।

**राष्ट्रपति ने बनाए कई बहाने :** राष्ट्रपति के कई बहानों के बावजूद प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। बोल्सोनारो ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि उनके पास उन लोगों की तुलना में अधिक एंटीबॉडी हैं जिन्होंने वैक्सीन के शॉट्स प्राप्त किए हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कई लोगों के मुकाबले उनकी प्रतिरोधक क्षमता भी बहुत अधिक है। उन्हें कोरोना का खतरा नहीं है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रपति बोल्सोनारो फिलहाल साओ पाउलो में छुट्टियां मना रहे हैं। बोल्सोनारो ने कोरोना वायरस टीकों के प्रति संदेह व्यक्त किया है और टीका नहीं लगाया गया है। जुलाई 2020 में वह कोरोना पॉजिटिव हुए थे। कुछ हफ्ते के लिए क्वारेंटीन रहने के बाद वह काम पर लौट आए।

**ब्राजील में कोरोना मृतकों की संख्या छह लाख के पार :** ब्राजील में कोरोना से मरने वालों की संख्या छह लाख के पार हो गई है। मौत के मामले में वह दुनिया में दूसरे नंबर पर है, जबकि संक्रमण के मामले में अमेरिका, भारत के बाद तीसरे नंबर पर है।

# सैन्य वार्ता फिर बेनतीजा : सीमा पर स्थिति जस की तस, न ही चीन हटा न हिंदुस्तान ने खींचे कदम



नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख के निकट एलएसी पर तनाव खत्म करने के लिए करीब दो महीने के बाद भारत और चीन के बीच रविवार को 13वें दौर की कोर कमांडर स्तर की सैन्य वार्ता हुई। यह बैठक लगभग साढ़े आठ घंटे चली। जानकारी के अनुसार इस बैठक में जब भारत की ओर से जैसे ही चीन को पीछे हटने के लिए कहा गया तो चीन इसपर भड़क गया और भारत के खिलाफ जहर उगलने लगा। चीन ने कहा कि भारत अनुचित मांग उठा रहा है, जिससे मुश्किलें आ रही हैं। चीन ने कहा कि आपकी इस तरह की मांग से विवाद और बढ़ जाएगा।

वहीं सैन्य सूत्रों के अनुसार भारतीय पक्ष ने जब विवादित क्षेत्रों के मुद्दों को हल करने के लिए रचनात्मक सुझाव दिए तो चीनी पक्ष इसपर राजी नहीं था और न ही खुद कोई समाधान दिया। ऐसे में यह बैठक बेनतीजा रही।

### भारतीय पक्ष स्थिति का गलत आकलन नहीं करेगा: चीन

चीनी सेना ने बयान जारी करते हुए कहा कि रविवार को 13वें दौर की कोर कमांडर स्तर की बैठक के दौरान भारत ने अनुचित और अवास्तविक मांगों पर जोर दिया, जिसके बाद बातचीत को आगे बढ़ाने में मुश्किलें आ रही हैं। चीन को उम्मीद है कि भारतीय पक्ष किसी भी तरह से स्थिति का गलत आकलन नहीं करेगा, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न विवाद को सुलझाने में हरसंभव मदद करेगा, प्रासंगिक समझौतों का पालन करेगा और दो देशों और दो सेनाओं के बीच ईमानदारी के साथ काम करेगा।

### भारतीय सेना ने दिया आधिकारिक बयान

भारतीय सेना के प्रवक्ता ने बताया कि भारत-चीन कोर कमांडरों की बैठक में चर्चा पूर्वी लद्दाख में एलएसी के साथ बाकी मुद्दों के समाधान पर केंद्रित थी। भारतीय पक्ष ने कहा कि एलएसी पर विवाद चीनी पक्ष द्वारा यथास्थिति को बदलने और द्विपक्षीय समझौतों के उल्लंघन के कारण उत्पन्न हुआ। इसलिए, यह आवश्यक था कि चीनी पक्ष शेष क्षेत्रों में उचित कदम उठाए, ताकि पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ शांति बहाली हो सके। बैठक के दौरान, भारतीय पक्ष ने शेष क्षेत्रों के विवाद को हल करने के लिए रचनात्मक सुझाव दिए, लेकिन चीनी पक्ष सहमत नहीं था और खुद की तरफ से कोई समाधान भी नहीं दे सका। हालांकि, दोनों पक्ष संचार बनाए रखने और जमीन पर स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हुए। सेना ने कहा कि हमें उम्मीद है कि चीनी पक्ष द्विपक्षीय संबंधों के समग्र परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखेगा और शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान की दिशा में काम करेगा।

### डेढ़ साल में 13 दौर की हो चुकी है बैठक

बता दें कि पूर्वी लद्दाख से सटी एलएसी पर पिछले डेढ़ साल से चल रहे तनाव के दौरान 13 दौर की बैठक हो चुकी हैं। इस दौरान लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के फिंगर एरिया, कैलाश हिल रेंज और गोगरा इलाकों में तो डिसइंगेजमेंट हो चुका है, लेकिन हॉट स्प्रिंग, डेमचोक और डेपसांग प्लेन्स में तनाव अभी भी जारी है।

### कुछ दिन पहले चीन ने फिर की घुसपैठ की कोशिश

करीब 10 दिन पहले दोनों देशों की टुकड़ियों के बीच अरुणाचल के तवांग के यांग्से में झड़प हुई थी और भारतीय सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे चीनी सैनिकों को वापस जाने को मजबूर कर दिया।

# अफगानिस्तान संकट : कई अफगान स्कूलों में दो माह बाद लौटीं छात्राएं, संख्या बढ़ने की उम्मीद



काबुल। अफगानिस्तान के तीन प्रांतों में छात्राओं ने दो माह के अंतराल के बाद फिर स्कूल जाना शुरू कर दिया है। शिक्षा विभाग के प्रमुख जलील सैयद खिली ने बताया, कुंदुज, बल्ख और सर-ए-पुल प्रांतों में छात्राओं के स्कूल फिर खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा, छात्र और छात्राओं के स्कूल अलग कर दिए गए हैं। बता दें कि तालिबान के कब्जे के बाद छात्राओं के स्कूल जाने पर पाबंदी लग गई थी। जलील सैयद खिली ने बताया कि स्कूल आने की इजाजत मिलने से छात्राएं काफी खुश हैं। बल्ख की राजधानी मजार-ए-शरीफ में 4,600 से अधिक छात्र और 162 शिक्षक हैं। यहां एक छात्रा सुल्तान रजिया ने कहा, 'शुरुआत में स्कूल में छात्राओं की संख्या कम थी लेकिन अब संख्या बढ़ रही है।'

### शुरू में लड़कों के ही स्कूल खोलने की थी अनुमति

बल्ख शिक्षा विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रांत में करीब 50,000 छात्रों के साथ 600 से अधिक स्कूल सक्रिय हैं। पिछले महीने, तालिबान द्वारा नियुक्त शिक्षा मंत्रालय ने घोषणा की थी कि केवल लड़कों के स्कूल फिर से खुलेंगे और केवल पुरुष शिक्षक ही अपनी नौकरी फिर से शुरू कर सकते हैं। मंत्रालय ने हालांकि, शिक्षिकाओं या लड़कियों के स्कूल लौटने के बारे में कुछ नहीं कहा था। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, वर्तमान समय में अफगानिस्तान में 14,098 स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें से 4,932 स्कूल में 10-12 ग्रेड के छात्र हैं, 3,781 में ग्रेड 7-9 और 5,385 में ग्रेड 1-6 के छात्र हैं।

### नीति-रूपरेखा बनाने की जरूरत

आंकड़ों के अनुसार, कुल स्कूलों में से ग्रेड 10-12 में 28 प्रतिशत, 7-9 में 15.5 प्रतिशत और ग्रेड 1-6 में 13.5न्न गर्ल्स स्कूल हैं। संस्कृति और सूचना मंत्रालय के सांस्कृतिक आयोग के सदस्य सईद खोस्ती ने कहा, 'यहां कुछ तकनीकी समस्याएं हैं। ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें मौलिक रूप से हल किया जाना चाहिए और जिनके लिए नीति और रूपरेखा बनाने की जरूरत है। यह ढांचा इस तरह स्थापित किया जाना चाहिए कि कैसे हमारी लड़कियां अपनी पढ़ाई जारी रख सकती हैं। जब इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा, तो सभी लड़कियां स्कूल जा सकेंगी।'

# इमरान ने रखी तालिबान की नींव!

### रहमतुल लील आलमीन अथॉरिटी के गठन का किया ऐलान



इस्लामाबाद। अफगानिस्तान पर कब्जा करने वाले तालिबान की शान में कसीदे गढ़ने वाले पाकिस्तान ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी इस कट्टरपंथी संगठन का समर्थन किया है। अब इमरान खान अपने देश पाकिस्तान में तालिबान की तरह ही शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। इसी के मद्देजनर इमरान ने रहमतुल लील आलमीन अथॉरिटी के गठन का ऐलान किया। इमरान के इस फैसले ने साफ जाहिर कर दिया है वह पाकिस्तान को किस दिशा में ले जाना चाह रहे हैं। अगर सही मायनों में कहें तो पीएम इमरान खान ने पाकिस्तान में तालिबान की नींव रख दी है। इमरान का असली मकसद इस अथॉरिटी के जरिए पाकिस्तान की शिक्षा व्यवस्था को शरिया के मुताबिक बदलना है।

**तालिबान की शुरुआत भी छात्र संगठन के रूप में हुई थी:** अगर तालिबान के इतिहास की बात करें तो तालिबान एक कट्टरपंथी संगठन है इसकी शुरुआत भी छात्र संगठन के रूप में हुई थी, ये भी खुद को इस्लाम का पैरोकार और शरिया का पालनकर्ता बताते हैं। वहीं इमरान ने कई जगहों पर अहिंसा का समर्थन किया है लेकिन शरिया के नाम पर क्रूरता करने वाले संगठन की इमरान तारीफ करते देखे गए हैं। इससे साफ पता चलता है कि वह अपने देश को भी तालिबान के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं।

# अफगानिस्तान: अमेरिका व ब्रिटेन ने नागरिकों को किया अलर्ट, काबुल के होटलों को तुरंत छोड़ें, आसपास भी न रहें



काबुल। अफगानिस्तान में फंसे विदेशी नागरिकों को अमेरिका और ब्रिटेन ने अलर्ट किया है। दोनों देशों ने कहा है कि अगर नागरिक काबुल शहर के होटलों में हैं या इसके आसपास भी हैं तो तत्काल वहां से दूसरे स्थान पर चले जाएं। यह चेतावनी खास तौर पर काबुल के सेरेना होटल के लिए जारी की गई है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से यह चेतावनी सुरक्षा कारणों से जारी की गई है। सूत्रों का कहना है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को काबुल के होटलों के आसपास बड़े हमले के इनपुट मिले हैं।

**बलूच विद्रोहियों ने पाकिस्तानी पत्रकार को बम से उड़ाया, इलाके में फैली दहशत :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोहियों ने रविवार को बम से हमला कर एक 35 वर्षीय पाकिस्तानी पत्रकार शाहिद जेहरी की हत्या कर दी। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हैदर ने आगे बताया कि पत्रकार जब बलूच प्रांत में कार से यात्रा कर रहे थे उसी समय उनपर देशी बम से हमला किया गया। जानकारी के अनुसार इस हमले में टीवी रिपोर्टर जेहरी को गंभीर चोटें आईं जिसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया और बाद में कराची के डॉ. रूथ पफौ सिविल अस्पताल लाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**बीएलए ने ली हमले की जिम्मेदारी :** सीसीटीवी फुटेज में एक व्यस्त सड़क पर यू-टर्न लेते ही जेहरी की चलती कार पर बम से हमला किया गया। हमले के कुछ देर बाद प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली।

**एक साल के दौरान 10 से अधिक पत्रकार की हत्या :** फरवरी में, काउंसिल ऑफ पाकिस्तान न्यूजपेपर्स एडिटर्स ( सीपीएनई) की मीडिया फ्रीडम रिपोर्ट 2020 में खुलासा किया गया था कि साल 2020 में पेशेवर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाले कम से कम 10 पत्रकारों की हत्या कर दी गई और कई अन्य लोगों को धमकाया गया, अपहरण किया गया, प्रताड़ित किया गया और झूठे आरोपों में गिरफ्तार किया गया।

## दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन पर सवाल

# ब्रिटिश मीडिया का दावा- रूस के जासूसों ने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का फॉर्मूला चुराकर बनाई थी स्पुतनिक-वी

**लंदन/मॉस्को।** दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन बनाने का दावा करने वाला रूस सवालों के घेरे में है। ब्रिटिश मीडिया ने दावा किया है कि रूस के जासूसों ने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का फॉर्मूला चुराकर स्पुतनिक- वी वैक्सीन तैयार की थी। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने इसकी पुष्टि तो नहीं की है, लेकिन इससे इनकार भी नहीं किया है। ब्रिटेन के दो अखबारों 'द डेली मेल' और 'द सन' की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्पुतनिक-वी वैक्सीन को बनाने वाली रूसी कंपनी गेमालेया नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी ने ब्रिटिश फॉर्मूला चुराकर दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन बनाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस ने ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका का फॉर्मूला चुराने के लिए अपने जासूसों का इस्तेमाल किया था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन चाहते थे कि दुनियाभर में फैली इस खतरनाक महामारी का मुकाबला करने की रेस में मॉस्को का नाम सबसे आगे हो। ब्रिटिश मीडिया आगे लिखता है- जब दुनिया महामारी से त्रस्त थी, तब पुतिन के जासूस ब्रिटेन में मौजूद थे। सुरक्षा सूत्रों के हवाले से स्थानीय मीडिया ने लिखा है कि ये जासूस फार्मा कंपनी की लैब से वैक्सीन की ब्लू प्रिंट चुराने वाले थे या फिर प्लांट से तैयार दवा। यह बताना मुश्किल है।

ब्रिटेन की होम मिनिस्ट्री के अफसर डेमियन हिंड्स ने कहा- हम इस मामले पर टिप्पणी नहीं कर सकते, लेकिन इससे इनकार भी नहीं किया जा सकता है। यह मानना उचित है कि निश्चित रूप से विदेशी ताकतें लगातार वाणिज्यिक, संवेदनशील, वैज्ञानिक रहस्य और बौद्धिक संपदा को हथियाने की कोशिश में जुटी हुई हैं। ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआईजेड ने ब्रिटेन पर रूसी हैकर्स के हमले की कोशिश का खुलासा किया था। एजेंसी ने कहा था कि ब्रिटिश वैज्ञानिकों द्वारा कोरोना वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल की घोषणा के करीब एक महीने पहले (मार्च 2020) में रूसी हैकर्स ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी पर साइबर हमलों को अंजाम देने की बार-बार कोशिश की थी।

# अमेरिका बोला- तालिबान को अब केवल उसके बयानों से ही नहीं, बल्कि कार्यों से भी आंका जाएगा

वॉशिंगटन। अफगानिस्तान में तालिबानी शासन को लेकर अमेरिका ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका ने कहा कि अब तालिबान को उसके बयानों से नहीं बल्कि उसके कार्यों से आंका जाएगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने कतर में दोहा वार्ता के दौरान काबुल के वरिष्ठ तालिबान प्रतिनिधियों से मुलाकात की और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर चर्चा की।

**अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने इन मुद्दों पर की चर्चा :** अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने तालिबानी नेताओं के साथ सुरक्षा, आतंकवाद, अमेरिकी एवं अन्य विदेशी नागरिकों की सुरक्षा, अफगान भागीदारों के लिए सुरक्षित मार्ग पर ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा दोनों पक्षों द्वारा अफगान समाज के सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। इनमें महिलाओं एवं लड़कियों के मुद्दे महत्वपूर्ण थे। दोनों पक्षों ने अफगान नागरिकों को मजबूत मानवीय सहायता के संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रावधान पर चर्चा की।

# सिंगापुर में 11 देशों के लोगों को क्वारेंटाइन मुक्त प्रवेश, भारत इस सूची से अब भी बाहर

हांगकांग। दुनिया में कोरोना की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद कई देशों ने यात्रा पर लगाए प्रतिबंधों को हटा लिया है। इसी कड़ी में सिंगापुर ने 11 देशों के लिए अपनी सीमाओं को खोलने का फैसला किया है। 19 अक्टूबर से सिंगापुर एयरलाइंस 11 देशों के 14 शहरों में अपनी सेवाएं शुरू करने जा रही है। यानी इस देश के लोगों को अब क्वारेंटाइन में नहीं रहना पड़ेगा। हालांकि, भारत को अभी इसमें शामिल नहीं किया गया है। भारत को इस फैसले के तहत नहीं रखा गया है। भारतीय को सिंगापुर पहुंचने के बाद क्वारेंटाइन पूरा करना ही होगा। सिंगापुर अथॉरिटीज ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की तरफ से मान्यता मिली वैक्सीन के दोनों शॉट्स लगवाने के बाद ही लोगों को देश में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है। सिंगापुर सरकार की वीटीएल योजना में 11 देशों में सात यूरोपीय देशों को शामिल किया गया है, जिसमें डेनमार्क, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, स्पेन और यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी है। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा शामिल हैं। इस सूची में एक मात्र एशियाई देश ब्रूनेई को शामिल किया गया है। चीन, भारत और इंडोनेशिया को अब तक शामिल नहीं किया गया है।

**यात्रा के लिए दिखानी होगी निगेटिव रिपोर्ट :** इसके अलावा, दक्षिण कोरिया के टीकाकरण वाले यात्रियों को भी 15 नवंबर से देश में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, इस दौरान कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी है। यात्रियों को यात्रा से 48 घंटे पहले एनटीपीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट दिखाना होगी, तब जाकर उन्हें यात्रा की अनुमति मिलेगी।

**पीएम ने लोगों से की अपील:** सिंगापुर में 11 देशों के नागरिकों के लिए क्वारेंटीन फ्री यात्रा करने की



घोषणा प्रधानमंत्री ली सियन सूंग के बयान के बाद हुई है। प्रधानमंत्री ली सूंग ने कहा था कि डेल्टा वैरियंट से यह साफ हो गया है कि कोरोना कभी खत्म होने वाला वाला संक्रमण नहीं है, वैक्सीनेशन, सोशल डिस्टेंसिंग के नियम और सावधानी बरतने के साथ ही सामान्य जीवन जिया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगले कुछ महीने चुनौतीपूर्ण होंगे ऐसे में सतर्कता ही एक मात्र बचाव है।

# हवाई के तटीय क्षेत्र में 6.1 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का कोई खतरा नहीं

वॉशिंगटन। अमेरिका के हवाई में रविवार को बिग आईलैंड के तट के निकट 6.1 तीव्रता का भूकंप आया जिससे द्वीप के निवासी घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग न बताया कि भूकंप की तीव्रता 6.1 थी और यह नालेहु के दक्षिण में करीब 17 मील (27 किलोमीटर) की गहराई में आया। एजेंसी ने बताया कि उसी इलाके में करीब 20 मिनट बाद एक बार फिर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। होनोलुलु में राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि भूकंप से सुनामी का कोई खतरा नहीं है। नालेहु में भूकंप के झटके के कारण एक गैस स्टेशन में रेफ्रिजरेटर का दरवाजा खुल गया और उसके अंदर रखी चीजें नीचे जमीन पर गिर गई।

# यमन: दो मंत्रियों को निशाना बनाकर कार बम से किया गया हमला, गवर्नर के प्रेस सचिव समेत छह की मौत

साना। यमन के अदन शहर में रविवार को हुए बम धमाके में छह लोगों की जान चली गई। यह हमला कार बम से किया गया था। जानकारी के मुताबिक, हमले का निशाना दो वरिष्ठ मंत्रियों को बनाया गया था, लेकिन दोनों की जान बच गई। यमन के सूचना मंत्री ने बताया कि हमला कृषि मंत्री सलेम अल सोकोतराई व अदन के गवर्नर अहमद लमलास को निशाना बनाकर किया गया था।

**गवर्नर के साथियों की मौत :** इस हमले में मारे जाने वालों में अदन के गवर्नर अहमद लमलास के साथी भी शामिल हैं। इसमें गवर्नर के प्रेस सचिव, फोटोग्राफर, सुरक्षा विभाग के प्रमुख और एक साथी शामिल है। इस घटना में करीब सात लोग घायल भी हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। यमन के प्रधानमंत्री मईन अब्दुल मलिक सई ने घटना की निंदा करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बताया जा रहा है हमला इतना खतरनाक था कि आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। खतरे को देखते हुए सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को सील कर दिया है।

# चांग ई-5 मिशन : चंद्रमा की चट्टानों से 40 साल बाद धरती पर नमूने लेकर आया चीन

### ज्वालामुखी का इतिहास जानना हुआ आसान

बीजिंग। चीनी अंतरिक्ष एजेंसी की ओर से शुरू की गई चंद्रमा की जांच के अंतर्गत चांग ई-5 मिशन में 40 से अधिक वर्षों के बाद चंद्रमा की ज्वालामुखीय चट्टान (लावा) के पहले ताजा नमूने लाए गए हैं। चंद्रमा की चट्टानों पर किए गए इस अध्ययन के वैज्ञानिकों में वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ ब्रैड जोलिफ भी शामिल हैं, जिन्होंने चंद्रमा की ज्वालामुखीय चट्टान की आयु करीब दो अरब साल निर्धारित की है। इन अध्ययन के निष्कर्ष साइंस पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं। अमेरिका के



निवासी जोलिफ चाइनीज एकेडमी ऑफ जियोलॉजिकल साइंसेज के नेतृत्व में चंद्रमा की चट्टानों के विश्लेषण के सह-लेखक हैं। जोलिफ बताते हैं, चांग ई-5 मिशन चंद्रमा पर सबसे कम उम्र की ज्वालामुखीय सतहों से चट्टानों को इकट्ठा करने और उन्हें वापस पृथ्वी पर लाने के लिए डिजाइन किया गया है। बेशक यह अभी नया मिशन है, लेकिन इसके निष्कर्ष काफी महत्वपूर्ण हैं।

### चांग ई-5 मिशन ने जुटाए दो अरब साल पुराने ज्वालामुखीय चट्टान के नमूने

उन्होंने बताया कि अपोलो मिशन में एकत्रित सभी ज्वालामुखी चट्टानें तीन अरब वर्ष से अधिक पुरानी थी। वहीं, इस युवा मिशन में मिले चट्टानों के नमूनों की उम्र दो अरब वर्ष है, जो इसके प्रभावी होने का संकेत देती है। चांग ई-5 मिशन से जुटाए गए नमूने न केवल चंद्रमा के अध्ययन के लिए बल्कि सौर मंडल के अन्य चट्टानी ग्रहों के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

### चट्टानों की उम्र पता लगाना महत्वपूर्ण

जोलिफ बताते हैं, चंद्रमा स्वयं लगभग 4.5 अरब वर्ष पुराना है, लगभग पृथ्वी जितना पुराना। लेकिन पृथ्वी के विपरीत, चंद्रमा पर ऐसी चट्टानों की निर्माण प्रक्रिया नहीं होती है, जो वर्षों के ज्वालामुखी का संकेत दे। वैज्ञानिकों ने इसकी सतह पर विभिन्न क्षेत्रों की उम्र का अनुमान लगाने के लिए चंद्रमा के स्थाई ज्वालामुखी के नमूने लिए, जो इस बात पर आधारित है कि यह क्षेत्र कैसा प्रतीत होता है। इस अध्ययन से पता चला कि चांग ई-5 मिशन की मदद से लाई गई चांद की चट्टानों की उम्र दो अरब साल थी, जिसे जानने के बाद वैज्ञानिक अब अपने महत्वपूर्ण जांच उपकरणों को ज्यादा सटीक रूप देने में सक्षम होंगे।

### ज्वालामुखी का इतिहास जानना हुआ आसान

जोलिफ ने बताया कि बीजिंग की प्रयोगशाला जहां नए विश्लेषण किए गए थे, वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ लैब है। इसमें चंद्रमा पर मिली ज्वालामुखीय चट्टान के नमूनों को चिह्नित करने और उनका विश्लेषण करने में अभूतपूर्व काम किया है। इस विश्लेषण का दूसरा दिलचस्प निष्कर्ष यह रहा कि इससे जुटाए गए नमूने बेसाल्ट की संरचना के बारे में पता चला हैं, जिसकी मदद से चंद्रमा के ज्वालामुखी इतिहास का पता लगाना आसान हो गया है।

### क्या है चांग ई-5 मिशन

चंद्रमा की ज्वालामुखीय चट्टान के नमूनों को धरती पर लाने के लिए चांग ई-5 मिशन को चीन ने 24 नवंबर को लॉन्च किया था। करीब चार दशक बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई देश चंद्रमा की सतह की खुदाई करके ये नमूने पृथ्वी पर लाया है।

# हमला: इसराइल ने सीरिया पर दागी मिसाइलें

### मार गिराए दो विदेशी लड़ाके, छह सैनिक घायल



दमिश्क । इसराइल ने एक बार फिर सीरिया पर हवाई हमला किया है। इसमें 2 विदेशी लड़ाके मारे गए हैं। हमले में 6 सीरियाई सैनिकों के घायल होने की भी खबर है। ब्रिटेन के वार मॉनिटर के मुताबिक, इसराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के एयरपोर्ट पर मिसाइल दागी। हालांकि मृतकों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। सीरिया की सरकारी मीडिया सना के मुताबिक, हमला रात 9 बजे हुआ। इसराइल की ओर से टी-4 सैन्य एयरबेस पर मिसाइल दागी गईं। इसमें 6 सैनिक घायल हुए हैं। उन्होंने बताया इसराइल ने एक ड्रोन डिपो को निशाना बनाया था।

**इसराइल के निशाने पर ईरान से जुड़े सैन्य ठिकाने :** इसराइल के रक्षा अधिकारी ने हमले की बात मानी है। साथ ही, कहा, हम विदेशी रिपोर्टों पर टिप्पणी नहीं करते। इसराइल ने सीरिया में ईरान से जुड़े सैन्य ठिकानों पर सैकड़ों बार कार्रवाई की है, लेकिन कभी भी इसे स्वीकार नहीं किया है। इसराइल को अपनी उत्तरी सीमा पर ईरानी घुसपैठ का डर बना रहा है और इसके चलते वो ईरानी बेस और लेबनानी आतंकी संगठन हिज्बुल्ला के ठिकानों पर हमला करता रहता है।



## एक्ट्रेस ने कहा 'मुझे अच्छे प्रोजेक्ट्स में इन्वेस्ट करने की जरूरत'

# लुभावने ऑफर्स के आगे मैं नहीं झुक रही हूं : दिव्यांका

**ये हैं मोहब्बतें सहित अपने पॉपुलर टीवी शो में मजबूत महिला के किरदार निभाने के बाद दिव्यांका त्रिपाठी दहिया ने एक ऑब्जर्वेशन किया है। उन्होंने इस बारे में एक इंटरव्यू में अपने दिल की बात कही। साथ ही उन्होंने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बताया। दिव्यांका को लगता है कि लोग अक्सर महिलाओं को उनकी पर्सनेलिटी से नहीं, बल्कि उनके रूप के आधार पर आंकते हैं।**

### महिलाएं मल्टी टास्कर्स और मजबूत हैं

दिव्यांका का कहना है कि अगर कोई महिला सॉफ्ट दिखती है, तो धारणा यह ही रहती है कि वो महिला सॉफ्ट होनी चाहिए। लेकिन, मैंने जो देखा है वो यह है कि महिलाएं लोगों को चौंका सकती हैं। वो मल्टी टास्कर्स हैं और वास्तव में मजबूत हैं। वे अपने आस-पास बहुत कछ संभालती हैं। हां, महिलाएं पुरुषों के लिए डराने वाली हो सकती हैं, खासकर भारतीय लोगों के लिए। अगर कोई शक्ति या अपनी ताकत दिखाता है तो वह इसे नहीं ले सकता। वह इससे डरता है।

### सम्मान से प्रभावित ना हों

दिव्यांका आगे कहती हैं, शायद 10 में से 2-3 पुरुष विकसित हैं, जो नारी शक्ति का सम्मान करते हैं। वे मलि-पुरुष समानता में विश्वास करते हैं। मुझे यह भी लगता है कि महिलाओं को इससे उत्तेजित नहीं होना चाहिए। यह साइकोलॉजी है और इससे प्रभावित न हों। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हमारे पास क्या है और हम क्या करना चाहते हैं।

### अच्छे प्रोजेक्ट्स का है इंतजार

दिव्यांका ने कहा, मुझे मिलने वाले लुभावने ऑफर्स के आगे मैं नहीं झुक रही हूं। बेशक, जब आपके पास स्क्रिप्ट और अच्छे पैसे की बरसात होती है तो ना कहना मुश्किल हो जाता है, लेकिन मैं इससे संतुष्ट नहीं हूं। मुझे लगता है कि मेरे लिए और भी बहुत कुछ है जिसे मुझे तलाशने की जरूरत है। मुझे अच्छे प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने की जरूरत है। मेरे पास जितनी भी स्क्रिप्ट हैं, वे संकट में एक लड़की या एक हाउस वाइफ या एक नियमित लड़की के बारे में हैं जो अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में असमर्थ हैं। उसे किसी और की जरूरत क्यों है? अक्सर महिलाओं को विद्रोही और दुनिया के खिलाफ लड़ते हुए दिखाया जाता है। क्यों? आप प्रवाह के साथ जा सकते हैं और जो चाहें हासिल कर सकते हैं।



## 'अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस'

# बेटियों के अधिकारों को लेकर मुखर होना जरूरी

फिल्म 'पृथ्वीराज' में खूबसूरत राजकुमारी संयोगिता के किरदार में अपना फिल्मी करियर शुरू करने के लिए तैयार पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर बेटियों के लिए समान अधिकारों को लेकर शुरू से ही मुखर रही हैं। किशोरियों व युवतियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के बारे में जागरूक करने के लिए 'प्रोजेक्ट शक्ति' का हिस्सा बन चुकीं मानुषी अब अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों के अधिकारों को लेकर मुखर होने की जरूरत के बारे में लोगों को सचेत कर रही हैं।

मानुषी कहती हैं-पुरुषों और महिलाओं का लड़कियों के अधिकारों को लेकर मुखर होना जरूरी है। यह एक सच्चाई है कि महिलाओं को अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए अपेक्षाकृत ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। महिलाओं को सत्ता अपने हाथों में लेनी होगी और इस धारणा को आकार देना होगा कि एक लड़की को खुद को किस तरह देखना चाहिए। ये अवसरों और रूढ़ियों से भरी दुनिया है जो बेहतर भविष्य और बेहतर जिंदगी के लिए बेड़ियों का काम करती है। यह उन रूढ़ियों को तोड़ने का वक्त है।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस को लेकर अपने प्रयासों के बारे में पूछे जाने पर मानुषी कहती हैं, इस अवसर पर मैं इस मुद्दे पर अधिक से अधिक लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए सोशल मीडिया की ताकत का इस्तेमाल करूंगी। मैं दुनिया को यह दिखाने के लिए रचनात्मक लोगों के साथ जुड़ना चाहती हूं कि समान अधिकारों को लेकर हम कैसा महसूस करते हैं और एक महिला के तौर पर कैसा महसूस करना चाहते हैं।

## नीना गुप्ता का खुलासा



# इसलिए नहीं कर पाई शेखर कपूर के साथ काम

## कहा- इंडस्ट्री के नियमों से थी अनजान

**अभिनेत्री नीना गुप्ता ने अपनी आत्मकथा में बताया है कि कैसे वह लोकप्रिय फिल्ममेकर शेखर कपूर के साथ काम करने से वंचित रह गईं। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि वह शुरुआत में इंडस्ट्री के नियमों से अनजान थीं, जिस कारण उन्हें कई फिल्मों में भूमिकाएं भी गंवानी पड़ीं।**

नीना गुप्ता ने अपनी आत्मकथा में अपने जीवन को लेकर कई खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह फिल्म निर्माताओं के वापस बुलाने का इंतजार करती रही, जबकि उन्हें खुद उन्हें फोन करना चाहिए था।

नीना ने अपनी आत्मकथा में लिखा था कि कैसे उन्होंने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता शेखर कपूर के साथ काम करने का मौका सिर्फ इसलिए खो दिया, क्योंकि वह उन्हें कॉल नहीं कर पाईं थीं।

नीना ने एक इंटरव्यू में कहा है कि इंडस्ट्री किसी भी उद्योग की तरह है, आप खेल के नियमों को जाने बिना किसी व्यवसाय में प्रवेश नहीं कर सकते। इंडस्ट्री के भी अपने नियम हैं, जिनको समझने के बाद ही अंदर जा सकते हैं। उन्होंने कहा, शेखर कपूर ने मुझसे कहा था कि मैं आपको कॉल करूंगा, मैं समझ रही थी कि वह मुझे कॉल करेंगे। अगर उस वक्त मुझे कोई समझाता तो शायद उनके साथ काम करने का मौका मेरे हाथ से नहीं जाता। मुझे उन लोगों के नाम लिखने की सलाह दी गई, जिन्हें एक सप्ताह में कॉल करना है। हर दिन कम से कम दस लोगों को कॉल करें, जब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती तब तक कॉल करते रहें। इससे पहले मुझे यह सब पता नहीं था। इस वक्त नीना गुप्ता वेब सीरिज 'पंचायत' के दूसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनके पास काम की कोई कमी नहीं है। नीना ने कुछ साल पहले तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने काम मांगने वाला एक इंस्टाग्राम मैसेज पोस्ट किया था। इस घटना को अर्ध-काल्पनिक शो मसाबा-मसाबा में फिर से बनाया गया था।

# हेमा मालिनी से तुलना करना बहुत अच्छा है, लेकिन मेरा अपना खुद का भी एक व्यक्तित्व है : कियारा





एक्ट्रेस का स्वाभिमान

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की हमशक्ल ऐश्वर्या सिंह सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। फैंस को ऐश्वर्या और कियारा में समानता पर यकीन नहीं हो रहा था। जब कियारा ने भी ऐश्वर्या की फोटोज देखीं तब वो हैरान थीं। एक तरफ ऐश्वर्या को कियारा की हमशक्ल कहा जाता है, तो वहीं दूसरी तरफ कियारा की हेमा मालिनी से भी तुलना की जाती है। इस बारे में उन्होंने एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान बात की और कहा कि उनसे तुलना किया जाना बहुत अच्छा है, लेकिन मेरा अपना खुद का भी एक व्यक्तित्व है।

### ड्रीम गर्ल से तुलना पर खुलकर की बात

कियारा की पहले भी हेमा मालिनी से तुलना की जाती रही है। लोगों ने कहा कि वो ड्रीम गर्ल से मिलती-जुलती हैं। कियारा ने इस बारे में बात करते हुए कहा, हेमा जी से तुलना किया जाना मेरे लिए सम्मान की बात है, वो बहुत ही खूबसूरत हैं। लेकिन, सच कहूं तो मुझे यह कॉम्प्लिमेंट हमेशा से ही अजीब लगा है। पता नहीं इस पर किस तरह से रिऐक्ट करूं। मेरा मतलब है कि उनसे तुलना किया जाना बहुत अच्छा है, लेकिन मेरा अपना खुद का भी एक व्यक्तित्व है। मैं जैसी दिखती हूं, मुझे वो पसंद है और मैं अपने जैसी ही दिखना चाहती हूं। कियारा ने कहा, मैंने देखा था कि ऐश्वर्या ने डिंपल (शेरशाह में कियारा आडवाणी द्वारा निभाए डिंपल चीमा के कैरेक्टर) के लुक को रीक्रिएट किया था और उसे सोशल मीडिया पर शेयर किया था। मुझे लगता है कि मुझे भी उस पोस्ट में टैग किया गया था और इसीलिए मैंने उस पोस्ट को देखा और उस पर कमेंट भी किया था। इस तरह से उन्होंने लुक को फिर से रीक्रिएट किया। उसके साथ उन्होंने वास्तव में बहुत अच्छा काम किया, लेकिन आप जानते हैं कि मुझे वास्तव में डोपेलगैंगर शब्द पसंद नहीं है। मुझे पता है कि वो जो कर रही हैं वो प्रशंसा के लायक है, लेकिन मेरे लिए दिलचस्प बात यह है कि वो रियल लाइफ में एक डॉक्टर हैं।

# हिंदी सिनेमा में भी दम खम दिखा चुके हैं ये भोजपुरी सितारे

## रवि किशन जीत चुका है नेशनल अवॉर्ड

भोजपुरी सिनेमा के सितारे दर्शकों के बीच काफी मशहूर हैं। वो फिल्मों से तो नाम कमाते ही हैं साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहते हैं। उनकी फैन फोलोइंग भी काफी ज्यादा है। भोजपुरी फिल्मों में लोगों को एक अलग अपनापन नजर आता है और उनके गाने भी लोगों को बहुत अच्छे लगते हैं। एक्टिंग, सिंगिंग और डांस में भोजपुरी सितारे किसी से कम नहीं हैं। बहुत से सितारे ऐसे भी रहे हैं जिन्होंने बॉलीवुड में काम किया है और खूब नाम भी कमाया है। उनकी परफॉर्मेंस हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में भी काफी पसंद की गई। यहां तक कि इन सितारों ने बिग बॉस जैसे शो में हिस्सा भी लिया और अपने अनोखे अंदाज से दर्शकों का दिल जीता। तो चलिए आपको बताते हैं कुछ ऐसे ही भोजपुरी सितारों के बारे में जिन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कमाया है जबरदस्त नाम।

### विनय आनंद



विनय आनंद भोजपुरी सिनेमा में बड़ा नाम है। हालांकि, उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बॉलीवुड फिल्म लो मैं आ गया से की थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने सौतेला, जहां जाइएगा हमें पाइएगा, मुलाकात, दिल ने फिर याद किया, आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया में काम किया। विनय ने बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम करने के बाद भोजपुरी सिनेमा में कदम रखा। वहां उन्हें वो सब मिला जो बॉलीवुड में नहीं मिल पाया।

### मोनालिसा



अंतरा बिस्वास यानि भोजपुरी सिनेमा की मोनालिसा किसी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में करीब 125 फिल्मों में काम किया है। मोनालिसा भोजपुरी सिनेमा की बड़ी स्टार मानी जाती हैं, हालांकि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बॉलीवुड फिल्म जयते से की थी। इसके बाद वो दामन, तौबा-तौबा, ब्लैकमैल और बंटी और बबली में नजर आ चुकी हैं।

### रवि किशन

रवि किशन मनोरंजन जगत का बड़ा नाम हैं। भोजपुरी सिनेमा में तो रवि मशहूर हैं ही हिंदी फिल्म जगत के साथ ही साउथ में भी उन्होंने अपने हुनर का परचम लहराया है। फिल्म तेरे नाम में उनके किरदार पंडित रामेसार को काफी पसंद किया गया था। उन्हें इसके लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा वो फिल्म मोहल्ला अस्सी में भी नजर आए थे। रवि किशन को हिंदी सिनेमा में खूब प्यार मिलता है।



### मनोज तिवारी



मनोज तिवारी का नाम भला कौन नहीं जानता। अभिनेता, गायक और राजनेता तीनों ही रूप में मनोज तिवारी काफी लोकप्रिय हैं। उनका गाना चट देनी मार देली आज भी लोगों के बीच बहुत मशहूर है। मनोज तिवारी भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार तो हैं ही साथ ही उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों में भी अपना दम दिखाया है। यहां पर भी उन्हें दर्शकों का उतना ही प्यार मिला। उन्होंने हिंदी फिल्म 23 मार्च 1931, हैलो डार्लिंग, शहीद, देशद्रोही जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

### सुभी शर्मा



अपनी अदायगी और खूबसूरत अदाओं से सबको दीवाना बना देने वाली सुभी शर्मा को भोजपुरी सिनेमा में काफी पसंद किया जाता है। उन्होंने प्रेम दीवानी, बनारसवाली, बाजीगर और दूसरी कई शानदार फिल्मों में काम किया है। सुभी भी बॉलीवुड में भी जलवे बिखेर चुकी हैं। उन्होंने फिल्म वेलकम बैक में जॉन अब्राहम संग डांस भी किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर खीरी प्रकरण

# कांग्रेस का मौन व्रत, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के इस्तीफे की मांग



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** लखीमपुर खीरी की घटना के खिलाफ और केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने सिविल लाइंस फाटक के बाहर सोमवार को मौन व्रत रख विरोध जताया। सिविल लाइंस फाटक पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मौन व्रत रखा गया। इस मौन व्रत में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित कई दिग्गत नेता शामिल हुए।

हालांकि मौन व्रत में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी शामिल होना था, लेकिन बाद में मुख्यमंत्री का धरने में शामिल होने का कार्यक्रम रद्द हो गया। पीसीसी चीफ डोटासरा ने केंद्र की मोदी और उप्र की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादियों की गोलीबारी में 5 जवान शहीद हो जाते हैं, उसे लेकर मोदी सरकार जवाब नहीं देती है, लेकिन जिस अन्नदाता किसान के वोट से सरकार चुनी गई। उस किसान की हत्या की जाती है और आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता। उप्र सरकार निरंकुश हो गई है। राजस्थान के पीलीबंगा में जो घटना हुई, उस पर तुरंत कार्रवाई हुई है और जो आरोपी हैं, उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

**ये नेता रहे मौजूद**

**कृषि** मंत्री लालचंद कटारिया, परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग, गृह राज्यमंत्री भजनलाल जाटव, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, विधायक नरेंद्र बुढ़ानिया, विधायक लाखन मीणा, विधायक रफीक खान, विधायक शकुंतला रावत, विधायक कृष्णा पूनियां, विधायक गंगादेवी वर्मा, जयपुर हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर, भरतपुर मेयर अभिजीत जाटव, बाल संरक्षण आयोग की संगीता बेनीवाल सहित कई विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत की माताजी की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन

**जोधपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत की मां मोहन कंवर का रविवार को दिल्ली में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थीं। उनका दिल्ली एम्स में उपचार चल रहा था। सोमवार को जोधपुर के कागा राजपूत श्मशान गृह में दोपहर 1 बजे उनकी अंत्येष्टि की गई। इससे पूर्व सोमवार सुबह उनकी पार्थिव देह सड़क मार्ग से जोधपुर लाई गई। घर लाए जाने पर परिजन भावुक हो गए। अंतिम संस्कार के दौरान शहरभर के भाजपाई और जन समूह अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। शवयात्रा दोपहर में उनके घर अजीत भवन रातानाड़ा से शुरू हुई। शेखावत की चार बहनों में सबसे बड़ी बहन राज कंवर शेखावत रात में ही जोधपुर स्थित निवास स्थान पहुंच गईं। बहन सुनीता कंवर भी साथ थीं, लेकिन शैलेश व नीलम कंवर अमेरिका में हैं। पार्थिव देह जैसे ही घर पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया।



# स्किल का उपयोग देश के लिए करें स्टूडेंट : शिक्षामंत्री प्रधान




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एमएनआईटी ने अपने 15वें दीक्षांत समारोह का आयोजन सोमवार को हाईब्रिड मोड में किया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विशिष्ट अतिथि के रूप में डीआरडीओ निदेशक जी सतीश रेड्डी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधान ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज उनके जीवन का नया अध्याय शुरू हो रहा है, वे अपनी नॉलेज और स्किल का उपयोग देश की तरक्की में करें, जिससे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया जा सकता है।

वहीं डीआरडीओ निदेशक जी सतीश रेड्डी ने कहा कि यह उनके जीवन महत्वपूर्ण अध्याय है। एमएनआईटी खुद को इस देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक रूप में प्रतिष्ठित कर रहा है। हम सभी को मिलकर शक्तिशाली भारत के निर्माण की दिशा में काम करना है।

समारोह में 75 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल और तकरीबन 2506 स्टूडेंट्स को वचुर्अल रूप से डिग्री प्रदान की गई। जिन 75 स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल दिए गए, उसमें 40 छात्राएं शामिल थीं। इससे पूर्व एमएनआईटी के निदेशक प्रो. उदयकुमार आर योरागट्टी ने संस्थान की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में इंस्टीट्यूट्स के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस, फैकल्टी मेंबर्स और स्टाफ के साथ ही एलुमिनाई भी शामिल हुए।

## डीग-कुम्हेर इतना पिछड़ा इलाका कि लड़कों की शादी नहीं हो रही: विश्वेंद्र सिंह

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। कभी यहां शीर्ष नेताओं में रार ठन जाती है तो कभी यहां के विधायक ही अपनी पार्टी की खिंचाई करने लगते हैं। ताजा मामला कुम्हेर-डीग से विधायक विश्वेंद्र सिंह का है। हाल ही विश्वेंद्र सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी पार्टी की सरेआम खिंचाई कर डाली। उन्होंने यहां तक कह डाला कि डीग-कुम्हेर में विकास का आलम यह है कि यहां के लड़कों की शादी तक नहीं हो पा रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने सरकार के मंत्रियों और पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने ब्रज भाषा में पूछा, रोड नायं, खाद नायं, बिजली नायं, गांव वारेन तो पूछो कि उनपे का बीत रही है। इस दौरान सभा में मौजूद लोगों ने भी उनकी हां में हां मिलाई। विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि भरतपुर जिले में आज सड़क, बिजली और पानी की समस्या बनी हुई है। यहां किसानों को खाद तक नहीं मिल रही है। बताया जाता है कि विश्वेंद्र सिंह सचिन पायलट खेमे के विधायक हैं। वहीं डोटासरा सचिन पायलट को ही हटाकर पीसीसी अध्यक्ष बने हैं। इससे पहले भी विश्वेंद्र सिंह डोटासरा के समर्थन में और सरकार के खिलाफ कई बार बयान दे चुके हैं।

### जेडीए बना रहा सोलर एनर्जी की योजना

# सोलर ऊर्जा से रोशन होंगे जेडीए के बड़े पार्क

## करीब आधा रह जाएगा पार्कों का बिजली बिल

राजेश मीणा

**जयपुर।** शहर के बड़े पार्कों को सोलर ऊर्जा से रोशन करने के लिए जेडीए प्रशासन योजना बना रहा है। इस योजना के मूर्तरूप लेने के बाद पार्कों पर आ रहा भारी भरकम बिजली बिल करीब आधा ही रह जाएगा। अभी जेडीए हर माह पार्कों के बिजली के बिल के रूप में करीब 30 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च कर रहा है।

विशेष बात यह है कि जेडीए कार्यालय में हाल ही सोलर ऊर्जा का उपयोग होने के बाद जेडीए कार्यालय का प्रतिमाह आने वाला 16 लाख रुपए का बिजली बिल अब करीब 8 लाख रुपए का आ रहा है। बिजली बिल के रूप में जेडीए इस प्रकार हर साल करीब एक करोड़ रुपए की राशि बचा रहा है। इन्हीं सब को ध्यान में रखते हुए जेडीए शहर में चल रहे एसटीपी सहित अन्य प्रोजेक्ट्स के लिए भी सोलर ऊर्जा के उपयोग के लिए पावर प्लांट भी लगा रहा है। जानकारी के अनुसार जेडीए के अधीन शहर में करीब 220 पार्क हैं। इनमें से 90 पार्कों की जिम्मेदारी होर्टिकल्चर शाखा के पास है। विद्युत खर्च के रूप में जेडीए हर माह करीब तीस लाख रुपए का बिल चुका रहा है।



**शहर में नौ बड़े पार्क जेडीए के अधीन**

**शहर** में जेडीए के पास 9 बड़े पार्क हैं। इसमें सेंट्रल पार्क, नेहरू गार्डन, जवाहर सर्किल, रामनिवास बाग, वुडलैंड पार्क, स्मृति पार्क, स्वर्ण जयंती गार्डन, नर्सरी सर्किल और भैरोंसिंह पार्क शामिल हैं। प्रत्येक पार्क का हर माह करीब एक लाख रुपए से ज्यादा का बिल आता है। जो बाद में आधा ही रह जाएगा।

**पार्क में बिजली खपत ज्यादा**

**जेडीए** के अधीन बड़े पार्कों में रोशनी करने पर बिजली की ज्यादा खपत नहीं होती है, लेकिन पार्क में लगे पौधों और घास को हरा-भरा रखने के लिए ट्यूबवैल के माध्यम से पानी दिया जाता है। पार्कों में सबसे ज्यादा बिजली का बिल ट्यूबवैल का ही आता है। जेडीए इसके लिए सोलर एनर्जी को प्राथमिकता देने की योजना बना रहा है।

> **पार्कों** में सबसे ज्यादा बिजली उन्हें हरा-भरा बनाए रखने पर खर्च होती है। बड़े पार्क का औसतन हर माह एक लाख रुपए का बिजली का बिल आता है। ऐसे में इन पार्कों में सोलर एनर्जी के उपयोग को लेकर योजना बनाई जा रही है। सोलर एनर्जी के लिए जेडीए शहर में एक पावर प्लांट भी बना रहा है।
>
> **-महेश कुमार तिवारी,** वन संरक्षक, जेडीए

# उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची





### सूची में केवल माकन बाहरी नेता, बाकी गहलोत और पायलट के साथ 19 स्थानीय नेताओं को उतारा मैदान में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में वल्लभनगर और धरियावद विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली है। इसी को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को 20 स्टार प्रचारकों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस इन 20 स्टार प्रचारकों के जरिए चुनावी मैदान में प्रचार करती दिखाई देगी। सूची में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी अजय माकन, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पालयट सहित 20 वरिष्ठ नेताओं को जगह मिली है। सूची में खास बात ये है कि केवल अजय माकन वह चेहरा है, जो राजस्थान से बाहर के नेता हैं। हालांकि प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी महासचिव होने के नाते उन्हें सूची में खास तौर पर जगह दी गई है।

**इनको बनाया स्टार प्रचारक**

**कांग्रेस** नेता धर्मेंद्र सिंह राठौड़, सीडब्ल्यूसी सदस्य रघुवीर सिंह मीणा, मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, गणेश घोघरा, अर्जुन सिंह बामणिया, अशोक चांदना, विधायक महेंद्रजीत सिंह मालवीय, उदयलाल आंजना, प्रमोद जैन भाया, लखन मीणा, मांगीलाल गरासिया, पुष्कर लाल डांगी, दयाराम परमार, रामलाल मीणा, दिनेश खोड़निया और पुष्पेंद्र भारद्वाज के नाम शामिल हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अल्फोंस ने बताईं मोदी सरकार के 7 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां



### पुस्तक एक्सेलरेटिंग इंडिया 7 इयर्स ऑफ मोदी गवर्नमेंट का किया विमोचन

### भाजपा मुख्यालय में हुआ कार्यक्रम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री केजे. अल्फोंस एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को जयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के निवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर पुस्तक भेंट की। भाजपा मुख्यालय में अपनी पुस्तक एक्सेलरेटिंग इंडिया 7 ईयर्स ऑफ मोदी गवर्नमेंट के विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्षा डॉ. पूनियां की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया।

इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के 7 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों और कामकाज को लेकर जानकारी दी। पत्रकारों से बातचीत में अल्फोंस ने कहा कि मैं मानता हूं कि महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ना ही मुद्दा नहीं हैं। पिछले सात साल में मोदी सरकार ने जितना काम किया है, इतिहास में उतना काम कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 25 अलग-अलग पाठों में वर्गीकृत इस पुस्तक में बीते 7 साल में मोदी सरकार की ओर से किए गए कामकाज के एक्चुअल फैक्ट्स मौजूद हैं। जो ये बताएंगे कि इन 7 साल में देश में किस तरह विकास के काम हुए हैं। अल्फोंस ने बताया कि इस पुस्तक में केंद्र सरकार में अलग अलग-अलग विभागों के पूर्व अधिकारियों ने विभागों के कामकाज के आधार पर भारत सुधार की यात्रा के बारे में जानकारी दी है। आज देश में कांग्रेस के नेता बिना जानकारी मोदी सरकार और भाजपा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें विरोध करने से पहले कम से कम इस पुस्तक को जरूर पढ़ लेना चाहिए, ताकि उन्हें भी पता चले कि देश में बीते 7 साल के दौरान किस क्षेत्र में कितना काम हुआ है।

### गलता वन क्षेत्र में तैयार की जा रही लैपर्ड सफारी

# वन विभाग का वन्यजीवों की सुरक्षा पर नहीं, नवाचार पर ज्यादा जोर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वन विभाग पर्यटन के लिहाज से जंगलों में कई नवाचार कर रहा है, लेकिन वन्यजीवों की सुरक्षा और भोजन-पानी पर उनका ध्यान नहीं है। यही वजह है कि जंगल से निकलकर वन्यजीव आबादी क्षेत्र में घुस जाते हैं। इससे वन्यजीव के साथ आमजन की जान को भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। भोजन-पानी की तलाश में झालाना, गलता और नाहरगढ़ के जंगल से वन्यजीव निकलकर सड़क या आबादी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं और असामयिक ही काल का ग्रास बन जाते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से झालाना सफारी के साथ गलता वन क्षेत्र में भी वन विभाग लैपर्ड सफारी तैयार करवा रहा है, लेकिन जंगल में मानव दखल से वन्यजीवों के दैनिक क्रियाकलाप प्रभावित होते हैं।

वन विभाग ने नवाचार के रूप में गलता वन क्षेत्र में लैपर्ड पगमार्क की आकृति का वाटर प्वॉइंट बनाया है, लेकिन यहां रह रहे लैपर्ड सहित अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया है। पिछले दिनों जामडोली में एक पैंथर के शावक की भूख-प्यास से मौत हो गई थी। इसके अलावा गलता की पहाड़ियों से लैपर्ड निकलकर जामडोली के आबादी एरिया में घुस गया था। इससे स्थानीय लोगों की जान सांसत में आ गई थी।

उपवन संरक्षक अजय चित्तौड़ा ने बताया कि झालाना लैपर्ड रिजर्व की तर्ज पर गलता वन क्षेत्र को भी लैपर्ड सफारी के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां पर नए वाटर प्वॉइंट्स और ट्रैक्स का निर्माण करवाया जा रहा है, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। जंगल में वाटर प्वॉइंट्स को प्राकृतिक लुक दिया जा रहा है। गलता वन क्षेत्र में वन्यजीवों के पगमार्क की आकृति के वाटर प्वॉइंट बनाए जाएंगे। वाटर प्वॉइंट्स के हिसाब से ट्रेक बनाए जा रहे हैं, ताकि पर्यटकों की अच्छी साइटिंग हो सके।



### पीलीबंगा दलित युवक हत्या मामले में भाजपा ने बनाई तीन सदस्यीय जांच समिति

# दिलावर, महर्षि, गोदारा जाएंगे पीलीबंगा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बीते दिन हनुमानगढ़ के पीलीबंगा में दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा इस मामले को लेकर लगातार प्रदेश की गहलोत सरकार को घेरने का काम कर रही है। हालांकि मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन पंचायत और उपचुनाव के मद्देनजर भाजपा इस घटना को भुनाने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार को भाजपा ने मामले में 3 सदस्यीय जांच समिति बनाई है। भाजपा प्रदेशस्तरीय समिति के सदस्यों को मौके पर जाकर सभी पक्षों से बात कर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के निर्देश पर बनाए गए इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा विधायक व प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, विधायक अभिनेश महर्षि और सुमित गोदारा को शामिल किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल तीनों विधायक पीलीबंगा के प्रेमपुरा गांव पहुंचकर इस घटना से जुड़े तथ्यों की निष्पक्ष जांच कर प्रदेश नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपेंगे।



**महंगाई** त्योहारी सीजन में फल-सब्जियों में तेजी, नासपाती का भाव 300 तो धनिया का 240 रुपए किलो पहुंचा

# डीजल-पेट्रोल ने बिगाड़ा रसोई का बजट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** डीजल-पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और त्योहारी सीजन से फल-सब्जियों के भाव आसमान छूने लगे हैं। इसके चलते पहले से ही गैस के बढ़े दामों से परेशान गृहणियों का बजट गड़बड़ा गया है।

मंडी में धनिया फुटकर भाव में 240 तथा फलों में नासपाती 300 रुपए तक बिक रही हैं। वहीं फुटकर भाव में आमतौर पर सब्जियां 50 रुपए पार हो चुकी हैं। प्रदेश की सबसे बड़ी मुहाना मंडी में सब्जियों की आवक कम होने से थोक दामों में जबर्दस्त तेजी देखने को मिल रही है। व्यापारियों का कहना है कि इस तेजी की मुख्य वजह पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में बढ़ोत्तरी है। इससे पहले कोरोना संक्रमण के चलते किसानों की सब्जियां खेतों में ही खराब हो गई थीं। आगे भी ऐसा ही होने की आशंका के चलते किसानों ने सब्जियों का उत्पादन नहीं किया। उत्पादन कम होने से सब्जियों के दामों में यह वृद्धि देखने को मिल रही है। नवंबर माह की शुरुआत में स्थानीय सब्जियों की आवक शुरू होने के साथ ही कीमतों में गिरावट आएगी। मंडी के कुछ जानकारों का कहना है कि अक्टूबर के अंत तक अलवर, झालावाड़ सहित अन्य जगहों की नई फसल आने के बाद भावों में कमी आने की उम्मीद है। फिलहाल मंडी में नासिक, बेंगलुरू, महाराष्ट्र, कोल्हापुर से प्याज आ रही है। इस संबंध में जयपुर फल-सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना मंडी अध्यक्ष राहुल तंवर का कहना है कि कोरोना संक्रमण के बाद सितंबर माह में महाराष्ट्र, औरंगाबाद, बेंगलुरू में भारी बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से फसलें पूरी तरह नष्ट हो गईं। तंवर ने कहा कि राजधानी के आसपास सब्जी की फसलें पर्याप्त मात्रा में नहीं हुई हैं। मुहाना मंडी के व्यापारी शिवशंकर शर्मा ने बताया कि सब्जियों में महंगाई की मुख्य वजह उत्पादन कमजोर रहने के साथ ही मंडी में आवक कम होना है। दूसरी सबसे बड़ी वजह पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में तेजी भी है। नवंबर माह की शुरुआत तक सब्जियों में तेजी बनी रहेगी। लोगों को त्योहारी सीजन में महंगाई से राहत नहीं मिलेगी।



**नवंबर माह में मिलेगी महंगाई से राहत**

**त्योहारी** सीजन में महंगाई से जूझ रहे उपभोक्ताओं को नवंबर माह से सब्जियों में आई महंगाई से राहत मिलने लगेगी, क्योंकि नवंबर की शुरुआत में स्थानीय क्षेत्रों में टोंक, सवाईमाधोपुर, फागी, चौमूं, जमवारामगढ़ सहित स्थानीय क्षेत्रों से सब्जियों की आवक बढ़ेगी। इससे महंगाई कम होने की उम्मीद है।

**फल एवं सब्जियों के भाव**

**सब्जी**

| | मंडी भाव | फुटकर भाव |
|---|---|---|
| आलू | 15-18 | 20-30 |
| प्याज | 35-40 | 45-50 |
| मिर्च | 25-30 | 60-80 |
| भिंडी | 40-45 | 50-80 |
| फूल गोभी | 50-55 | 60-80 |
| पत्ता गोभी | 15-20 | 40-60 |
| बैंगन | 25-30 | 60-70 |
| टिंडा | 80-85 | 100-120 |
| धनिया | 80-100 | 200-240 |
| टमाटर | 32-35 | 50-70 |
| नींबू | 45-50 | 100-120 |
| अदरक | 55-60 | 60-120 |

**फल**

| | मंडी भाव | फुटकर भाव |
|---|---|---|
| नासपाती | 15-20 | 30-35 |
| सेब | 45-70 | 100-200 |
| अनार | 80-120 | 100-200 |
| नासपाती | 30-50 | 100-300 |
| मौसमी | 28-30 | 50-60 |

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। सम्पादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी : जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/012/2018-20